स्पष्ट आवाज़

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

लखनऊ
शुक्रवार, 1 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 245 पृष्ठ: 12

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

आदिवासियों को परिपूर्णता से जीना चाहिए अपना जीवन ...पेज-12

Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 I Service: +91 8009090093

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)

सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977

हर मुसीबत से बचाना ही मोदी की गारंटी : मोदी

●भंडारण को लेकर दुनिया की सबसे बड़ी योजना लाएंगे

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वर्चुअली जुड़कर 17,500 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें दो हजार करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही उज्जैन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण किया।

इस वैदिक घड़ी के जरिये मुहूर्त भी देखे जा सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की जनता ने ही अबकी बार 400 पार का नारा दिया है। जनता का ये विश्वास भाव-विभोर करने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि गरीब को हर मुसीबत से बचाना ही मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि आज चारों तरफ एक ही बात सुनाई देती है। अबकी बार 400 पार। पहली बार ऐसा हुआ है, जब जनता ने खुद अपनी प्रिय सरकार की वापसी के लिए ऐसा नारा बुलंद कर दिया है। ये नारा बीजेपी ने नहीं, बल्कि देश की जनता जनार्दन का दिया हुआ है। मोदी ने कहा कि गरीब को हर मुसीबत से बचाना ही मोदी की गारंटी है। एमपी का युवा चाहता है कि एमपी देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में से एक बने। मैं एमपी के नौजवानों को कहूंगा कि आपके लिए बीजेपी सरकार नए अवसर बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रही। आपके सपने ही मोदी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया का मजबूत स्तंभ बनेगा। मुरैना के सीतापुर में मेगा लेजर एंड फुटवेयर क्लस्टर, इंदौर में रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री के लिए पार्क, मंदसौर में इंडस्ट्रियल पार्क का विस्तार, धार में इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण इसी दिशा में उठाए जा रहे कदम है।

कांग्रेस की सरकारों ने मैन्युफैक्चरिंग की हमारी पारंपरिक ताकत को भी बर्बाद कर दिया था। खिलौना बनाने की हमारी बड़ी परंपरा रही है। स्थिति यह थी कि कुछ साल पहले तक हमारे बाजार और घर विदेशी खिलौनों से भरे पड़े थे। हमने देश के खिलौने बनाने वाले पारंपरिक परिवारों को विश्वकर्मा परिवार के तौर पर मान्यता दी। विदेशों से खिलौनों का आयात कम हो गया है। जितने खिलौने हम आयात कर रहे थे, उससे दोगुना हम निर्यात कर रहे हैं। बुधनी के खिलौना बनाने वालों के लिए अनेक अवसर मिलने वाले हैं। इससे खिलौना निर्माण को बल मिलेगा। जिन्हें कोई नहीं पूछता है, उन्हें मोदी पूछता है। 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होने वाला है। इच्छापुर से इंदौर तक फोन लेन बनने से श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। रेल परियोजनाओं से भी मध्य प्रदेश की कनेक्टिविटी सशक्त होगी। पीएम मोदी ने कहा कि खेती, उद्योग और टूरिज्म पर फोकस कर रही है।

मां नर्मदा पर बन रही तीन जल परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। इनसे सिंचाई और पेयजल की समस्याओ का निराकरण होगा। मध्य प्रदेश में केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड के लाखों परिवारों का जीवन बदलने वाला है। किसानों के खेत तक पानी पहुंचता है तो इससे बड़ी सेवा क्या हो सकती है? भाजपा सरकार और कांग्रेस की सरकार के बीच का क्या अंतर होता है, इसका उदाहरण सिंचाई परियोजना भी है। 2014 से पहले के दस वर्षों में देश में लगभग 40 लाख हैक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई के दायरे में लाया गया था। बीते दस वर्ष के हमारे सेवाकाल में हमने दोगुना लगभग 90 लाख हैक्टेयर खेती को सूक्ष्म सिंचाई से जोड़ा गया है। यह दिखाता है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता क्या है, यह दिखाता है कि भाजपा सरकार यानी गति भी और प्रगति भी। पीएम मोदी ने कहा कि छोटे किसानों की एक और बड़ी परेशानी गोदाम की कमी की रही है। इसके कारण छोटे किसानों को औने-पौने दाम पर अपनी उपज मजबूरी में बेचनी पड़ती थी।

हम भंडारण से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी योजना पर काम कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में देश में हजारों की संख्या में बड़े गोदाम बनाए जाएंगे। 700 लाख मीट्रिक टन अनाज के भंडारण की व्यवस्था देश में बनेगी। इस पर सरकार सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने जा रही है।

संक्षिप्त आवाज़

शेयर बाजार में लौटी तेजी

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर समूह को छोड़कर लगभग सभी समूहों में हुयी लिवाली के बल पर आज शेयर बाजार में फिर से तेजी लौटी और इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त बनाने में सफल रहा।बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 195.42 अंकों की बढ़त के साथ 72500.30 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 31.65 अंकों की तेजी लेकर 21982.80 अंक पर रहा।

अवनीश अवस्थी का बढ़ा कार्यकाल

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ के सलाहकार, सेवानिवृत्त आईएएस अवनीश अवस्थी का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 तक बढ़ा दिया गया है। बताते चलें कि अवनीश अवस्थी को तीसरी बार सेवा विस्तार दिया गया है। इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रशासनिक कार्यों में सहयोग देने लिए सलाहकार के तौर पर अवनीश अवस्थी को सेवा विस्तार दिया गया है। गौरतलब है कि इसके पहले रिटायर्ड आईएएस अवनीश अवस्थी को उनकी नियुक्ति के लिए सृजित अस्थाई पद की निरंतरता 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक के लिए बढ़ाई गई थी।

राजपाट नहीं मिला तो होली नहीं मनाऊंगा : राजभर

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बयान दिया है कि अगर राजपाट न मिला तो मैं होली नहीं मनाऊंगा। उन्होंने कहा कि भर जाति का राजपाट होली के दिन ही गया था इसलिए मैं होली नहीं मनाऊंगा। राजभर के एनडीए में शामिल हुए कई महीने गुजर चुके हैं लेकिन अभी तक यूपी सरकार में उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया है। वह सार्वजनिक तौर पर कई बार अपनी हताशा जाहिर कर चुके हैं और अब उन्होंने होली न मनाने की बात कही है। राज्यसभा चुनाव में सुभासपा के एक विधायक द्वारा क्रॉस वोटिंग करने पर राजभर ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुभासपा के सिंबल पर अपना प्रत्याशी लड़ाया था उसी ने क्रॉस वोटिंग की है। हम उसकी सदस्यता खत्म कर देंगे। राजभर ने अपने अंदाज में कहा कि बात कहता हूं मैं खरा, गोली चले चाहे छर्रा।

जाति व धर्म के आधार पर कैदियों को अलग नहीं किया जाए : गृह मंत्रालय

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा है कि कैदियों को उनकी जाति और धर्म के आधार पर अलग नहीं किया जाए और उन्हें जेल की रसोई का काम संभालने जैसे कार्य देने में इस आधार पर भेदभाव बंद होना चाहिए। गृह मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कुछ राज्यों के जेल 'मैनुअल' में कैदियों को उनकी जाति और धर्म के आधार पर अलग-अलग रखने का उल्लेख है और उन्हें जेल में उसी आधार पर काम सौंपे जा रहे हैं।

तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला यूपी होगा पहला राज्य

सौगात

●सीएम ने किया 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण

●लोगों को प्रशिक्षित कर मदद के लिए करें प्रेरित

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ किया।

इस दौरान सीएम योगी ने विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की। वही सीएम योगी ने कहा की संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित हैं। इसी को ध्यान में रखकर वर्ष 1944 में प्रदेश में विभाग का गठन किया गया। वर्ष 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज हम प्रदेश में तेजी के साथ तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। हमने कानून व्यवस्था में व्यापक रिफॉर्म के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। साथ ही उनके आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम आगे बढ़ाए गए हैं। उसी का परिणाम है कि प्रदेश में आज अग्निशमन विभाग प्रदेश की इमरजेंसी सेवाओं में एक बेहतरीन सेवा प्रदान करने के लिए अपने आप को तैयार कर रहा है। हमने विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों में विभाग के आधुनिकीकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं साथ ही समयबद्ध तरीके से विभाग में अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके परिणाम सभी के सामने हैं। पहले अक्सर उद्यमी एनओसी को लेकर शिकायतें करते थे। हमने उसमें कई बदलाव कर उसे सरल किया। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। फायर टेंडर के रिस्पांस टाइम को कम से कम करने पर जोर होना चाहिये ताकि जन-धन की हानि को कम से कम किया जा सके। पिछले कुछ वर्षों में इसमें काफी सुधार भी हुआ है। यही वजह है कि 33,000 से अधिक अग्नि दुर्घटनाओं में 3,780 जनहानि को रोका गया। साथ ही 5000 से अधिक पशुओं के साथ ही 150 करोड़ रुपये की संपत्ति को नष्ट होने से बचाया गया। इसके अलावा विभाग तेज लू के दौरान फसलों में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए सदैव खड़ा रहता है। इसे ही ध्यान में रखते हुए हमने आपात सेवाओं का उच्चीकरण करने का कार्य किया है। आज एसडीआरएफ की छह कंपनियां काम कर रही हैं। साथ ही साथ प्रदेश के अंदर स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन करते हुए महत्वपूर्ण इमारतों और संस्थाओं की सुरक्षा के दायित्व को पूरा किया है। इन प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए प्रदेशवासियों, निवेशकों और टूरिस्ट के विश्वास को और मजबूत करना है। इसी के तहत पहले चरण में जनपद स्तर और दूसरे चरण में तहसील स्तर पर एक से डेढ़ वर्ष में फायर स्टेशन स्थापित हो जाएंगे।

सीरियल बम ब्लास्ट केस में करीम टुंडा बरी

●अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो आतंकवादियों को दोषी माना

अजमेर। सीरियल बम ब्लास्ट केस में अजमेर की टाडा कोर्ट ने आतंकी अब्दुल करीम टुंडा को बरी कर दिया है। जबकि, इरफान और हमीमुद्दीन को दोषी माना गया है। सीरियल बम ब्लास्ट केस में करीब 30 साल बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

अजमेर की टाडा कोर्ट के जज महावीर प्रसाद गुप्ता ने सैकड़ों गवाहों, सबूतों और सालों चली बहस के बाद आतंकी अब्दुल करीम टुंडा पर फैसला सुनाते हुए उसे बरी कर दिया। अब्दुल करीम टुंडा के एडवोकेट शफकत सुल्तानी ने बताया कि सीबीआई कोर्ट द्वारा लगाए गए आरोप कोर्ट ने नहीं माने और करीब को बरी कर दिया। वहीं, अन्य दो आरोपी इरफान और हमीमुद्दीन को न्यायालय ने दोषी माना है, उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई है। दसअसल, सीरियल बम ब्लास्ट केस में आज आने वाले फैसले को लेकर सुबह से ही सरगर्मी बढ़ी हुई थी। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस की टीम आतंकी करीम टुंडा, हमीदुद्दीन और इरफान को लेकर टाडा कोर्ट पहुंची। आर्तकियों की सुरक्षा को लेकर भी टाडा कोर्ट के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी सीबीआई

एडवोकेट भवानी सिंह रोहेला ने कहा कि मामले में सीबीआई की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। वकील ने कहा कि टुंडा के जो मुकदमे जिस कोर्ट में है, उसे वहां भेजा जाएगा। कोर्ट के तलब करने पर उसे वही भेजा जाएगा। कुछ में टुंडा को सजा हो चुकी है। इरफान और हमीदुद्दीन को उनके बयानों और सबूत के आधार पर सजा दी गई है। टाडा कोर्ट से वर्तमान में प्रकरण खत्म हो गया है। अगर मामले में कोई अन्य आरोपी सामने आता है तो उसमें जांच की जाएगी।

भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद पी रामुलु

नई दिल्ली। तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर रामुलु के साथ बीआरएस के कुछ अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए।

रामुलु तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार में खेल व युवा मामलों के मंत्री भी रहे हैं।

गरीबों को प्रताड़ित करना भाजपा के अन्यायकाल की सच्चाई

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अतिक्रमण विरोधी अभियान में 'रैट होल माइनर वकील हसन का मकान तोड़े जाने को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि गरीबों को प्रताड़ित एवं अपमानित करना भाजपा के 'अन्यायकाल' की सच्चाई है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि जनता इस अन्याय का जवाब जरूर देगी। डीडीए ने बुधवार को दिल्ली के खजूरी खास इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जिसमें कई घरों को ढहा दिया गया। डीडीए के इस अभियान से बेघर होने वाले लोगों में वकील हसन भी शामिल हैं, जिन्हें पिछले साल नवंबर में अपनी टीम के साथ उत्तरकाशी की सिल्कयारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए सम्मानित किया गया था।

वकील हसन पेशे से रैट होल माइनर (सुरंग खोदने वाले) हैं। प्रियंका गांधी ने वकील हसन की पत्नी का वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, वकील हसन ने अपनी जान जोखिम में डालकर उत्तरकाशी में सुरंग में फंसे मजदूरों की जान बचाई थी।

छह महीने में खुद रद्द नहीं हो जाता किसी मामले में दिया स्टे ऑर्डर : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने स्टे ऑर्डर को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। इसी के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 के अपने ही उस आदेश को पलट दिया है, जिसके तहत पहले हाईकोर्ट और निचली अदालत की तरफ से स्टे के अंतरिम आदेशों को, जब तक कि विशेष रूप से उन्हें बढ़ाने का आदेश न स्पष्ट हो, छह महीने बाद अपने आप रद्द मान लिया जाता था। तब सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि किसी अंतरिम स्टे ऑर्डर को बढ़ाने के लिए अदालतों (हाईकोर्ट या निचली अदालतों) को स्पष्ट आदेश जारी करने होंगे। सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के फैसले के मुताबिक, अब किसी कोर्ट की तरफ से आपराधिक और दीवानी मामलों में दिए गए स्टे ऑर्डर अपने आप छह महीने में खत्म नहीं होंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ इस विषय को लेकर दिशानिर्देश जारी करते हुए यह भी कहा गया है कि संवैधानिक अदालतों, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स को मामलों के निपटारे के लिए समयसीमा तय करने से बचना चाहिए। ऐसा सिर्फ असाधारण

स्थितियों में ही किया जाना चाहिए। पीठ इस मामले में दो अलग-अलग, लेकिन सहमति वाले फैसले सुनाए। जस्टिस एएस ओका ने कहा कि संवैधानिक अदालतों को मामलों का फैसला करने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जमीनी स्तर के मुद्दे केवल संबंधित अदालतों को ही पता होते हैं और ऐसे आदेश केवल असाधारण परिस्थितियों में ही पारित किए जा सकते हैं। जस्टिस ओका ने खुद और सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा के लिए फैसला लिखा। उन्होंने कहा कि स्टे ऑर्डर अपने आप रद्द नहीं हो सकते। जस्टिस पंकज मित्तल ने मामले में एक अलग, लेकिन सहमति वाला फैसला लिखा।

हिमाचल प्रदेश : कांग्रेस के 6 विधायकों की सदस्यता रद्द

शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बृहस्पतिवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। विधायकों ने सदन में वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप का उल्लंघन किया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। पठानिया ने बुधवार को विधायकों की अयोग्यता पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि विधायकों ने कांग्रेस व्हिप की अवहेलना की जिसके कारण उन दलबदल विरोधी कानून लागू होता है क्योंकि वे पार्टी के टिकट पर चुने गए थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ये छह विधायक अयोग्य घोषित किए जाते हैं और ये तत्काल प्रभाव से हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सदस्य नहीं रहेंगे।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को कैबिनेट की मंजूरी

नई दिल्ली। मोदी कैबिनेट ने गुरुवार 29 फरवरी को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300-300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने सूर्यघर योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इसके तहत रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने वाले एक करोड़ परिवारों को 15 हजार रुपए की सालाना आमदनी भी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी 2024 को इस योजना को लॉन्च किया था।

देश में पहला सेमीकंडक्टर फैब बनेगा : मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फैसला लिया है कि देश में पहला कॉमर्शियल सेमीकंडक्टर फैब बनाया जाएगा। यह सेमीकंडक्टर फैब टाटा और ताइवान की कंपनी पावरचिप के सहयोग से बनेगा।

फैब में 50 हजार वेफर्स हर महीने बनेंगे। एक वेफर के अंदर 5 हजार चिप होती हैं। इस लिहाज से फैब में साल में 300 करोड़ चिप बनेंगी। ये चिप 8 सेक्टर्स को भेजी जाएंगी। ये चिप्स हाईपावर कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, टेलीकॉम, डिफेंस, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में ये चिप लगेंगी।

शेख शाहजहां 10 दिन की पुलिस रिमांड पर

●बेल के लिए पहुंचा वकील तो हाईकोर्ट बोला- उसे कस्टडी में ही रहने दो, हमें हमदर्दी नहीं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां को बशीरहाट कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। शेख को बंगाल पुलिस ने गुरुवार सुबह नॉर्थ 24 परगना के मीनाखान इलाके से उसे गिरफ्तार किया था। वह 55 दिन से फरार था। शाहजहां की गिरफ्तारी को लेकर साउथ बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने कहा कि वह 5 जनवरी को ईडी अफसरों पर हुए हमले के मुख्य आरोपियों में शामिल था। उसे इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद शेख शाहजहां के वकील जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने कहा कि उसे गिरफ्तार ही रहने दो। अगले 10 साल तक ये आदमी आपको बहुत व्यस्त रखेगा। आपको इस केस के अलावा कोई और चीज देखने का मौका नहीं मिलेगा। उसके खिलाफ 42 केस दर्ज हैं। वो फरार भी था। जो कुछ भी आपको चाहिए, आप सोमवार को आइए। हमारे पास उसके लिए कोई सहानुभूति नहीं है। जब सुप्रतिम सरकार से पूछा गया कि क्या शेख शाहजहां पर सेक्शुअल असॉल्ट का कोई मामला है, तो उन्हें बताया कि इस गिरफ्तारी में सेक्शुअल असॉल्ट का कोई मामला नहीं है। शाहजहां के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं। 7, 8 और 9 फरवरी को जो मामले दर्ज हुए हैं, वे सभी 2-3 साल पहले की घटनाओं के हैं, पर जांच-पड़ताल में समय लगेगा।

शेख 6 साल के लिए टीएमसी से निलंबित : अब संदेशखाली के आरोपी शेख शाहजहां को गिरफ्तारी के बाद तृणमूल कांग्रेस ने 6 साल के लिए निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही ममता सरकार अब पूरे मामले की जांच सीआईडी से करवाने का ऐलान किया है।

संदेशखालि मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगी अदालत: कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई या एसआईटी से कराने की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर वह सोमवार को सुनवाई करेगा। उच्च न्यायालय संदेशखाली में महिलाओं की तरफ से टीएमसी नेताओं पर लगाए गए यौन उत्पीड़न और आदिवासियों से जमीन छीनने के आरोपों पर पहले ही संज्ञान ले चुका है। इस पूरे मामले पर सुनवाई के लिए चार मार्च की तारीख मुकर्रर की है। याचिकाकर्ता वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कोर्ट से अपील की कि वह इस जनहित याचिका की सुनवाई कोर्ट की स्वतः संज्ञान के साथ करे।

कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवाग्ननम की डिविजनल बेंच ने कहा कि वह सोमवार को मामले पर सुनवाई करेंगे। बेंच में शामिल जस्टिस हिरनमय भट्टाचार्य ने याचिकाकर्ता को मामले में वादियों को नोटिस जारी करने के लिए कहा।

अर्थ आवाज़

ऋषिराज सिंह महाविद्यालय ने मनाया 5वां वार्षिकोत्सव

सुल्तानपुर। गुरुवार को ऋषिराज सिंह महाविद्यालय ने वार्षिकोत्सव मनाया जिसमें सम्मान व पुरस्कार वितरण किया। कटकाखानपुर सुल्तानपुर के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान ऋषिराज सिंह महाविद्यालय में के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि प्रो विनोद कुमार सिंह सदस्य उप्र उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग विशिष्ट अतिथि शेषमणि मिश्र रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित से हुआ। समारोह में महाविद्यालय के प्रबन्धक अमरनाथ सिंह, निदेशक इं गौरव सिंह, प्राचार्य डॉ विनोद कुमार यादव रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय में आयोजित अन्तर्जनपदीय समान्य-ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ककौन्तेय पाण्डेय कमला केशव सरस्वती विम के छात्र को पुरस्कार में 5100/-मेडल शील्ड व प्रमाणपत्र, दूसरे स्थान पर रहे, अनुराग वर्मा चन्द्र शेखकर वेंकट रमन इं का को 3100/- प्रमाण पत्र, शील्ड मेडल प्रदान किया। तीसरा स्थान पर छात्रा सेजल यादव को 2100/-रु प्रमाण-पत्र, शील्ड, मेडल प्रदान किया। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 23 की मुख्य परीक्षा में महाविद्यालय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान किया। मुख्य अतिथि ने कहा उच्च शिक्षा के चंद वर्षों का सदुउपयोग कर लक्ष्य तक पहुँच सकते है। ऋषिराज सिंह महाविद्यालय में 444 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरित किया गया।

कोलगेट का ब्राइट स्माइल्स, ब्राइट फ्यूचर्स प्रोग्राम पेश

कानपुर। कोलगेट अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम ब्राइट स्माइल्स, ब्राइट फ्यूचर्स द्वारा एक अरब लोगों को स्माइल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। 1976 में शुरू हुआ यह प्रोग्राम भारत में 171 मिलियन से अधिक बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला चुका है। उनमें आवश्यक ओरल केयर की आदतों का विकास, तंबाकू छोड़ने की जागरूकता और ओरल हेल्थ के लिए अच्छे पोषण का विकास कर रहा है। इस प्रोग्राम को ज्यादा प्रभावशाली बनाने के लिए कोलगेट ने यूनिसेफ इंडिया द्वारा पोषित, इम्पैक्ट 4 न्यूट्रिशन के साथ साझेदारी की है, जो पोषण के लिए प्रसिद्ध ज्ञान एवं संसाधन मंच है। इसका लक्ष्य 25 तक 10 मिलियन बच्चों तक पहुँचना और देश में ओरल केयर की बेहतर आदतों का विकास करना है। अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए कोलगेट 12+ राज्यों और 250+ जिलों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थित 25,000+ स्कूलों तक पहुँचकर 6-15 वर्ष की आयु के बच्चों के बीच जाएगा। वर्तमान में बीएसबीएफ प्रोग्राम एनजीओ पार्टनर भारत केयर्स संग कर्नाटक, तमिलनाडु, यूपी, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, पंजाब और राजस्थान में चल रहा है। सीपी इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ प्रभा नरसिम्हन ने कहा यह साझेदारी एक स्वस्थ भविष्य के लिए विज्ञान द्वारा लाए गए इनोवेशंस की मदद से ओरल हेल्थ में सुधार लाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

27 से ऑटोनोमस-ड्राइव मोबिलिटी सर्विस देगी निसान

नयी दिल्ली। निसान मोटर कंपनी लि ने जापान में अपनी इनहाउस-डेवलप्ड ऑटोनोमस-ड्राइव1 मोबिलिटी सर्विसेज को वाणिज्यिक रूप से शुरू करने के लिए रोडमैप की घोषणा की। यह कंपनी के दूरगामी विजन निसान एम्बिशन 2030 को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत जापान में स्थानीय लोगों के समक्ष आने वाली परिवहन सेवाओं से संबंधित समस्याओं को दूर करते हुए मोबिलिटी सर्विसेज को मजबूती देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यहां के स्थानीय समुदायों को ड्राइवरों की कमी समेत मोबिलिटी से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तेजी से बुजुर्ग हो रही आबादी इसका बड़ा कारण है। अपनी ऑटोनोमस-ड्राइव मोबिलिटी सर्विस के माध्यम से निसान कई ऐसी सेवाएं प्रदान करेगी, जिनसे आसानी से आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी। निसान 2017 से ही जापान और अन्य देशों में मोबिलिटी सेवाओं के लिए बिजनेस मॉडल्स का परीक्षण कर रही है। इनमें योकोहामा का मिनाटो मिराई क्षेत्र और फुकुशिमा का नेमी कस्बा शामिल हैं, जहां नेमी स्मार्ट मोबिलिटी के नाम से मैन्ड मोबिलिटी सर्विस 2021 से परिचालन में है।

आइडेमिया ने बायोडायवर्सिटी पार्क में 15,000 पौधे लगाए

नोएडा। आइडेमिया इंडिया फाउंडेशन को नोएडा के फेज़ 2 में पूर्व में औद्योगिक डंपिंग ग्राउंड रही 3.8 एकड़ भूमि को एक समृद्धशाली बायोडायवर्सिटी पार्क में तब्दील करते हुए हर्ष हो रहा है। यह पर्यावरण संरक्षण और समुदाय के कल्याण को लेकर इसकी दृढ़ प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। नोएडा प्राधिकरण और गिव मी ट्री फाउंडेशन के गठबंधन में हमारी टीम ने 70 से अधिक प्रजाति के 15,000 पौधों का रोपण किया जो उस क्षेत्र के पारिस्थितिकीय परिदृश्य को समृद्ध बनाने में बड़ा कीर्तिमान है। पूर्व में अपने औद्योगिक डंपिंग यार्ड के इतिहास को लेकर कलंकित इस स्थान पर कठिन चुनौतियां थी जिसमें गहराई से बैठे औद्योगिक रसायन और जमा मलबा शामिल था। इन बाधाओं से पार पाने में छह महीने का समर्पित प्रयास लगा जो सफाईपूर्वक सफाई, चारों ओर से घिरे मलबे को हटाने और प्लास्टिक हटाने पर केंद्रित रहा। यहां पर विविध प्रकार की वनस्पति और जीव टिक सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए मिटटी को फिर से उपजाऊ बनाने के गहन प्रयास किए गए। इस भूमि का पुनरुद्धार आइडेमिया के कर्मचारियों के निवेश, समय व ऊर्जा से संभव हो सका।

शालीमार कलरोथॉन लखनऊ में कला का अनूठा संगम

लखनऊ। कला प्रेमियों के लिए कलरोथॉन शालीमार कॉर्प के सहयोग से कला उत्सव का आयोजन 3 मार्च को गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में किया जायेगा। इस बहुप्रतीक्षित कला उत्सव में हर उम्र के लोग शामिल होकर कला की इंद्रधनुषी दुनिया का आनंद उठा सकते हैं। इस मेगा आर्ट इवेंट के आयोजन की घोषणा शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर कुणाल सेठ, वैज्ञानिक मिलिंद राज, अहमद शरीफ और शम्स वारसी संस्थापक और सह-संस्थापक मैनेजिंग ट्रस्टी कलरोथॉन फाउंडेशन और डॉ. वंदना सहगल डीन एंड प्रिंसिपल फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, एकेटीयू ने गुरुवार को कार्यक्रम की जानकारी दी। कलरोथॉन सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि रंगों का उत्सव है जो भावनाओं, विचारों और अभिव्यक्तियों को उजागर करता है। कलाकारों, चित्रकारों और स्केचिंग के शौकीन लोगों के लिए यह एक कैनवास है जहाँ वे अपनी कल्पनाओं को रंगों में उतार सकते हैं। लाइव संगीत और मनमोहक प्रदर्शनों के बीच कलरोथॉन प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का मंच प्रदान करता है। यह ऐसा अवसर है जहाँ आप अपनी कला के माध्यम से खुद को व्यक्त कर सकते और रंगों की दुनिया में खो सकते हैं। कुणाल ने कहा कलरोथॉन में निःशुल्क प्रवेश है। कार्यक्रम सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व सलाहकार गौरव सम्मानित

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व सलाहकार गौरव द्विवेदी इंडिया यूके अचीवर्स ऑनर्स-24 में सोसाइटी एवं पॉलिसी वर्ग में फाइनलिस्ट्स में शामिल हुए हैं। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एल्युम्नी यूनियन यूके (एनआईएसएयू) की ब्रिटिश काउंसिल भारत में और यूके गवर्नमेंट डिपार्टमेंट फॉर बिजनेस एंड ट्रेड की साझीदारी में की गई इस पहल का उददेश्य अध्ययन के ब्रिटिश प्रोग्राम की पढ़ाई करने और अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर समाज में उल्लेखनीय योगदान करने वाले भारतीय विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्रों की पहचान कर भारत-ब्रिटेन शैक्षणिक संबंधों का जश्न मनाना है। इंडिया यूके अचीवर्स ऑनर्स का महत्व रेखांकित करते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा सबसे पहले मैं इस विशेष ब्रिटेन-भारत साझीदारी की हिमायत करने के लिए सभी को धन्यवाद करता हूं। मुझे यह देखकर खुशी है कि दूसरी बार आप असाधारण भारतीय प्रतिभा प्रदर्शित कर रहे हैं जिसे ब्रिटेन में विकसित किया गया है। मैं ब्रिटेन-भारत साझीदारी को लेकर अत्यधिक गौरवान्वित हूं और 2023 का अचीवर्स ऑनर्स इस साझीदारी से निकले मजबूत परिणामों को रेखांकित करता है।

एचपी के भारत में नए ऑफिस जेट प्रो प्रिंटर्स लॉन्च

लखनऊ। एचपी ने विशेषरूप से भारत में एसएमबी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए ऑफिसजेट प्रो प्रिंटर्स की नई रेंज पेश की है। इस नवीनतम रेंज से अत्याधुनिक एवं सबसे भरोसेमंद, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल प्रिंटिंग सॉल्यूशंस मिलेंगे, जिसका उददेश्य उद्योगों की उत्पादकता बढ़ाना है। छोटे उद्यमी चाहे घर से, ऑफिस से या क्रिएटिव स्टूडियो से काम करें, उन्हें हर जगह से अपनी उत्पादकता को बेहतर करने में मदद मिलेगी। एचपी इंडिया के सीनियर डायरेक्टर, प्रिंटिंग सिस्टम्स सुनीश राघवन ने कहा बढ़ते डिजिटलाइजेशन और हाइब्रिड वर्कफोर्स के साथ भारत में एसएमबी तेजी से विकास कर रहे हैं। एचपी छोटे एवं मध्यम उद्यमों के समक्ष आने वाली अलग तरह की चुनौतियों से निपटने और इनोवेशन में उनकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी ऑफिसजेट प्रो सीरीज में ए3 प्रिंटिंग क्षमता, बड़ी टच स्क्रीन, इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी और कनेक्टिविटी जैसे कई फीचर्स हैं, जिन्हें विशेषरूप से भारत में एसएमबी की विविध जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह रेंज सुनिश्चित करती है कि सभी एसएमबी और हाइब्रिड वर्कर्स को एक आदर्श प्रिंटर सॉल्यूशन मिले तथा होम ऑफिस या बड़े ऑफिस जैसी किसी भी जगह से काम करते हुए उनकी उत्पादकता बढ़े एवं उनका विकास हो।

बेसिक एकेडमी 5000 ग्रेजुएट्स को रोजगार के अवसर देगा

लखनऊ। फिनटेक स्टार्ट-अप बेसिक होम लोन की स्किल डेवलपमेन्ट वेंचर बेसिक एकेडमी अगले तीन सालों में 5000 ग्रेजुएट्स को ट्रेनिंग देकर उन्हें अपस्किल कर नौकरी पाने में सहयोग प्रदान करेगी। खास तौर पर बैंकिंग सेक्टर में सरकार के आत्मनिर्भरभारत और कौशल भारत मिशन को समर्थन प्रदान करने के लिए बेसिक एकेडमी कॉलेज ग्रेजुएट्स को होमलोन उद्योग में करियर शुरू करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगी। स्किल डेवलपमेन्ट वेंचर के बारे में बेसिक होम लोन के संस्थापक अतुल मोंगा ने कहा एक अनुमान के मुताबिक होम लोन उद्योग अगले 3-4 सालों में 300 बिलियन साइज से दो गुना होकर 600 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। इस बीच जॉब ओपनिंग्स में बढ़ोतरी सेक्टर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपस्किलिंग के महत्व पर जोर देती है। बेसिक एकेडमी में हम 2024 में 1000 प्रोफेशनल्स को तथा अगले 3 सालों में 5000 प्रोफेशनल्स को अपस्किल करेंगे। हम बैंकिंग सेक्टर में उनके करियर के विकास के लिए मेंटर एवं पार्टनर की भूमिका निभाना चाहते हैं। बेसिक एकेडमी इन युवा प्रोफेशनल्स को अपने पैरेंट वेंचर बेसिक होम लोन या अपने पार्टनर बैंकों में नौकरी पाने में भी मदद करेगी।

गठबन्धन को कमजोर करने के लिये सरकार सीबीआई और ईडी का कर रही इस्तेमाल : तनुज

■सीबीआई द्वारा अखिलेश यादव को नोटिस भेजने के मामले में व्यक्त की प्रतिक्रिया

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज) । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं लोकसभा क्षेत्र 53 बाराबंकी (सु.) के इण्डिया गठबन्धन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को सीबीआई द्वारा नोटिस भेजे जाने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्ति की है । उन्होंने घटना की तीव्र निंदा करते हुए इसे भाजपा की हार का एहसास बताया है।

कहा कि इण्डिया गठबन्धन की लोकप्रियता से भाजपा को अपनी हार का एहसास हो गया हैं।

गठबन्धन को कमजोर करने के लिये सरकार सी.बी.आई. और ई.डी. का इस्तेमाल कर रही हैं। परन्तु इण्डिया गठबन्धन का कोई सहयोगी या कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी का नेता कार्यकर्ता भाजपा की गन्दी राजनीति से भयभीत होने वाला नही बल्कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सी.बी.आई. समन के बाद इण्डिया गठबन्धन को और मजबूती मिली हैं।

इंडिया गठबंधन से डॉ अरविंद रावत ने पेश की दावेदारी

शुक्रवार को गांधी भवन में प्रेस वार्ता आयोजित कर डॉ अरविंद रावत ने इंडिया गठबंधन से बाराबंकी सुरक्षित लोकसभा सीट पर टिकट की दावेदारी पेश की है उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वह कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता हैं । देश और प्रदेश की जनता भाजपा के असली चेहरे को पहचान गयी हैं और चुनाव में उनका करारा जवाब देकर परास्त करेंगी।

कथा के तीसरे दिन नृसिंह अवतार का हुआ वर्णन

रामसनेहीघाट बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। तहसील क्षेत्र के सिल्हौर मे लालेश्वर चेतन दास महाराज जी की कृपा से वर्तमान प्रधान जवाहर लाल तिवारी के निवास पर चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को चित्रकूट धाम से पधारे कथा व्यास मनोज शास्त्री जी महाराज ने भगवान नृसिंह अवतार का प्रसंग सुनाया। शास्त्री ने बताया कि पूर्व काल में दैत्य राज पुत्र महाबली हिरण्यकश्यप ने ब्रह्माजी के वर से गर्व युक्त होकर संपूर्ण त्रिलोकी को अपने वश में कर लिया। भक्त प्रहलाद एक दिन अपने गुरु के साथ पिता के पास गए। उस समय पिता मद्यपान कर रहे थे। तब अपने चरणों में झुके हुए अपने पुत्र प्रहलाद को गोद में उठाया। प्रहलाद ने अपने पिता से हरि का नाम लेने को कहा तो दैत्य राज ने उसे गोद से उठाकर दूर फेंक दिया। उसे मारने के अनेक प्रयास किए। एक दिन भक्त प्रहलाद अपने सह पाठियों के साथ हरि का नाम ले रहा था। उसकी आवाज दैत्यराज के कानों में पहुंची तब दैत्यराज ने आकर कहा कि तेरा हरि कहां है तो प्रहलाद ने कहा कि मेरा हरि तो कण-कण में विद्यमान है। दैत्यराज ने कहा कि इस पत्थर नुमा खंभे में हरि कहां हैं, तभी भगवान प्रहलाद की लाज रखने के लिए उस खंभे में से निकल कर भगवान ने नृसिंह अवतार लिया ओर दैत्यराज का वध कर दिया। इस अवसर पर तेज नारायण तिवारी, अमित तिवारी, रोहित तिवारी, राम गोपाल तिवारी,नंदकुमार तिवारी,रामू तिवारी, आदर्श तिवारी, सूर्यनारायण तिवारी, अनुज तिवारी, अरविन्द तिवारी , विवेक तिवारी, सूरज तिवारी,मुन्ना शुक्ला समेत सैंकड़ों भक्त मौजूद रहे।

नवभारत नवनिर्माण मंच पर राष्ट्रीय प्रगति पर चर्चा

लखनऊ। गुरुवार को नवभारत नवनिर्माण मंच यूपी-24 का आयोजन किया गया। यूपी के हालिया विकास की गति और राष्ट्रीय प्रगति में राज्य के योगदान की भूमिका को संबोधित करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ, अखिलेश यादव, सपा नेता और पूर्व सीएम, जयवीर सिंह, पर्यटन मंत्री, यूपी, संदीप सिंह, शिक्षा मंत्री, अजय राय, अध्यक्ष यूपीसीसी, बेबी रानी मौर्य महिला एवं बाल विकास मंत्री यूपी, दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य सचिव उ प्र, और हाजी कमरुददीन, एमडी, सर्वोकॉन +एमएसएमई, और अन्य लोगों ने राज्य के मामलों पर चर्चा की। नवभारत नवनिर्माण मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा नए यूपी में एक नया अयोध्या आ रहा है और एक नया भारत। 5 वर्षों बाद अयोध्या में भगवान राम की उपस्थिति एक ऐतिहासिक क्षण है, मैं आप सभी से इसे संजोने का आग्रह करता हूं।

योगी आदित्यनाथ ने ठोस आंकड़ों और नवीनतम जमीनी रिपोर्ट के आधार पर राज्य में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों को स्पष्ट किया। टाइम्स नाउ नवभारत राष्ट्र के प्रमुख हिंदी समाचार चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा यूपी एक ऐतिहासिक परिवर्तन के कगार पर है। राज्य में 10 लाख करोड़ रु से अधिक के निवेश के साथ, हम एक नए युग का जन्म देख रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा आज जब हम प्रगति के शिखर पर खड़े हैं, यूपी ने जो ठोस प्रगति की है, उसे स्वीकार करना जरूरी है। हमारे बुनियादी ढांचे के विकास से लेकर हमारे औद्योगिक आधार के विस्तार तक। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकतंत्र बचाओ, 80 को हराओ, भाजपा हटाओ कथन के साथ लोकतंत्र के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विपक्षी विधायकों को जलेबी, रसगुल्ला और गुलाब जामुन कहकर लुभाने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला बोला। अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम के राजनीतिकरण पर खेद व्यक्त करते हुए मंदिर जाने के अपने इरादे की पुष्टि की।

सीएमएस अलीगंज का 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' आयोजित

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय प्रांगण में आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-सॉंस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों से विश्व एकता व विश्व शान्ति का अलख जगाया। स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना, विश्व संसद एवं गीत-संगीत, कव्वाली की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर छात्रों ने सार्वभौमिक जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व की सेवा के लिए तथा सभी चीजों में उत्कृष्टता विषय पर सारगर्भित विचार प्रकट कर विद्यालय में प्रदान की जा रही अनूठी शिक्षा पद्धति से अभिभावकों को अवगत कराया। समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्रों को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले छात्रों एवं वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। इससे पहले सीएमएस संस्थापिका डा. भारती गाँधी एवं विशिष्ट अतिथि कार्तिकेय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया एवं मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया।

मर्चेण्ट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर फॉड का शिकार हुए पीडित को वापस मिला पैसा

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। मर्चेण्ट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर फॉड कर 3,28,500 रुपये लेने पर साइबर थाना द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते में सम्पूर्ण धनराशि को वापस कराया ।पीडित राज पुत्र भरत लाल निवासी अर्जुनगंज नई बस्ती थाना गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ हाल पता कस्बा व थाना मसौली जनपद बाराबंकी ने बताया कि उनके साथ मर्चेण्ट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर आरटीजीएस व फोन पे के माध्यम से धोखाधड़ी कर कुल 3,28,500/- रूपये ले लिए गए। मामले में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा साइबर थाना को प्रकरण की गहन जांचकर पीड़ित की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराने हेतु निर्देशित किया गया।

सड़क को पार करते एक्सीडेंट मौके पर ही मौत

रामसनेहीघाट बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर दयाराम पुरवा निवासी राम-लखन पुत्र पल्टू उम्र लगभग 80 वर्ष सुचित की दुकान पर से घर के लिए लौट रहे थे कि सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिससे मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने संवाददाता को बताया कि हैदरगढ़ की ओर से अज्ञात ने टक्कर मारी जिससे कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।मृतक के एक पुत्र रामसनेही मजदूरी करके अपने तथा परिवार का गुजर बसर करता है। एक्सीडेंट के बाद पुलिस को सूचना देने पर पुलिस लगभग आधा घंटे बाद मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचकर मृतक को सीएचसी बनीकोड़र लेकर पहुंच गए हैं। जहां पुलिस ने कार्यवाही पूरी करके मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जायेगा।

दीपक मिश्रा बने बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के प्रांतीय मंत्री

गोला गोकर्णनाथ खीरी।बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन लखीमपुर खीरी के अध्यक्ष दीपक मिश्रा की संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए आज उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन लखनऊ की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रांतीय मंत्री के रूप में मनोनीत किया गया। प्रांतीय मंत्री के रूप में मनोनयन पर दीपक मिश्रा ने उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन लखनऊ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय तिवारी व महामंत्री शिवसागर शुक्ला व समस्त पदाधिकारीगण व सदस्यों का आभार व्यक्त किया। श्री मिश्र ने कहा कि वह संवर्ग के सदस्यों की समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे उन्होंने बताया कि हमारे 2011 के बाद नियुक्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष व महिला की इस समय सबसे बड़ी वेतन विसंगति 2800 ग्रेड पे को लेकर है जिसको हल कराने के लिए वह भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय लखनऊ ने 2011 के बाद नियुक्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष/ महिला को 2800 ग्रेड पे प्रदान करने के लिए आदेश कर दिया है जो शासन स्तर पर लंबित है उन्होंने सरकार से भी अनुरोध किया की प्रदेश में बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष एवं महिला को एक समान 2800 ग्रेड पे उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिया जाए। उन्होंने प्रदेश के समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष/ महिला, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पुरुष/ महिला का आभार व्यक्त किया।

बोर्ड परीक्षा में नहीं रुक रही है नकल

■नकल माफियाओं ने नकल कराने का बदला तरीका

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । नकल रोकने को सरकार चाहे जितना जतन कर ले लेकिन नकल पर रोक नहीं लग पा रही है तमाम उपायों को दर किनार कर नकल माफिया सक्रिय हैं सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सचल दस्ता परीक्षा केदो की खाक छान रहे है पर उन्हें नकलची व नकल माफिया ढूंढे नहीं मिल रहे हैं कारण साफ है की नकल माफियाओं ने आधुनिकता के इस युग में अपना तौर तरीका भी बदल दिया है पुराने पैटर्न के बजाय अब नए पैटर्न पर काम कर रहे हैं यही वजह है कि सचल दलो को इसकी भनक तक नहीं लग रही है । इस बात की पोल शनिवार को तब खुल गई जब स्पष्ट आवाज की टीम ने परीक्षा छूटने के बाद कई छात्रों से वार्ता की तब उन छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा जो महीना पहले से परीक्षा की तैयारी कर परीक्षाएं दे रहे हैं । नाम न छापने की बिना पर बताया कि नकल अब गाइड अथवा पर्ची के जरिए नहीं हो रही है बल्कि कोड बोलकर कराई जा रही है जिससे यह किसी के पकड़ में नहीं आ रहा है । ऐसे में जहां इन परीक्षार्थियों में निराशा है वही साल भर इधर-उधर घूम कर परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की बल्ले बल्ले है । पड़ताल में यह भी पता चला कि यह कोई एक परीक्षा केंद्र का हाल नहीं है बल्कि उन तमाम परीक्षा केदो पर यही व्यवस्था लागू है जिनकी केंद्र व्यवस्थापक से सांठगांठ है नतीजतन सचल दस्ता घूम टहलकर वापस लौट आता है और उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगती है ।

दोनों पालियों में अनुपस्थित रहे 3470 परीक्षार्थी

शुक्रवार को हुई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा में 3470 परीक्षार्थियों ने विभिन्न कारणों के चलते परीक्षाएं छोड़ दी । प्रथम पाली में हाई स्कूल के 2518 छात्र अनुपस्थित रहे तो वही इंटरमीडिएट द्वितीय पाली की परीक्षा में 952 परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं नहीं दी ।

मात्र एक नकलची गिरफ्तार

शुक्रवार को बड़ी परीक्षा होने के बावजूद सचल दस्ते को कोई बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी । निरीक्षण के दौरान मात्र एक नकलची छात्र पकड़ी गई जिसके विरुद्ध नकल अध्यादेश अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई । जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल की साइंस विषय की परीक्षा थी । परीक्षा के दौरान वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा संतोष मौर्य की टीम ने खिलाड़ी दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसवापुर में छापा मारा तो वहां एक छात्र नकल करते हुए पकड़ी गई जिस पर सचल दल द्वारा उक्त के विरुद्ध कार्रवाई की गई ।

नाम बदलने की सूचना

सर्व विदित हो कि मै. मो.रिजवान निवासी 504/91 टैगोर मार्ग, डालीगंज, लखनऊ का हूं मेरे पुत्र अरसलान सिद्दीकी के पासपोर्ट पर मेरा नाम रिज़वान सिद्दीकी लिख गया है जो कि पूर्ण तथा गलत है मेरा सही नाम मो.रिज़वान है।

नाम बदलने की सूचना

सर्व विदित हो कि मैं मो. रिजवान निवासी 504/91 टैगोर मार्ग डालीगंज लखनऊ का हूँ मेरे पुत्र अमान सिद्दीकी के पासपोर्ट पर मेरा नाम मोहम्मद रिजवान और मेरी पत्नी का नाम सबा रिजवान लिख गया है जो कि गलत है मेरा सही नाम मो. रिजवान और मेरी पत्नी का नाम सबा सिद्दीकी है।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है, कि मैं प्रमोद कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय राम बिलास सिंह निवासी ग्राम पूरे खोटे, मजरे सहनीपुर, परगना व थाना सरेनी, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली, अपनी पुत्री प्राची सिंह को अपनी चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। मैंने अपनी पुत्री का विवाह तय कर रखा था। इसके बावजूद मेरी पुत्री ने परिवार व रिश्तेदारों की बात ना मानते हुए विजातीय लड़के से शादी कर ली। अतः फरवरी महीने से ही मेरा ,मेरी बेटी से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।

न्याय पंचायत स्तर पर सामाजिक संगठन का गठन

■न्याय पंचायत स्तर पर बनाई गई समाजसेवा संगठन

रामसनेहीघाट बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। न्याय पंचायत रसूलपुर स्तर पर समाजसेवा संगठन का चयन किया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को हनुमान मंदिर (निकट पुलिस चौकी दिलावलपुर) के प्रांगण में एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसको लेकर गरीबों के हितों पर चर्चा करते हुए। एक समाज के हित में संगठन बनाने का निर्णय लिया गया। संगठन का विस्तार न्याय पंचायत रसूलपुर के वर्तमान प्रधान राम सुरेश गुप्ता व पूर्व प्रधान रसूलपुर व अन्य संभ्रांत लोगों ने के बीच हुआ।जिसमें सामूहिक रूप से एक नए स्वयंसेवी संगठन का गठन किया गया। जिसका नाम हाजीपुर प्रधान के द्वारा समाज सेवा संगठन का नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसको लेकर समस्त संभ्रांत लोगों ने समर्थन किया। यह संगठन बनाने का निर्णय राम प्रकाश रावत के द्वारा लिया गया। राम प्रकाश रावत ने गरीबों के हित के लिए संगठन बनाने की राय संभ्रांत लोगों के बीच रखी और लोगो ने इसका प्रस्ताव पास करते हुए समाजसेवा संगठन का नाम दिया। संभ्रांत लोगों ने संगठन का अध्यक्ष बृजराज सिंह को चुनते हुए सचिव नयाब अहमद व कोषाध्य बठौली प्रधान वासुदेव वर्मा को चुना है। राम प्रकाश रावत ने बताया यह संगठन बनाने का कारण समाज के हित में कार्य करना है। इस संगठन के नाम से बैंक में अध्यक्ष व सचिव कोषा अध्यक्ष का खाता खुलवाया जायेगा। इस संगठन जितने भी सदस्य रहेंगे वह प्रति माह 50 रुपए खाता मे जमा रकेंगे अगर भविष्य में किसी गरीब परिवार व संगठन के परिवार पर कोई आपदा आती है। तो संगठन के खाते से उस परिवार को रूपया निकालकर दिया जाएगा। वही रसूलपुर न्याय पंचायत के साथ ग्राम सभा में अध्यक्ष पद का पदभार ग्राम सभा के वर्तमान प्रधान को दिया गया। जिसमे रसूलपुर प्रधान रामसुरेश गुप्ता को पंचायत का अध्यक्ष व राजेंद्र साहू को कोषाध्यक्ष सचिव मंशाराम यादव को बनाया गया। इसी तरह रसूलपुर न्याय पंचायत की सात ग्राम पंचायत के लिए यह संगठन बनाया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में अध्यक्ष कोषाध्यक्ष, व सचिव का पद दिया गया है।

गोष्ठी में अधिकारियों ने दी गन्ना बुआई की जानकारी

वैश्विक टेक्सटाइल इण्डस्ट्री को भारत से बड़ी उम्मीदें: सीएम

● देश व प्रदेश के कपड़ा उद्योग तथा हस्तशिल्प से जुड़े उद्यमियों को एक व्यापक बाजार मिलेगा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत टेक्स-2024 में उत्तर प्रदेश को पार्टनर स्टेट बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यह चार दिवसीय आयोजन भारत मण्डपम तथा यशोभूमि में एक साथ किया गया है। प्रधानमंत्री जी की यह पहल अभिनन्दनीय है। इस आयोजन से देश व प्रदेश के कपड़ा उद्योग तथा हस्तशिल्प से जुड़े उद्यमियों को एक व्यापक बाजार मिलेगा। मुख्यमंत्री नई दिल्ली के भारत मण्डपम (प्रगति मैदान) में आयोजित भारत टेक्स-2024 में मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भारत टेक्स-2024 में देश के अलग-अलग हिस्सों और उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने भारत टेक्स-2024 के यू0पी0 पवेलियन में आए सभी बायर्स और विजिटर्स का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अन्तरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन टेक्सटाइल क्षेत्र की वर्तमान व भविष्य की सम्भावनाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। देश में कृषि क्षेत्र के बाद टेक्सटाइल क्षेत्र में ही रोजगार, विकास व तकनीक की सर्वाधिक सम्भावना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप अपने लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशोभूमि में प्रदेश के एक्जिबिटर्स द्वारा कुल 20 स्टॉल लगाए गए हैं। भारत मण्डपम (प्रगति मैदान) में प्रदेश की 46 वस्त्र इकाइयों द्वारा स्टॉलों पर अपने उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश द्वारा इस आयोजन में सिल्क, कारपेट, हैण्डीक्राफ्ट के साथ प्रदेश की परम्परागत उत्पाद जैसे 'एक जनपद एक उत्पाद योजना' के बेहतरीन उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि यहां पर आये विदेशी और घरेलू बॉयर्स ने इस प्रदर्शनी को पसन्द किया है और ऑर्डर भी प्लेस किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश को 07 पी0एम0 मित्र पार्क दिए गए हैं। इसमें से एक प्रदेश के जनपद लखनऊ तथा हरदोई में 01 हजार एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा। प्रदेश में रेडीमेड गारमेंट्स की ढेर सारी सम्भावनाएं हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। ग्रेटर नोएडा के बाद प्रदेश में 04 अन्य स्थानों पर फ्लैटेड फैक्ट्री का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की लखनऊ की चिकनकारी, बरेली की जरी-जरदोजी, भदोही का कार्पेट, सीतापुर की दरियों, सिल्क विश्व विख्यात हैं। भारत विश्व को 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कारपेट निर्यात करता है, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत का योगदान प्रदेश में भदोही, मीरजापुर एवं वाराणसी से होता है। प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ की चिकनकारी, सीतापुर की दरी, बरेली की जरी-जरदोजी, भदोही की कालीन को प्रमोट करने का कार्य किया गया है। यह सभी रोजगार सृजन के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। आज वैश्विक टेक्सटाइल इण्डस्ट्री भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। इस अवसर पर एम0एस0एम0ई0 मंत्री श्री राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 श्री अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे।

कल से सजेगा रवीन्द्रालय में किताबों का मेला

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। रवीन्द्रालय चारबाग लान में दो मार्च से प्रारम्भ होने वाला लखनऊ पुस्तक मेला इस बार कई मामलों में विशिष्ट होगा। इस बार पुस्तक मेले की थीम कला संस्कृति साहित्य रखी गयी है। नयी पुरानी किताबों के इस निःशुल्क प्रवेश वाले मेले में पुस्तक चर्चा, विमोचन होंगे वहीं अनेक आयोजनों के बीच विविधता भरे काव्य समारोहों और अध्यात्मिक व अन्य सांस्कृतिक समारोहों का क्रम लगातार चलेगा। महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम होंगे। आयोजक मनोज सिंह चंदेल ने बताया कि एक तरह से ये भारतीय कला संस्कृति का पुनर्जागरण काल चल रहा है। हाल ही में दिल्ली में सम्पन्न विश्व पुस्तक मेले में उमड़ी भीड़ और गतिविधियों से भी हम उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि 10 मार्च तक चलने वाले मेले के उद्घाटन के लिए कला और साहित्य से जुड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया है। मेले में नई टेक्नालॉजी से छपी पुस्तकों के साथ मेले में डिजिटल टेक्नालॉजी से जुड़े प्रकाशन उत्पाद देखने को मिलेंगे साथ ही स्टेशनरी, टीचरों व स्कूलों के लिए उपयोगी सामग्री के स्टाल होंगे। इस मेले में बहुत से नये प्रकाशक अपने साहित्य के साथ 10 हज़ार स्क्वायर फिट वाटर प्रुफ पंडाल में स्टाल होंगे।

युवा प्रतिभाओं को सामने लाएगी सुरसागर टीम

राजधानी के विविध सांस्कृतिक मंचों पर चार सफल आयोजन देने के बाद सुरसागर टीम के सदस्य लखनऊ पुस्तक मेला का सांस्कृतिक मंच मिलने से खासे उत्साहित हैं सुरसागर के संचालक अनिल ने बताया कि इस बार सुर सागर के आयोजन को संगीत, नृत्य एवं वादन के अलावा विभिन्न मंच प्रस्तुतियों को आगे बढ़ाने का काम करेगी। इसके लिए आनलाइन ऑडिशन का कार्य शौमी बोस और उनकी टीम मेंबरों के स्तर से चल रहा है। शौमी ने बताया कि उन्होंने प्रयाग संगीत समिति से कथक और भारतनाट्यम में ग्रेजुएशन किया है।

संक्षिप्त आवाज़

सुएज ने कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रथाओं को लागू किया

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। राजधानी में वन सिटी वन ऑपरेटर के तहत सीवर मेंटेंस के लिए उत्तरदायी संस्था सुएज इंडिया ने सफाई कर्मियों के लिए बेहतरीन सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया है। डॉ. स्नेहलता ने यह बात गुरुवार को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएसस्सीआई) और उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग के संयुक्त सर्वेक्षण के दौरान कही। यह व्यापक सर्वेक्षण सुएज सफाई कर्मियों के लिए कार्यस्थल पर किए गए सुरक्षा इंतजामों को लेकर किया गया। इस सर्वेक्षण का मकसद यह जानना था कि सुएज सुविधाओं में काम करने वाले कर्मियों और सफाई कर्मियों के लिए सुरक्षा के क्या इंतज़ाम हैं और उन्हें कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। एएससीआई फैकल्टी का प्रतिनिधित्व करने वाली डॉ. स्नेहलता ने बताया यह देखना सुखद है कि सुएज जैसा अंतराष्ट्रीय संगठन दुनियाभर से बेहतरीन सुरक्षा प्रथाओं को लागू कर रहा है। संगठन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए लागू किए गए सुरक्षा उपायों से श्रमिक भी खुश है। यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि न केवल उन्होंने सुरक्षा उपकरणों को सहजता से उपलब्ध कराया है, बल्कि वे अपने कर्मचारियों को उन्हें इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित और सम्मानित करते हैं।

आज से शुरू होगी गेहूं की खरीद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पहली मार्च से गेहूं की सरकारी खरीद प्रारंभ होगी, जो 15 जून तक चलेगी। योगी सरकार ने 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि इस दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि गेहूं की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल ह्रष्ठ्य.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर विभाग के मोबाइल ऐप क्र च्चठ्ठश्वह्म्ह्र ख्ख्ठ्ठङ्क्र पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। विभाग की ओर से किसानों से अनुरोध किया गया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर जाएं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। प्रवक्ता ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए किसानों का खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल ह्रष्ठ्य.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर पहली जनवरी से ऑनलाइन पंजीयन शुरू है। अब तक 1,09,709 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक रविवार व अन्य अवकाशों को छोड़कर 15 जून तक क्रय केंद्रों पर प्रतिदिन गेहूं खरीद सुबह नौ से शाम छह बजे तक चलेगी। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही: अखिलेश

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। भाजपा इस समय सबसे कमजोर स्थिति में है। वह संवैधानिक संस्थाओं को अपने प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही है। लोकसभा का यह चुनाव नौजवानों, किसानों के भविष्य को बचाने का चुनाव है। यह बातें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा मुख्यालय लखनऊ में गुरुवार को समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी, समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिलों के पदाधिकारियों की बैठक डा लोहिया सभागार में कहीं। उन्होने लोकसभा चुनाव-24 की तैयारी पर चर्चा के साथ बूथ स्तर तक संगठनात्मक स्थिति की रिपोर्ट ली गई। सभी प्रकोष्ठो के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में अखिलेश के नेतृत्व में भाजपा को 80 लोकसभा सीटों पर हराकर पीडीए की सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त करने का संकल्प लिया। बैठक में समाजवादी सरकार की उपलब्धियों तथा विकास कार्यो की सराहना के साथ भाजपा की जनविरोधी नीतियों पर आक्रोश व्यक्त किया। अखिलेश यादव ने कहा कि यह समय लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करने का है। भाजपा की रणनीति विपक्षी नेताओं को बदनाम और अपमानित करने की है। यह सुनिश्चित है कि पीडीए ही एनडीए का हराएगा। तभी सामाजिक न्याय स्थापित हो सकता है। हमारी एकजुटता ही भाजपा को केन्द्र से बेदखल करेगी। भाजपा आरक्षण व्यवस्था को तहस नहस करने पर तुली है। इंडिया गठबन्धन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सपा पर है। संवैधानिक संस्थाओ का निष्पक्ष और सशक्त बनाना जरूरी हैं। उन्होने सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में सभी को प्रत्येक सप्ताह में पांच दिन लोकतंत्र को बचाने के लिए देने का आव्हान किया। अखिलेश ने कहा इस चुनाव में एक तरफ समाजवादी लोग हैं जो संविधान और लोकतंत्र के रक्षक है। दूसरी तरफ भाजपा है जो संविधान की भक्षक है। संविधान खत्म करना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार में महिलाएं, बच्चियां सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार है। भाजपा ने निवेश और ग्राउन्ड सेरमनी के नाम पर झूठे दावे किए। यूपी में कही निवेश जमीन पर नहीं दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री यूपी से चुनकर जाते हैं लेकिन निवेश गुजरात में कराते है। उद्योगपति यूपी में निवेश को तैयार नही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों से झूठे वादे किए।

सीएस ने सेवानैवृत्तिक लाभ के आदेशों का वितरण और स्मृति चिन्ह भेंट किये

● तीन उच्चाधिकारियों सहित 11 सचिवालय कर्मी सेवानिवृत

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राजस्व परिषद के अध्यक्ष हेमंत राव, अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग तथा विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन राम नारायण सिंह यादव के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त हुए 11 कार्मिकों को उनके सेवानैवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित आदेशों का वितरण और स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्य सचिव ने कहा कि पूर्व निर्धारित सेवानिवृत्ति जीवन की दूसरी यात्रा का शुभारंभ है। दुनिया में कोई भी चीज समाप्त न होकर एक चक्र में चलती रहती है। आप लोग प्रशासनिक सेवा में कई बंधनों से बंधे हुए थे। आज उन बंधनों से मुक्त होकर अनंत संभावनाओं के अंग बन गए हैं। उन्होंने श्रीमद्भागवद् गीता का जिक्र करते हुए कहा कि हम लोगों का एक धर्म है कर्म। इसी प्रकार शरीर का धर्म भी केवल कर्म है। अब स्वयं के लिए जीने का वक्त खत्म हो गया दूसरों के लिए आप क्या कर सकते है इसकी शुरुआत हो रही है। लोगों को शिक्षा सहित समाजसेवा के अन्य कार्यों में योगदान देकर अपने जीवन की सार्थकता को सिद्ध कर सकते हैं। उन्होंने सनातन धर्म के चारों आश्रमों.ब्रहमचर्य गृहस्थ वानप्रस्थ और सन्यास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गृहस्थ आश्रम 50 वर्ष में व्यक्ति के जीवन का वह भाग है। जिसपर उसकी। उसके परिवार की समाज की और राष्ट्र की उन्नति निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में तेजी से परिवर्तन आया है। आज विकसित भारत के संकल्प के साथ देश आगे बढ़ रहा है। इसमें सभी के योगदान और सहयोग की जरुरत हैए तभी हम आने वाली नई पीढ़ी को विकसित भारत में अपने रोल के बारे में बता सकते हैं। सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त कार्मिकों में 01 संयुक्त सचिव, 01 अनुभाग अधिकारी, 03 समीक्षा अधिकारी, 01 निजी सचिव तथा 05 अनुसेवक शामिल थे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के.रवीन्द्र नायक सहित अन्य अधिकारीगण सेवानिवृत्त कार्मिकों के परिजन आदि उपस्थित थे।

सीएम आवास योजना में दिव्यांगों को मिलेगी वरीयता

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि यदि किसी परिवार में एक से अधिक दिव्यांग व्यक्ति हों तो ऐसे परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना .ग्रामीण के अन्तर्गत वरीयता दी जायेगी। गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रमो व जनता दर्शन में दिव्यांगजनो द्वारा पक्का आवास दिए जाने की मांग अक्सर की जा रही थी जिसको उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा संज्ञान में लिया गया और दिव्यांगजनो को मुख्यमंत्री आवास योजना.ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित कराया गया और तदनुसार दिव्यांगजनो को बड़ी तादाद में आवास आवंटित किए गये हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर लाभार्थियों की सुविधा व चयन के दृष्टिगत शासनादेश निर्गत किये गये। जिनके तहत कतिपय वर्ग समुदाय जातियों जनजातियों को योजनान्तर्गत निर्धारित पात्रता की विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियों में सम्मिलित किया गया है। शासन द्वारा सम्यक विचारोपरांत पूर्व में जारी शासनादेशो के क्रम में मुख्यमंत्री आवास योजना .ग्रामीण के निर्गत शासनादेश में निर्धारित पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष को सम्मिलित किये जाने एवं दिव्यांगजन श्रेणी के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्राविधान जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है।

योगी के नेतृत्व में यूपी बन रहा विकसित राज्य: एकेशर्मा

● 654.07 करोड़ रुपये लागत की 3501 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत 654.07 करोड़ रुपये लागत की 3501 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया तथा कान्हा गौशाला योजना के अंतर्गत 34.80 करोड़ रुपये की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 41 जिलों की 170 निकायों में 05 नगर निगम 31 नगर पालिका परिषद 134 नगर पंचायतों के लिए 338.81 करोड़ रुपये की 1715 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 166 निकायों में 05 नगर निगम 29 नगर पालिका परिषद 132 नगर पंचायतों में 315.26 करोड़ रुपये लागत की 1786 परियोजनाओं का लोकार्पण कर जनता को समर्पित की गई। इसी प्रकार 22 जनपद की 31 निकायों में 02 नगर निगम 05 नगर पालिका परिषद 24 नगर पंचायतों में 34.80 करोड़ रुपये लागत की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। नगर विकास मंत्री ने गुरूवार को जल निगम फ ील्ड हास्टल संगम में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु की उपस्थिति में 41 जिलों की 170 निकायों में 05 नगर निगमों 31 नगर पालिका परिषदों 134 नगर पंचायतों में विकास कार्यों का लोगार्पण एवं शिलान्यास किया।

सात मार्च को ऊर्जा मंत्री से मिलेंगे बिजलीकर्मी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि पिछले साल मार्च में सांकेतिक आन्दोलन के दौरान बिजलीकर्मियों पर की गयी उत्पीड़नात्मक कार्यवाही ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बावजूद वापस न लिये जाने से कर्मचारी आक्रोशित हैं और वह इस सिलसिले में सात मार्च को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से मिलेंगे। संघर्ष समिति ने इस बावत श्री शर्मा को आज प्रेषित एक पत्र के माध्यम से यह मांग की है कि वे प्रभावी हस्तक्षेप करें जिससे उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके एवं समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियाँ वापस हो सके। प्रेषित पत्र में ऊर्जा मंत्री को याद दिलाया गया है कि उनके द्वारा 19 मार्च 2023 को जल निगम के फील्ड हॉस्टल संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस और ट्वीट कर उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस लेने की घोषणा की गयी थी जिसके बाद ही संघर्ष समिति ने समय पूर्व हड़ताल वापस ली थी। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली कर्मी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश की बिजली व्यवस्था के सुधार में निरन्तर प्रयासरत है। ऐसे में ऊर्जा मंत्री को अपने द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करना चाहिए जिससे कि बिजलीकर्मी पूरी निष्ठा से निर्बाध विद्युत आपूर्ति के कार्यों में जुटे रह सके।

सरोजनीनगर को महिला स्वलम्बन व प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सरोजनीनगर में इको फ्रेंडली बैग वितरण की अनूठी पहल एक महाभियान बन चुकी हैं, जिसके माध्यम से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और बच्चों को सुविधा-संसाधन उपलब्ध कराने का संकल्प एक साथ पूरा हो रहा है। महिला स्वावलंबन के उद्देश्य से सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में डॉ राजेश्वर द्वारा संचालित ताराशक्ति केंद्रों की महिलाओं द्वारा बनाए गये इको फ्रेंडली बैग का वितरण परिषदीय विद्यालयों में निरंतर करवाया जा रहा है, अब तक अब तक क्षेत्र के 40 स्कूलों 5500 बच्चों के बीच इको फ्रेंडली बैग का वितरण किया जा चुका है साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक भी किया जा रहा है।

इको फ्रेंडली बैग वितरण के सतत क्रम में गुरुवार को क्षेत्र के पांच स्कूलों में इको फ्रेंडली बैग का वितरण किया गया। प्राथमिक विद्यालय माती 2, प्राथमिक विद्यालय माती 1, प्राथमिक विद्यालय बंगालीखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय ठकुराइन खेड़ा और प्राथमिक विद्यालय कल्ली पूरब में लगभग 600 इको फ्रेंडली बैग बांटे गए। साथ ही स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी किट, कॉपी और चॉकलेट्स दिए गए जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने डॉ. राजेश्वर सिंह का आभार जताया।

इस दौरान बच्चों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति उन्हें जागरुक किया गया। सभी बच्चों ने इको फ्रेंडली बैग का इस्तेमाल करने तथा जन जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस बाबत डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि इसके माध्यम से महिला स्वावलंबन, गुणवत्तापरक शिक्षा और प्लास्टिक मुक्त सरोजनीनगर का संकल्प एक साथ सिद्ध हो रहा है। सरोजनीनगर में घर-घर तक इको फ्रेंडली बैग पहुंचाने के लिए यह पहल अनवरत चलती रहेगी। अवगत हो कि डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर कि महिलाओं को रोजगार दिलाने और ?आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें इको फ्रेंडली बैग बनाने का प्रशिक्षण दिलाया गया और उनके द्वारा बनाए गए इन इको फ्रेंडली बैग्स का वितरण स्कूलों में करवाया जा रहा है। इन बैग्स के बदले महिलाओं को उचित धनराशि प्रदान की जाती है।

न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय सीतापुर।

मुत.वाद सं.: 05/24, पेशी तारीख : 02.03.2024

अखिलेश प्रताप सिंह उम्र 75 वर्ष पुत्र स्व.श्री क्षत्रपाल सिंह निवासी भवन संख्या 116 विजय लक्ष्मी नगर सीतापुर, पर. खैराबाद तह. व जिला सीतापुर वर्तमान निवासी भवन सं. 645-ए/451 जानकी बिहार, जानकीपुरम लखनऊ वादी बनाम जा.स्व.कु.शशीप्रभा पुत्री स्व.श्री क्षत्रपाल सिंह मृत्यु के समय नि. भवन संख्या 645ए/451 जानकी बिहार, जानकीपुरम लखनऊ, श्रीमती सुधा सिंह उम्र 69 वर्ष पत्नी श्री देशराज सिंह पुत्री स्व.क्षत्रपाल सिंह निवासी निकट गिरधारीलाल की बाग मो. मुन्नूगंज-12 कस्बा गोला जिला खीरी प्रतिवादी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वादी ने जारी किये जाने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु वाद दायर किया है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत तारीख 02.03.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के साथ न्यायालय में उपस्थित हो, अन्यथा वाद का निस्तारण एक पक्षीय रूप से कर दिया जायेगा। विवरण सम्पत्तिः डाकघर व बैंकों में कुल जमा राशि 74,74,942.25 रूपये मय ब्याज।

आज्ञा से: न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय, सीतापुर।

यूपी जीएसटी ने जीता प्रतिष्ठित स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड

लखनऊ। राज्य कर विभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण एवं आयुक्त मिनिस्ती एस. के कुशल निर्देशन में एक और उपलब्धि हासिल की है। विभाग द्वारा संचालित आर्टिफि शियल इंटेलीजेंस प्रोजेक्ट हेतु विभाग को प्रतिष्ठित स्काच आर्डर आफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवार्ड की घोषणा स्कॉच ग्रुप द्वारा गुरूवार को आयोजित वर्चुअल सेरेमनी के दौरान की गयी। जिसमें देशभर के विभिन्न प्रदेशों के विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह अवार्ड श्रीमती मिनिस्ती एस.राज्य कर आयुक्त की ओर से श्रीमती रिया केजरीवाल, अपर आयुक्त राज्य कर द्वारा प्राप्त किया गया। राज्य कर आयुक्त श्रीमती मिनिस्ती एस ने बताया की उत्तर प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जो रिटर्न स्कूटनी हेतु नवीनतम डाटा विश्लेषण और आर्टिफि शियल इंटेलीजेंस तकनीक पर आधारित सिस्टम का प्रयोग कर रहा है। इस सिस्टम के प्रयोग से राज्य कर के अधिकारियों द्वारा विविध जीएसटी रिटों में पाई गयी समस्त अनियमितताओं को समेकित करते हुए केवल एक नोटिस व्यापारी को जारी की जाती है। उन्होंने बताया कि व्यापारी भी बार-बार नोटिस का जवाब देने की परेशानी से बच जाता। इस प्रकार से इस मॉडल से न केवल अधिकारियों बल्कि व्यापारियों के लिए भी अत्यंत सुविधाजनक पारदर्शी एवं समय व ऊर्जा बचाने वाला सिद्ध हो रहा है। आयुक्त ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-2018 एवं 2018-2019 के रिटर्नों की स्क्रूटनी इस सिस्टम द्वारा किये जाने से 31 जनवरी तक सरकार के खजाने में रु 692.90 करोड़ का राजस्व जमा हो चुका है। इसमें एक बड़ी धनराशि वह भी है जो कि जानकारी के अभाव में त्रुटि के कारण व्यापारी द्वारा जमा नहीं हो पायी थी। भारत की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा जीएसटी कौंसिल की बैठक में इस सिस्टम की प्रशंसा की गयी तथा अन्य राज्यों को भी इसे लागू करने के लिए प्रेरित किया गया। इस सिस्टम की सफ लता से प्रेरित होकर जीएसटीएन के द्वारा भी । आधारित नोटिस मॉड्यूल विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

राजनीतिक दलों से मिला चुनाव आयोग

लखनऊ। प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की 13 सदस्यीय टीम गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश की राजधानी पहुंची। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में निर्वाचन आयोग की टीम ने अपने दौरे के पहले दिन की शुरुआत भारत निर्वाचन प्रणाली के विकास पर आधारित प्रदर्शनी के शुभारंभ से किया। साथ ही आयोग की टीम ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जरूरी संसाधनों की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके अलावा आयोग की टीम की राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक भी की। निर्वाचन आयोग की टीम ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य पुलिस नोडल अधिकारी एवं सीपीएफ नोडल अधिकारियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों की समीक्षा की।

दो शातिर चोर बाइक संग गिरफ्तार, तमंचा बरामद

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मानक नगर पुलिस ने गुरूवार को थाना क्षेत्र स्थित आर.के. मैरिज लान के पास दो अन्तरजनपदीय शातिर चोरों को चोरी की बाइक संख्या यूपी 30 ए के 1294 संग गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए शातिर चोरों के पास से तलाशी के दौरान एक 315 बोर का अवैध देशी तमंचा बरामद किया। मानकनगर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने परिचय सुफियान उर्फ छोटू उर्फ मुल्ला पुत्र नादिर निवासी राजेपुर ग्रन्ट थाना आसीवन जनपद उन्नाव व दूसरे ने परिचय महेन्द्र पुत्र श्रीपाल सिरजमा खेडा थाना आसीवन जनपद उन्नाव निवासी के रूप में दिया है। वही पुलिस के अनुसार शातिरों ने बताया कि उनलोगों ने बीते 27 फरवरी को उक्त बाइक ग्राम वारी थाना आसीवन उन्नाव से चोरी किया था इसलिए बचने के लिए पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। उस दौरान पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। वही मानक नगर थाना प्रभारी अजीत कुमार के अनुसार पकड़े गए शातिर चोरों के खिलाफ राजधानी सहित उन्नाव जनपद के क ई थाने में शातिरों के खिलाफ लूट व चोरी के मुकदमे दर्ज है। शातिरों को चोरी व आर्मस एक्ट के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है।

अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आशियाना कोतवाली इलाके में रहने वाली एक नाबालिक छात्रा को वहीं के छात्र ने दोस्ती कर अपनी जाल में फंसा छात्रा को कॉल और वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो व फोटो बना लिया और छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा बात न बनान पर छात्रा का अश्लील फोटो व वीडियो सोसल मिडिया पर वायरल कर दिया जिसकी शिकायत छात्रा ने स्थानीय थाने पर की हौ आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के औरंगाबाद में रहने वाली कक्षा 9 की नाबालिक छात्रा ने उसी स्कूल में पढ़ने वाले 11वीं के छात्र पर अगस्त माह में छात्रा से दोस्ती कर उसे कॉल और वीडियो कॉल करने के दौरान अपने मोबाईल पर उसकी अश्लील वीडियो और फोटो बना लिया था और आये दिन उसे ब्लैकमेल करता था। किशोरी ने छात्र का कहा नहीं माना तो आरोपी छात्र ने इंस्टा पर फेक आईडी बना उसकी अश्लील वीडियो व फोटो वायरल कर दिया है। जिसकी जानकारी होने पर छात्रा ने अपने परिवारीजन संग स्थानीय थाने पर पहुंच शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत पर छात्र के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भारतीय प्रेस परिषद की उप समिति ने की बैठक

लखनऊ। भारतीय प्रेस परिषद, नई दिल्ली के सदस्य गुरिन्दर सिंह की अध्यक्षता में विज्ञापन संबंधी प्रकरणों पर विचार करने के लिए भारतीय प्रेस परिषद के उप समिति की बैठक पं0 दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर के सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य आरती त्रिपाठी व श्याम सिंह पवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैठक में विज्ञापन संबंधी प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया, विज्ञापन संबंधी प्रकरणों की सुनवाई की। समिति ने विज्ञापन मार्गदर्शिका एवं वि

संक्षिप्त समाचार

डंपर की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

पुरवा उन्नाव। बाइक सवार तीन युवकों को डंफर ने जोरदार टक्कर मारी जिससे एक की मौत दो घायल जहां एक की गम्भीर हालत होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया वहीं दूसरे घायल का सीएचसी में भर्ती कर इलाज जारी किया गया। दही पुरवा मार्ग पर स्थित मंगतखेड़ा पेट्रोल पंप के आगे पंडरी मोड के पास बाइक सवार तीन युवकों में आदर्श रावत, अमरपाल, अरुण रावत निवासी गांव मंगतखेड़ा परीक्षा देने पुरवा जा रहे तभी दही की ओर से आ रहे डंफर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल दो युवकों को एम्बुलेंस से स्थानीय सीएचसी भेजवाया जहां अमरपाल की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है वहीं दूसरे घायल अरुण रावत का सीएचसी में उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक छात्र आदर्श रावत की मौत से मां जमुना देवी, निशांत, विशाल का रो रो कर हाल बेहाल रहा। इस संबंध में सीओ सोनम सिंह ने बताया कि डंफर को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है।

ओमनी की टक्कर से परीक्षार्थी गंभीर

घाटमपुर (कानपुर)। गुरुवार की सुबह थाना सजेती क्षेत्र में तेज रफ्तार ओमनी वैन की टक्कर लगने से एक परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से उसे कानपुर रेफर किया गया है। थाना सजेती क्षेत्र के ग्राम मनिहारपुर का रहने वाला सचिन (18) पुत्र राकेश प्रजापति इंटर का छात्र है। गुरुवार की सुबह वह बाइक से ग्राम कोरिया स्थित श्री आस्तिक मुनि इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने जा रहा था। तभी रास्ते में शाखाहारी गांव के निकट तेज रफ्तार ओमनी वैन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस वैन की तलाश कर रही है।

टूटे पड़े विद्युत पोल, नलकूपों की बिजली गुल

भरुआ सुमेरपुर। पारा रैपुरा सबस्टेशन से पंधरी,पचखुरा खुर्द,भौनिया आदि गांवों के किसानों के नलकूपों को गई लाइन के आधा सैकड़ा विद्युत पोल टूटे पड़े हैं। गत 20 फरवरी को आई आंधी पानी से ध्वस्त होने से इस लाइन से जुड़े पच्चीस से ज्यादा निजी व सरकारी नलकूप ठप है। इससे किसान परेशान है। दस दिन गुजर जाने के बाद विद्युत विभाग मरम्मत का कार्य नहीं शुरू कराया है। 20 फरवरी को आई आंधी पानी ने क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया था। किसानों के साथ विद्युत विभाग को करोड़ों की चपत लगी थी। आंधी से मुंडेरा मार्ग किनारे पंधरी से लेकर भौनिया मोड़ तक करीब आधा सैकड़ा विद्युत पोल पूरी तरह से ध्वस्त हो गए थे। इनके ध्वस्त होने से पचखुरा खुर्द, पंधरी भौनिया आदि गांव के नलकूप प्रभावित हुए है। पंधरी के किसान नरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, श्यामसुंदर सिंह, राकेश सिंह, इंद्रमणि यादव,मानसिंह स्वामीदीन यादव, रामबहादुर सिंह आदि ने बताया कि दस दिनों से नलकूप की आपूर्ति ठप है। विद्युत वितरण खंड के एसडीओ एसपी मिश्र ने बताया कि अभी कलौलीजार लाइन बनाई जा रही है। एक दो दिन बाद इस लाइन में कार्य शुरु कराया जाएगा।

मारपीट के विवाद में हत्या की अफवाह

भरुआ सुमेरपुर। भौनिया निवासी सर्वेश साहू ने शराब के नशे में धुत होकर बड़े भाई बलवीर साहू की पत्नी को पीट दिया और बाहर आकर शोर मचा दिया कि उसने भाभी सुनीता को मार डाला है। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार, फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज के साथ तत्काल गांव पहुंचे। वहां बलवीर की पत्नी सही सलामत मिली, इस पर पुलिस ने राहत की सांस ली। बलवीर की पत्नी सुनीता ने थानाध्यक्ष को बताया कि देवर से मामूली विवाद हुआ है। उसने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की और फर्जी अफवाह फैलाकर भाग गया है। पीड़िता ने देवर के खिलाफ तहरीर दे दी है।

सुरज गुप्ता बने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के रहने वाले सूरज गुप्ता को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नामित किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर सूरज गुप्ता ने कहा कि वह पार्टी की नीतियों पर खरा उतरने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। इनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

लव चैटिंग केसः खून से लिखा खत

कानपुर। उन्नाव के एक युवक ने एसपी बृज नारायण सिंह को पत्र देकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनका बेटा कक्षा-10 वीं का छात्र है। आरोप लगाया है कि स्कूल की एक टीचर उससे पूरी-पूरी रात भर मोबाइल पर चैट करती रहती है। इतना ही नहीं, टीचर बेटे से जबरन शारीरिक संबंध बनाने का भी दबाव बनाती है। छात्र के पिता ने चैटिंग के स्क्रीनशॉट्स पुलिस को सौंपे। उन्होंने टीचर द्वारा बेटे पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के भी आरोप लगाए। बुधवार को छात्र के पिता बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने टीचर पर कार्रवाई की मांग की। छात्र के पिता ने टीचर के पति और उसके भाई पर छात्र को धमकाने का आरोप लगाया। उधर, शिक्षिका का कहना है कि उनके नाम से फेक आईडी बना ली गई। उसी आईडी के माध्यम से उनका नाम जोड़कर दुरुप्रयोग किया जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

टोबैको कम्पनी पर आईटी रेड

कानपुर। गुरुवार दोपहर आयकर विभाग की टीम ने कानपुर स्थित बंशीधर तंबाकू प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ठिकानों पर रेड मारी. सूत्रों के मुताबिक, कंपनी ने अपना टर्नओवर 20 से 25 करोड़ दिखाया है, लेकिन असल में यह टर्नओवर लगभग 100-150 करोड़ के आसपास है। आयकर विभाग के अनुसार, यह मामला कर चोरी का तो है ही। इसके साथ ही कंपनी द्वारा बड़े स्तर पर जीएसटी की चोरी भी की जा रही है. बंशीधर तंबाकू प्राइवेट लिमिटेड का तंबाकू का बड़ा काम है ये कंपनी बड़े पान-मसाला ग्रुप्स को माल सप्लाई करती है। आयकर विभाग की एक टीम कंपनी मालिक के दिल्ली स्थित आवास पर भी छापेमारी कर रही हैं यहां रोल्स-रॉयस फैंटम समेत करोड़ों रुपये कीमत की गाड़ियां मौके पर मिली हैं. इनकी आयकर विभाग की टीमों ने तलाशी ली है। पांच राज्यों में कंपनी से जुड़े ठिकानों और लोगों पर इनकम टैक्स की करवाई जा रही है।

शिफ्ट होगी रामादेवी सब्जी मंडी

कानपुर। रामादेवी चौराहे पर जाम का सबब बनी सब्जी और फल मंडी को हटाने का रास्ता साफ हो चुका है। एक सप्ताह के अंदर फुटकर मंडी को जाजमऊ फ्लाईओवर के नीचे खाली जगह पर स्थानांतरित किया जाएगा और थोक मंडी को रूमा में शिफ्ट किया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम का दस्ता फुटकर मंडी में लगने वाली दुकानों के लिए मार्किंग करता रहा। बताया गया कि हर सब्जी दुकानदार को यहां पर करीब छह फुट जगह व्यापार के लिए दी जाएगी। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि फ्लाईओवर के नीचे करीब तीन सौ दुकानदारों को जगह दी जाएगी, इसके अलावा 80 थोक व्यापारियों को रूमा में जगह दी जाएगी।

नौकरी दिलाने के बहाने ले गये थे मानव तस्कर

कानपुर। यशोदानगर एस ब्लॉक नाला रोड निवासी सुरेश मांझी को कुछ लोग काम दिलाने का बहाना बनाकर अपने साथ ले गए थे, जहां वह मानव तस्करों के चंगुल में फंस गया था, सुरेश को इस दौरान जमकर यातनाएं दी गई थीं, हाथ पैर बांधकर भूखा रखने के साथ उसकी आंखों में केमिकल डालकर नेत्रहीन कर दिया गया, यही नहीं, तमाम इंजेक्शन लगाने की वजह से उसके शरीर में संक्रमण भी फैल गया था। बाद में कानपुर में उपचार के दौरान उसका निधन हो गया था। इसी को लेकर मानवाधिकार आयोग का दो सदस्यीय दल ने कांशीराम अस्पताल में गहनता से जांच की, टीम के सदस्यो ने फिलहाल कुछ बताने से इंकार कर दिया।

दारूबाजी, गैंगरेप, पोर्न वीडियो, जवाब में डबल सुसाइड

घाटमपुर में दो नाबालिग युवतियों संग दरिंदगी के बाद तीन आरोपी सलाखों के पीछे

● बेर के पेड़ से लटके मिले शव, परिजनों ने लगाए गम्भीर आरोप



प्रतीकात्मक फोटो

भट्ठा से कुछ ही दूरी पर एक बेरी के पेड़ पर दोनों के शव लटक रहे थे। मामले की जानकारी के बाद खेत और भट्ठा पर फॉरेंसिक टीम ने करीब 2 घंटे तक साक्ष्य जुटाए। लड़कियों के कपड़े और उनके शरीर पर लगी मिट्टी के सैंपल लिए गए। साउथ डीसीपी रवींद्र कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर 3 लोगों के खिलाफ रेप के बाद हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है।

दोनों लड़कियां रिश्ते में बहनें थीं, दोनों के परिवार मूलरूप से हमीरपुर के रहने वाले हैं। वो घाटमपुर के बरौली में एलआईसी भट्ठा पर मजदूरी करते थे। एक बहन 16 साल की, जबकि दूसरी की उम्र 14 साल थी। परिजनों के मुताबिक, दोनों एक साथ रहा करती थीं। बुधवार शाम को दोनों घर से बाहर निकली थीं। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की।

घाटमपुर (स्पष्ट आवाज)। कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव के पास स्थित एक ईंट भट्ठा में मजदूरी करने वाली दो किशोरियों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

किशोरियों के साथ दुष्कर्म किया गया था। जिससे वह आहत थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जनपद हमीरपुर के सिसोलर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी राकेश और रामप्रकाश घाटमपुर के बरौली गांव स्थित एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करते हैं। दोनों परिवार समेत ईंट भट्ठे में ही झोपड़ी बनाकर रहते हैं। राकेश की बेटी की उम्र 16 वर्ष और रामप्रकाश की 14 साल की थी। दोनों ने बुधवार रात को पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में एक किशोरी के पिता राकेश ने बताया कि ईंट भट्ठा पर काम करने वाले तीन लोगों जिनमें ठेकेदार भी शामिल है। उन्होने दोनों किशोरियों के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। आरोप है कि इसके बाद दरिंदों ने किशोरियों को चुप रहने की चेतावनी दी। और कहा कि अगर किसी से इस घटना के बारे में जुबान खोली तो जान से मार देंगे। जिसके बाद किशोरियों ने लोकलाज के भय से आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी रात में ही मौके पर पहुंचे। फिलहाल पुलिस ने केस दर्जकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, डाक्टरो के पैनल द्वारा शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

32 दिन तक पुलिस को छकाने वाला अजय ठाकुर गया जेल

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। बर्रा से फरार चल रहे गैंगस्टर अजय ठाकुर को पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। अजय ठाकुर बीते 32 दिनों से पुलिस को चकमा देकर दिल्ली और पंजाब के बीच में छिपा हुआ था। पुलिस ने उसे दिल्ली से अरेस्ट किया है। शातिर के खिलाफ कानपुर के अलग-अलग थानों में 26 गंभीर मुकदमें दर्ज हैं।

बताया जा रहा है कि अपना दल रैली पर हमला करने के बाद वह दिल्ली और पंजाब में छिपा रहा। सर्विलासं के जरिए जब उसके दिल्ली में होने की जानकारी मिली तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अजय ठाकुर पर दर्ज मुकदमों की फेहरिस्त देखकर डीसीपी साउथ भी अचरज में पड़ गए। अजय ठाकुर के मामले में कहा जाता है कि सियासी हाथ होने की वजह से कभी छोटी मोटी लड़ाई करने वाला अपराधी एक लाख का इनामी गैंगस्टर बन गया।

इससे पहले दुष्कर्म के एक मामले में जब वह फरार हुआ था, तब उसे कोलकाता से पकड़ा गया था। अजय ठाकुर पर वसूली, बंधक बनाकर मारपीट, बलवा, जानलेवा हमला, अपहरण, छेड़छाड़, दुष्कर्म के अलावा आर्म्स एक्ट तक की धाराओं में बर्रा, गुजैनी, गोविंदनगर, किदवई नगर और नौबस्ता थाने में उस पर करीब ढाई दर्जन मुकदमे दर्ज हैं, अब उसे जेल भेज दिया गया है।

फूलबाग से अपहृत बच्चे का नहीं मिला कोई सुराग

कानपुर। फूलबाग चौराहो से अपहृत दो साल के मासूम का अब तक कोई पता नहीं चला है। मासूम की तलाश कर रही पुलिस सीसीटीवी कैमरों के अलावा मोबाइल सर्विलांस और मुखबिर के जरिए अपहरणकर्ताओं की तलाश में जुटी है लेकिन अभी तक पुलिस को कोई क्लू तक नहीं मिल पाया है, जिसके बाद से बच्चे के परिवारवाले भी परेशान हैं। डीसीपी पूर्वी का कहना है कि रेलबाजार तक अपहरणकर्ताओं की फुटेज मिली है, इसके बाद आगे की जगहों पर जांच की जा रही है, इसके अलावा कुछ पुराने गैंग पर भी नजर टिकी है, ऐसे में सभी से पूछताछ के अलावा अन्य सभी तकलीनी बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। अपहृत हुए बच्चे को लेकर बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी संज्ञान लिया है। इसको लेकर आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल ने पुलिस पर नाराजगी जताते हुए तेजी से कार्य करने को कहा है।

रेलबाजार मर्डर केस

दो जेल गए, दो की तलाश

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। रेल बाजार में एक दिन पहले युवक की रॉड और ईंट से कूचकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, मामले में दो आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। गौरतलब हो कि एक दिन पहले रेलबाजार में युवक इमरान की उसके दोस्तों ने लोहे की रॉड और ईंट से कूचकर हत्या कर दी थी। इमरान मंगलवार रात अपने दोस्त अफ्फान कुरैशी के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकला था। देर रात खून से लथपथ इमरान का शव उसके चाचा मोहम्मद असलम को घर के पास पड़ा हुआ मिला था। मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी पूर्वी एसके सिंह ने बताया कि इमरान अपने दोस्तों के साथ गया था, रात में सभी ने एक साथ शराब पी और पार्टी की। इसी दौरान इमरान का अपने दोस्तों से विवाद हो गया, जो गाली गलौच तक बढ़ गया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान नशेबाजी में हुए विवाद में इमरान की हत्या की बात कबूली है, दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अखिलेश की खातिर मैदान में सपाई

अमिताभ बाजपेई ने साधा निशाना, यतीमखाना पर सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीबीआई का नोटिस मिलने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में गुस्सा देखा जा रहा है।, इसी को लेकर कानपुर में सपा नेताओं ने गुरूवार को यतीमखाना चौराहे पर प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की। हालांकि, खुफिया को इसकी जानकारी मिल गई, इसके बाद प्रदर्शन की तैयारी कर रहे सपा नेताओं पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया। इसका असर यह हुआ कि तय समय पर यतीमखाना चौराहे पर केवल दो ही सपा नेता दिखाई दिए। सपा नेताओं से ज्यादा यहां पर काफी मात्रा में पुलिस बल तैनात नजर आया। इसको लेकर सपा नेताओं ने प्रदेश सरकार पर तानाशाही के आरोप लगाए, सपा नेताओं ने कहा कि चुनाव से पहले जिस तरह से अखिलेश यादव को सीबीआई ने नोटिस जारी की है, वह कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ पार्टी कार्यकर्ता पूरी मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे, पुलिस पर सपा नेताओं पर दबाव बनाने का आरोप भी लगाया।

अखिलेश यादव को सीबीआई का नोटिस मिलने के बाद सियासी घमासान मचा हुआ है। इस नोटिस को सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी ने सीधे तौर पर लोकसभा चुनाव से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले सपा मुखिया के पास नोटिस आया था। वहीं, भाजपा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि अगर सीबीआई ने कोई नोटिस दिया है तो अखिलेश यादव को उसका जवाब देने जरूर जाना चाहिए, वह प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं, ऐसे में उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। भाजपा विधायक ने कहा कि अगर उन्होंने किसी तरह का जुर्म नहीं किया है, तो फिर डर किस बात का।

थोड़ा सा वेट...जाजमऊ गेट दिखेगा 'इंडिया गेट' !

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नगर के सौन्दर्यीकरण के दृष्टिगत पुराना गंगा पुल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मनीष कुमार अवस्थी मुख्य अभियन्ता, डा0 अमित सिंह नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सतीश कमल जोनल अभियन्ता मनोज पाल जोनल स्वच्छता अधिकारी, रहमान, इंचार्ज रबिश डिपो, थीम कन्सलटेन्ट के पदाधिकारी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त ने कन्सलटेन्ट के पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि गंगा पुल के पुराने गेट के आसपास की जगहों की लैण्ड-स्केपिंग, गेट का सौन्दर्यीकरण व वॉटर बाडी के निर्माण आदि शीघ्र प्रस्तुत किया जाये।

कन्सल्टेन्ट को यह भी निर्देश दिये गये कि पुराने गंगा पुल के मुख्य प्रवेश द्वार का सौन्दर्यीकरण इण्डिया गेट की तर्ज पर किया जाये। मौके पर मुख्य अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि साइड पटरी के नीचे दबी इण्टरलॉकिंग को उभरा जाये, ऊपर की मिट्टी को हटाया जाये। जोनल अधिकारी एवं जोनल स्वच्छता अधिकारी को निर्देश दिये गये कि 02 दिन के अन्दर पुराने गंगा पुल के अतिक्रमण को हटा दिया जाये। गंगा पुल पर चैकी के आगे कैण्ट स्कूल के बगल से बेरीकेट किया जाये, जिससे आगे वाहनों को न जाने दिया जाये। इसी स्थल पर चुंगी के पास पार्किंग हेतु स्थल को सुव्यवस्थित किया जाये।

अयोध्या से नहीं लौटीं ई-बसें शहर में सवारी का टोटा

कानपुर। शहर में 90 ई-सिटी बसें रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या भेजी गई थी। अयोध्या भेजे जाने के दौरान इन बसों का 26 जनवरी तक शहर आने का दावा किया गया था। इसके बाद अधिकारियों का मानना था कि फरवरी के पहले सप्ताह तक ई-सिटी बसें शहर आ सकती है। परिवहन विभाग के अधिकारियों की माने तो 15 मार्च तक बसों का सड़कों पर संचालन नहीं हो सकेगा। अयोध्या से आई रिपोर्ट के अनुसार शहर से जब वहां पर संपर्क साधा गया तो वहां पर भीड़ अधिक होने की बात सामने आई। ऐस में भीड़ कम होने के बाद ही बसों को शहर भेजे जाने की सूचना आई है। शहर में यूपी बोर्ड परीक्षा के संचालन के दौरान परीक्षार्थियों को बसों की कमी से सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। शहर में रोजाना इन ई-सिटी बसों में लगभग 30 हजार यात्रियों का लोड़ रहता था। अब यह यात्री लोड 35 सीएनजी बसों पर शिफ्ट किया जा रहा है। ऐसे में बसों की कमी और यात्रियों की भीड़ 96 हजार परीक्षार्थियों को पेपर के दौरान परेशान कर रही है। बसों की कमी की वजह से ई-सिटी बस प्रशासन की ओर से डायवर्जन नियम शहर में लागू किया गया है।

ऑपरेशन त्रिनेत्र का 'रियलिटी चेक'

सीपी अखिल कुमार अचानक पहुंचे जाजमऊ

कुछ चुस्त, कुछ सुस्त

बीपीओ (बीट पुलिस अफसर) हो या ऑपरेशन त्रिनेत्र, टॉप अफसर जितने संजीदा हैं। उतने सारे थानेदार और चौकी प्रभारी नहीं। सीपी की सख्त गाइडलाइंस के बावजूद बीपीओ को सौंपी गई जिम्मेदारी में स्टाफ हीलाहवाली कर रहा है। कई थानेदार तो ऐसे हैं, जिनके पास क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों के नम्बर तक नहीं है। डोर टू डोर कम्युनिकेशन में लगाए गए तमाम थानों के बीपीओ खानापूर्ति कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही हाल, ऑपरेशन त्रिनेत्र का है। सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल कराने और आम क्षेत्रीय जनता को प्रेरित करने की जिम्मेदारी कुछ थानेदारों को 'बोझ' लग रही है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि थानेदार खुद कुर्सी छोड़ कर फील्ड में निकलने की जगह चौकी इंचार्ज और सिपाहियों को दौड़ा रहे हैं। फॉलोअप रिपोर्ट में अपना कॉलर ऊंचा करने से नहीं चूक रहे। ऐसा कानपुर वेस्ट और सेंट्रल जोन के कई थानों में चल रहा है।

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। पुलिस कमिश्नरेट के टॉप प्रायोरिटी मिशन 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' का रियलिटी चेक करने के लिए गुरुवार को सीपी अखिल कुमार अचानक जाजमऊ पहुंचे। थाने में सीपी के आने की खबर मिलते ही मुंशी से लेकर थानेदार तक सब अलर्ट हो गए।

वर्दी दुरुस्त करके स्टाफ सीपी के सामने हाजिर हुआ। सीपी ने जाजमऊ थाने का निरीक्षण कर उपस्थित स्टाफ को थाना क्षेत्र के सभी प्रमुख स्थानों पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित कराने व उनकी मैपिंग करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही, फील्ड में हकीकत जानने के लिए सीपी ने जाजमऊ क्षेत्र में भ्रमण किया।

इस दौरान ओवरसीज टैनरी, पुराना बीमा अस्पताल वाली गली, 150 फिट रोड, जाजमऊ कानपुर पर अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया।

बाइकों की भिड़ंत में अधेड़ की मौत, तीन छात्र गंभीर

घाटमपुर (स्पष्ट आवाज)। गुरुवार की दोपहर थाना सजेती क्षेत्र में हुए दो हादसों में एक अधेड़ की मौत हो गई। जबकि, पांच लोग घायल हो गए। जिनको सीएचसी से कानपुर रेफर किया गया है। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई गई है। ग्राम सूखापुर सजेती निवासी छात्र सौरभ, हेमंत और अंकित इंटर की परीक्षा देने के लिए एक ही बाइक से धरमगदपुर (सजेती) जा रहे थे। जैसे ही वह इटौरा गांव के पास पहुंचे। तभी रैपुरा मोड़ के पास सामने से आ रहे जगदीश (55 वर्ष) निवासी ग्राम रैपुरा की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग छिटककर दूर जा गिरे। उनको गंभीर हालत में सीएचसी घाटमपुर लाया गया। जहां से डॉक्टरो ने चारों को कानपुर रेफर कर दिया। रास्ते में जगदीश की मौत हो गई। जबकि तीनों छात्रों में दो की हालत गंभीर बताई गई है। जिनका हैलट में इलाज चल रहा है। इधर, दूसरा हादसा घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के स्योंदी ललईपुर गांव के पास हुआ। जहां पर स्कूटी सवार मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

ट्रैक्टर की टक्कर, मां बेटी घायल

ग्राम छाजा रायपुर निवासी संतोष की बेटी खुशी अपनी मां मधु एवं भाई के साथ स्कूटी पर सवार होकर सजेती जा रही थी। जैसे ही वह स्योदी ललईपुर गांव के पास पहुंचे। तभी भूसा लादकर जा रहे ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों को कानपुर रेफर किया है।

जिलाधिकारी ने जेल में किया वृक्षारोपण

फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा केंद्रीय कारागार व जिला कारागार का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कारागार के अस्पताल में भर्ती कैदियो के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई व कैदियों से उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुडवत्ता के बारे में जानकारी की गई निरीक्षण में सभी व्यवस्था सही पाई गई द्य इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जिला कारागार में बृक्षारोपण भी किया गया इस अवसर पर संबंधित जेल अधीक्षक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे इसके बाद जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक के साथ उ0प्र0 अग्निशमन विभाग के निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र अमृतपुर (दौलतपुर चकई) का लोकार्पण विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य की उपस्थिति में वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया, सीएम के संबोधन को विधायक अमृतपुर, डीएम, पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों द्वारा सुना गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उप जिलाधिकारी अमृतपुर क्षेत्राधिकारी अमृतपुर व अग्निशमन विभाग के अधिकारी उपस्थिति रहे।

सनडीसन में खाद्य उन्माद उत्सव आयोजित

सफीपुर (स्पष्ट आवाज)। स्थानीय सन डी सन इंटर कॉलेज में आयोजित खाद्य उन्माद उत्सव में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बाजार के अलावा स्वयं निर्मित व्यंजनों की स्टाल लगाई जहा भीड़ उमड़ी रही। बच्चे उत्सव में हस्ते मुस्कराते नजर आये। कस्बे के मोहल्ला सराय खुर्रम स्थित सन डी सन में हाई स्कूल व इटर कक्षा के छात्र- छात्राओं को छोड़कर अन्य सभी कक्षाओं के छात्रों ने उत्सव में हिस्सा लिया किसी ने चाइनीज फूड तो किसी ने क्षेत्रीय व्यंजनों को तैयार कर अपनी स्टाल सजाई। कुल अलग-अलग 15 स्टालों पर सुबह 10 बजे से लेकर 2 बजे के बीच पहुचे अभिभावकों ने खरीददारी की। अंत मे सभी स्टालों पर लगाए गए व्यंजन व उनकी बिक्री के आधार पर संस्थान की टीम ने समीक्षा कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान सुनिश्चित किया।

प्रधानाचार्या टीएन फारूकी ने टीम सदस्य सहित लीडर को ट्राफी के साथ प्रोत्साहन राशि व सभी स्टाल लगाने वाली टीम को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया। इस अवसर पर उम्मुल निगार, प्रशांत दीक्षित, ओमना, मधुसूदन यादव, कौशकी द्विवेदी व रेखा मौजूद रहे ।

भाजपा ने चुनाव को लेकर की बैठक

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण के आगामी कार्यक्रम व अभियानों को लेकर आज कानपुर ग्रामीण जिला सभागार में जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा एवं जिला प्रभारी राधेश्याम पांडेय ने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों के साथ बैठक कर विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारियों को 3-3 बूथ लगाकर संपर्क करने की बात कही इसके अलावा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार में लाभ मिलने वाले लाभार्थियों के साथ बैठने पर भी जोर डाला। दिनेश कुशवाहा ने बताया जिस तरह देश मे माहौल मोदीमय है उससे सभी लोग खुश हैं हम प्रत्येक बूथ में जाकर उनके कार्यो की चर्चा करने की तैयारी की है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष गया प्रसाद सिंह व बबलू पासवान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप बाजपेई, दीप्ति सिंह, कृष्णकान्त सविता, अतुल बाजपाई सहित मंडल अध्यक्ष व प्रभारीगण उपस्थित रहे।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पलिया, खीरी

पत्रांक : 1985/क्षेत्र पंचायत/निर्माण निविदा/2023-24 दिनांक : 29/02/2024

अल्पकालीन निविदायें सूचना

जनपद में जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत/लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड पलिया खीरी में वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत पचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) से ग्राम/प्रत्याशित/धनराशि से निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु दिनांक 01.03.2024 से 09.03.2024 तक निविदाए आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	लम्बाई /मात्रा	धनराशि (लाख रु0 में)	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
	पंचम राज्य वित्त					
1	ग्रा0प0 घोला में प्रेमनगर में पक्की सड़क से वंशी के खेत तक खड़ंजा कार्य	390 मी0	839700	16794	1180	3 माह
2	ग्रा0प0 कोठिया में हरपाल के घर से अमरनाथ के घर जाने वाले मार्ग पर इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य	133 मी0	826500	16530	1180	3 माह
3	ग्रा0प0 अतरिया में सर्वेश के घर से बंधा तक खड़ंजा निर्माण कार्य	430 मी0	811300	16226	1180	3 माह
4	ग्रा0प0 मझगई में खडंजा से बलविन्द्र सिंह के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	133 मी0	826300	16526	1180	3 माह
5	ग्रा0प0 नगला में फकीरे के खेत से छैल बिहारी के खेत तक खडंजा कार्य	437 मी0	784800	15696	1180	3 माह
6	ग्रा0प0 मझगई में अमरीका मौर्य के घर से जोधी पाल के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	133 मी0	826600	16532	1180	3 माह
7	ग्रा0प0 बिजौरिया सैय्यद पूरवा से बिजौरिया मार्ग पर खडंजा निर्माण कार्य	390 मी0	840000	16800	1180	3 माह
8	ग्राम0 प0 पलिया खुर्द बेहनन पुरवा ट्रांसफार्मर से सोनू पंडित के खेत तक खडंजा निर्माण कार्य	355 मी0	800400	16008	1180	3 माह
9	ग्राम0प0 पलिया कला में वाहिद के घर से लालता के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	132 मी0	822900	16458	1180	3 माह
10	ग्रा0प0 बसंतापुर कला में शत्रोहन के घर से ध्रुव के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	107 मी0	587600	11752	1180	3 माह
11	ग्रा0प0 मझगई में राम फैय्याज के घर से डा0 एल0बी0 सिंह के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	62 मी0	371300	7426	590	3 माह
12	ग्रा0प0 बमनगर में भैंसोरी रोड से इकबाल सिंह के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य	390 मी0	840000	16800	1180	3 माह
13	ग्रा0प0 पलिया कला में पलिया देहात में गुरुकुल स्कूल के पास से नत्थू के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	133 मी0	826800	16536	1180	3 माह
14	ग्रा0प0 परसपुर में मेन रोड से छंगा के खेत तक इन्टरलॉकिंग कार्य	133 मी0	826800	16536	1180	3 माह
15	ग्रा0प0 परसपुर में लगदहन रोड से पतेड़ा मार्ग का खड़ंजा मरम्मत कार्य	600 मी0	798400	15968	1180	3 माह
16	ग्रा0प0 परसपुर में मेन रोड से पुलिस चौकी तक इन्टरलॉकिंग कार्य	70 मी0	391000	7820	590	3 माह
17	ग्रा0प0 परसपुर में श्रवण के घर से पतेडा मार्ग तक इन्टरलॉकिंग कार्य	165 मी0	820700	16414	1180	3 माह
18	ग्रा0प0 मझगई बनघुसरी में नत्थू की दुकान से धेन्दर के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	151 मी0	827300	16546	1180	3 माह
19	ग्रा0प0 मझगई में जगदम्बा के घर से नरेश के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	151 मी0	827300	16546	1180	3 माह
20	वि0ख0 परिसर में शहीद स्मारक का मरम्मत एवं स्थान विकास कार्य	1 नग	600000	12000	1180	3 माह
21	वि0ख0 परिसर में कृषि बीज भण्डार का मरम्मत कार्य	1 नग	395000	7900	590	3 माह
22	पलिया ब्लाक परिसर के टाइप 2 के 2 आवासो का मरम्मत कार्य	1 नग	394000	7880	590	3 माह
23	विकास खण्ड पलिया के सभागार की मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य	1 नग	567000	11340	1180	3 माह
24	पलिया ब्लाक परिसर के टाइप 3 के 2 आवासो का मरम्मत कार्य	1 नग	543000	10860	1180	3 माह
25	ख0वि0अधि0 आवास में टाईल्स एवं सौदर्यीकरण कार्य	1 नग	308000	6160	590	3 माह
26	ग्रा0प0 परसपुर में बाबा लक्खा के घर के पास निर्मल सिंह के घर तक खड़ंजा कार्य	375 मी0	800000	16000	1180	3 माह
27	ग्रा0 प0 मुजहा में हैप्पी उर्फ उधम सिंह के खेत से सुखविन्दर सिंह के मोटर तक खड़ंजा निर्माण कार्य	160 मी0	394200	7884	590	3 माह
	15वॉ केन्द्रीय वित्त (टाइड)					
1	परसपुर समिति पर आर0ओ0 वाटर फ्रीजर स्थापना कार्य	1 नग	422200	8444	590	3 माह
2	सिंगाही खुर्द दुर्गा मंदिर पर आर0 ओ0 वाटर फ्रीजर स्थापना कार्य	1 नग	422200	8444	590	3 माह
3	चन्दन चौकी समिति पर आर0 ओ0 वाटर फ्रीजर स्थापना कार्य	1 नग	422200	8444	590	3 माह
4	मसानखम्भ में पलटूराम के घर से शिवलाल के घर तक नाली निर्माण कार्य	128 मी0	400000	8000	590	3 माह
5	ग्रा0प0 पदुआ में छुट्टन के घर से सहाबा तालाब तक नाली निर्माण कार्य	205 मी0	458500	9170	590	3 माह
6	बनकटी में रामबेटी के घर से नन्दू के घर तक नाली निर्माण कार्य	185 मी0	458500	9170	590	3 माह
7	ग्रा0प0 पतवारा में परमेश्वर के सामने के जसपाल के घर तक नाली निर्माण कार्य	165 मी0	419500	8390	590	3 माह
8	ग्रा0प0 सूडा में गोविन्द के घर से फट्टू के घर तक नाली निर्माण कार्य	150 मी0	460000	9200	590	3 माह
9	ग्रा0प0 परसपुर में श्रवण कुमार के घर से पतेडा गार्ग तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य	250 मी0	600000	12000	1180	3 माह
10	ग्रा0प0 विचित्रनगर में महंगी के घर से नहर तक नाली निर्माण कार्य	205 मी0	458500	9170	590	3 माह
11	ग्रा0प0 देवराही में लाल सिंह के घर से अर्जुन के घर तक नाली निर्माण कार्य	154 मी0	341000	6820	590	3 माह
12	ग्रा0प0 सूडा में सोहन के घर से गोविन्दा के घर तक नाली निर्माण कार्य	185 मी0	392600	7852	590	3 माह
13	पिपरौला के बजाही में दौलत राम के घर से जंगल सीमा तक नाली निर्माण कार्य	190 मी0	580000	11600	1180	3 माह
14	ग्रा0प0 पटिहन में खुशीपुर रोड से सरवन नगर रोड पर पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
15	ग्रा0प0 कमलपुरी का0 में राजेश राय के खेत से रामदास के खेत के बीच पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
16	ग्रा0प0 भगवंतनगर सम्पर्क मार्ग से धर्मपाल चौधरी के घर जाने वाले रास्ते पर पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
17	ग्रा0प0 गलिनिया में निघासन रोड से बिजोरिया बार्डर मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
18	ग्रा0प0 बेला कला में दुर्गेश के खेत से जाने वाले मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
19	ग्रा0प0 पलिया खुर्द बेहनन पुरवा में चहलुआ वाली पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
20	ग्रा0प0 बसतापुर खुर्द में गुरनाग के घर से परवतिका घाट मंदिर मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
21	ग्रा0प0 भानुपरी कालोनी एवं गोविन्द नगर को जाने वाले मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
22	ग्रा0प0 त्रिलोकपुर लोकनपुरव में जगदीश के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
23	ग्रा0प0 बेलाकलां में अनन्तराम के खेत से राम कुमार के खेत जाने वाले मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	700000	14000	1180	3 माह
24	नेपाल रोड से खजुरिया से कमलापुरी बार्डर पर पुलिया निर्माण कार्य	1 नग	819500	16390	1180	3 माह
	15वॉ केन्द्रीय वित्त (अनटाईड)					
1	मरूआ पश्चिम में निघासन रोड से गंगाधर नाथ सहदेव के खेत तक खड़ंजा कार्य	220 मी0	464000	9280	590	3 माह
2	ग्रा0प0 मरूआ पश्चिम में छेदनी पुरवा में प्रेम कुमार के घर से निघासन रोड तक खडंजा निर्माण कार्य	280 मी0	492500	9850	590	3 माह
3	ग्रा0प0 विचित्रनगर में सुमेरनगर सी0सी0 रोड से नन्दा फार्म वीरन के घर तक खडंजा निर्माण कार्य	220 मी0	467000	9340	590	3 माह
4	मुरारखेडा ग्राम में ननकू के घर से भिखारी प्रसाद के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	90 मी0	491700	9834	590	3 माह
5	ग्रा0प0 मुरारखेडा कालोनी में लालता प्रसाद के घर से गांव के किनोर इन्टरलॉकिंग कार्य	90 मी0	517200	10344	1180	3 माह
6	ग्रा0प0 कृष्णानगर अभिराज के घर से मन्नन प्रसाद के घर तक व सतीश चन्द्र के घर से अरविन्द के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	58 मी0	337400	6748	590	3 माह
7	ग्रा0प0 नगला में तारेन्द्र के घर से बुद्धा के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	105 मी0	496800	9936	590	3 माह
8	सम्पूर्णानगर में द्वारिका के घर छांगुर के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	65 मी0	266000	5320	590	3 माह
9	ग्राम सेमरी में आर0सी0सी0 रोड से राम प्रवेश मौर्य के घर इन्टरलॉकिंग कार्य	96 मी0	528400	10568	1180	3 माह
10	ग्रा0प0 मरौचा में मस्जिद के तरफ इन्टरलॉकिंग से राम अछैवर के घर की ओर इन्टरलॉकिंग कार्य	84 मी0	528000	10560	1180	3 माह
11	ग्रा0प0 मजरौरा में राजेश के घर से मोतीचन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	85 मी0	530000	10600	1180	3 माह
12	सम्पूर्णानगर में चाय वाली गली में इन्टरलॉकिंग कार्य	35 मी0	200000	4000	590	3 माह

उपरोक्त कार्यों में जी0एस0टी0 18 प्रतिशत सम्मलित है। भुगतान के समय टीडीएस. जी. एसटी लेवर सेस, रॉयल्टी इत्यादि बिल से की जायेगी। निविदादाता दिनांक 01.03.2024 में 08.03.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्यालय में कार्य दिवस में नगद निविदा मूल्य देकर निविदा प्रपत्र श्री रामसेवक राना कैशियर से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा दिनांक 09.03.2024 को अपराहन 1.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कार्यालय में नियमानुसार टेण्डर बाक्स में स्वीकार होगी। दिनांक 09.03.2024 अपराहन 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी एवं निविदादाताओं की उपस्थिति में सीलवन्द निविदायें खोली जायेगी।

मुख्य शर्ते :- 1. ठेकेदार को 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा करनी होगी जिसमें 2 प्रतिशत निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में एफडीआर, एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी पलिया खीरी के नाम से बंधक जमा करना होगा। शेष 8 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0 निविदा स्वीकृति के उपरान्त सम्बन्धित निविदादाता के द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा जमा न किये जाने की स्थिति में अवशेष धरोहर राशि 8 प्रतिशत की भुगतान के समय कटौती बिल से की जायेगी। 2. ठेकदार को आयकर, जी0एस0टी0 पंजियन प्रमाण-पत्र, जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त हैसियत प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र, श्रम विभाग का पंजियन प्रमाण पत्र कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि अभिलेख जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वैद्य हो निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। 3. ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ के पूर्व कार्य के दौरान तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात की फोटोग्राफी कराकर कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा कार्य पूर्ण होने पर कार्य पूर्ति प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। 4. एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी पलिया में निहित होगा। 5. सशर्त निविदा/ओवर राइटिंग कटिंग निविदा मान्य नहीं होगी। 6. निविदा स्वीकृति के उपरान्त निर्धारित समय में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त ही बजट की उपलब्धता में कार्यादेश जारी किया जायेगा। 7. कार्य गुणवत्ता के साथ नियत अवधि में पूर्ण कराना अनिवार्य होगा। 8. गुणवत्ता के सत्यापन के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने एवं अधिकृत अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0)/तकनीकी प्रभारी के मापांकन एवं संस्तुति के उपरान्त ही ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा। 9. निविदा के साथ 100/- रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित देना अनिवार्य होगा। 10. निविदा स्वीकृत होने के बाद 100/- के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा। 11. ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों की निविदा मान्य नहीं होगी। 12. समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेश/शर्ते ठेकेदारों को माननी होगी। 13. निविदादाता द्वारा उक्त कार्य के निमित्त लगे मजदूरों/मिस्त्रियों/श्रमिकों से संबन्धित ई0पी0एफ0/श्रम विभाग/अन्य किसी भी विभाग से सम्बन्धित दावे/आपत्तियों का निस्तारण स्वयं के व्यय से करना होगा। 14. समस्त विवादों का निपटारा न्याय क्षेत्र जिला लखीमपुर खीरी होगा। 15. समस्त निविदादाता निविदा खोलने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहें अन्यथा की स्थिति में किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। 16. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त स्वीकृत दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा। 17. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रॉयल्टी का भुगतान सुनिश्चित किए जाने विषयक भू-तत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश संख्या 3885/66-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। 18. अन्य विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी पलिया कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

(अनिल कुमार)
अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) पलिया खीरी

(संगीता यादव)
खंड विकास अधिकारी, पलिया खीरी

देश में युवा मतदाता सबसे अधिकः प्रदीप सिंह

● युवा मोर्चा द्वारा युवा चौपाल आयोजित

बलरामपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से गुरुवार को गौरा मंडल के बिजलीपुर गांव में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में युवा मोर्चा के पदाधिकारी ने युवाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार की लगभग सभी जन कल्याणकारी योजनाएं युवाओं को समर्पित है युवाओं की आगामी चुनाव में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। देश में युवा मतदाता सबसे अधिक है। युवा मतदाता ही देश को विकास के पथ पर ले जाने वाली सरकार को चुन्नी में अहम भूमिका निभाएंगे। भजिओमो जिला महामंत्री अक्षय शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं।

युवाओं की सोच आज बदल रही है। नौकरी सहित युवा व्यवसाय के माध्यम से आज आत्मनिर्भर बन रहे हैं। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में

युवा वर्ग ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर गौरा मंडल अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष भजियों रजनीश पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

डीएम ने केंद्रीय मंत्री के आगमन की तैयारियों की समीक्षा की

● पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को मुस्तैद रखने के निर्देश दिए

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)जनपद में केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग भारत सरकार नितिन गडकरी के आगमन की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ कार्यक्रम स्थल जीआईसी ग्राउंड पर समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियां अभी से पूरी कर ली जाएं । जिस भी अधिकारी की ड्यूटी कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई है, वह कार्यक्रम स्थल पर समय से उपस्थित हो जायेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी

को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर उपस्थित रहेंगीं। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को मुस्तैद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल जीआईसी ग्राउंड और हेलीपैड वाले स्थान पुलिस ग्राउंड पर कड़ी सुरक्षा रखी जाए। साथ ही उस दिन ट्रैफिक को भी कंट्रोल किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव,अपर जिला अधिकारी प्रशासन, नगर मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उपभोक्ताओं के लिए वरदान है पीएम सूर्यघर योजनाः सत्य प्रकाश

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। बिजली सेवा व जनसम्पर्क अभियान अन्तर्गत बुधवार को देर शाम ऊर्जा भवन, सभागार में विद्युत वितरण मण्डल-बहराइच के अधीक्षण अभियन्ता सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौजूद व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधि, कृषकों, उद्यमियों तथा ग्राम प्रधानों को विभाग द्वारा बिजली व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण करने, अनुरक्षण एवं जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता बहराइच शैलेन्द्र कुमार व कैसरगंज के सौरभ निगम, उप खण्ड अधिकारी बख्शीपुर आनन्द सिंह व घण्टाघर के मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व अन्य व्यापारी तथा ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक संपन्न

अयोध्या। जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक के कार्य वृत्त के अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर व्यापारी बन्धुओं द्वारा नगर निगम की गलियों में सीवर लाइन हेतु डाली गयी पाइप की खुदाई के उपरांत पूर्व की भांति सही नहीं किए जाने की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर डीएम द्वारा उन सभी गलियों की सूची शीघ्र सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रत्येक ऐसी गली जिन पर खुदाई का कार्य सीवर लाइन डालने हेतु हुआ था का अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम शहरी आनन्द कुमार दूबे व अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड सत्य प्रकाश भारतीय को स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर 10 मार्च 2024 तक मय फोटोग्राफ आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

पुलिस ने चोरी के सामान व अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार

सतांव,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र की अटौरा चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की सुबह तीन शातिर चोरों को चोरी के माल व एक अवैध 12 बोर तमंचे व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी के इंचार्ज चमन सिंह को गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि नकदिल पुर गाँव के समीप तीन शातिर चोर मौजूद हैं। चौकी इंचार्ज आनन-फानन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच गये और नकदिलपुर नहर पुलिया के पास तीनों शातिर चोरों मो0 इस्तियाक उर्फ मन्नू(27) पुत्र मो0 इकबाल निवासी देदौर, सोनू(21) पुत्र शीतलदीन निवासी पूरे लाल जी का पुरवा मजरे सुल्तानपुर खेड़ा व रणविजय सिंह उर्फ शानू सिंह(18) पुत्र जंग बहादुर सिंह निवासी पूरे कछ्वाहन मजरे अटौरा खुर्द को चोरी के छः अदद मोबाइल फोन, पच्चीस सौ रुपये व एक अवैध 12 बोर तमंचे व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि गिरफ्तार किये गये तीनों आरोपियों में से इस्तियाक और सोनू का पुराना आपराधिक इतिहास है।दोनों के विरुद्ध पहले से ही कई आपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं। अभियुक्तगणों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए रिमाण्ड हेतु न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश 15 मार्च तक कराए

बलरामपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि समाज कल्याण/जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जनपद बलरामपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सेखुईकलां में सभी वर्गों की बालिकाओं के लिये तथा जनजाति विकास विभाग के अधीनस्थ संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय विशुनपुर विश्राम में केवल अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं के लिये तथा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बालापुर में अनुसूचित जनजाति के बालकों के लिये शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 6, 7, 8, 9 व 11 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं।

पंचायत भवन सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मेलन

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) जिला पंचायत सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन का आयोजन दो पालियों में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया। जिसमें प्रथम पाली में विकास खंड हरचंदपुर, सतांव और द्वितीय पाली में खीरों एवं बछरावां के जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में आये हुए पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों में अति आवश्यक कार्यों का विवरण लिया गया।

जिससे उन कार्यों को एम एल सी निधि, जिला पंचायत अथवा राज्य सरकार से सहयोग करा कर जनपद के समग्र विकास में अपना योगदान दिया जा सके । साथ ही सभी उपस्थित सदस्यों से रायबरेली के सम्पूर्ण विकास में एक साथ मिलकर योगदान व सहयोग देने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में जनपद वासियो को अधिक से अधिक सरकारी कार्यो और योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए एक साथ मिलकर कार्य करने पर चर्चा हुई। सभी पंचायत प्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के विकास पर भी चर्चा की गयी। सम्मेलन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा भी की।

समूहों को बैंकों के माध्यम से दिलाया जाय ऋण

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, कैसरगंज के आनन्द कुमार यादव, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि संजीव सिंह व सुनील सिंह, प्रमुखगण व अन्य जनप्रतिनिधि व समिति के सदस्य, डीएम मोनिका रानी, एसपी वृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीएफओ बहराइच संजय कुमार व कर्तनियाघाट के बी. शिव शंकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त हुए लेबर बजट रू. 294.30 करोड़ के सापेक्ष 22 फरवरी तक रू. 307.26 करोड़ का व्यय कर लक्ष्य 92.25 लाख मानव दिवस के सापेक्ष 109.77 लाख मानव दिवस सृजित किया गया है, जो लक्ष्य का 118.99 प्रतिशत है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत माह जनवरी 2024 तक 4806 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। सांसद श्री सिंह ने निर्देश दिया कि समूहों की संख्या को बढ़ाया जाय तथा समूहों को एमएसएमई में पंजीकरण कराकर बैंकों के माध्यम से ऋण दिलाया जाय। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि सेवायोजित होने वाले लाभार्थियों की सूची जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जाय। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान डीएफओ को निर्देश दिया गया कि नई नियमावली के अनुसार वन क्षेत्रों के सम्पर्क मार्गो के निर्माण हेतु एनओसी जारी कराएं तथा आगामी बैठकों में डीएफओ श्रावस्ती को भी आमंत्रित किया जाय।

अधिवक्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

महराजगंज, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) तहसील प्रशासन की कार्यशैली से परेशान महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज और तहसील बार एसोसिएशन महराजगंज अधिवक्ताओं का हुजूम तहसील परिसर में नारेबाजी करता हुआ धरने पर बैठ गया। अधिवक्ताओं के धरने पर बैठते ही तहसील प्रशासन के हाथ पैर फूल गए और आनन-फानन धरने पर बैठे अधिवक्ताओं के पास पहुंचकर उन्हें शांत कराया तथा अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए ज्ञापन के सभी बिंदुओं पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि, विगत कई माह से तहसीलदार न्यायिक के कोर्ट में विवादित व अविवादित पत्रावलियों में आदेश को लेकर अधिवक्ता अक्रोषित चल रहे थे। वहीं तहसील के एक अधिवक्ता की 67 (1) की पत्रावली में 21/ 2/ 2024 की कार्यवाही के बाद अग्रिम नियत तिथि 28/2/2024 पीठासीन अधिकारी तहसीलदार न्यायिक ने सुनवाई हेतु नियत की थी। किंतु अधिवक्ता का आरोप है कि, बीच में ही पीठासीन अधिकारी ने सांठ गांठ करके उक्त पत्रावली में 23/2/2024 को ही आदेश पारित कर दिया। इसके अलावा एसडीम, तहसीलदार प्रशासनिक, न्यायिक तहसीलदार व एसडीएम न्यायिक का न्यायालय में पत्रावलियों में आदेश न पारित किया जाना भी न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन बताया गया है। इस मौके पर विद्यासागर अवस्थी अध्यक्ष, गिरीश चन्द्र शुक्ला संरक्षक, देवी प्रसाद एडवोकेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट, शैलेंद्र सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सत्य प्रकाश मिश्रा, इम्तियाज अली समेत बड़ी तादात में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में घूम-घूम कर तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यालय नगर पंचायत खीरी जनपद - खीरी (उ0प्र0) 262702

पत्रांक : 359/न0प0 खीरी/ई-निविदा-सूचना/2023-24 दिनांक : 29 फरवरी 2024

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खीरी द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत, राज्य वित्त आयोग एवं 15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्नलिखित निर्माण कार्य कराने हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से दिनांक-02.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 समय - 11:00 बजे पूर्वाह्न तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिनके निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो निर्धारित

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, शुक्रवार, 1 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, पष्ठी(कृष्ण पक्ष)

डर बुराई की अपेक्षा से उत्पन्न होने वाला दर्द है।

अरस्तु

पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच

ए

आई2 माइक्रोसिस्टम्स एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है। इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है।

रूस पर लगे नए पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच भारत तक पहुंच गई है। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने के मौके पर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने रूस और उससे कारोबार कर रही विदेशी कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए। इस बार उन्होंने भारतीय कंपनियों को नहीं बख्शा, जबकि उसके पहले तक आम तौर पर रूस पर लगे प्रतिबंधों से भारत अछूता रहा था। ईयू के ताजा प्रतिबंधों के दायरे में सेमीकंडक्टर अनुसंधान से जुड़ी चेन्नई स्थित कंपनी एआई2 माइक्रोसिस्टम्स भी आई है।

इस कंपनी की भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना तकनीक मंत्रालय के साथ सहभागिता है। इस रूप में कहा जा सकता है कि परोक्ष रूप से ईयू के प्रतिबंधों के दायरे में भारत सरकार भी आ गई है। एआई2 माइक्रोसिस्टम्स के रूसी कंपनियों के साथ कारोबारी रिश्ते बताए जाते हैं। एक अखबार की खबर के मुताबिक उस पर एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है।

इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है। गुजरे दो साल में रूस के सस्ते कच्चा तेल को शोधित कर विश्व बाजार में बेचना कई भारतीय कंपनियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ। लेकिन आम अंदाजा है कि 2024 में इसे जारी रख पाना कठिन हो जाएगा। तो अब बड़ी तस्वीर यह उभरती है कि भू-राजनीतिक कारणों से पश्चिमी देश अब तक भारत के साथ जो खास रियायत बरत रहे थे, वह दौर अब गुजर रहा है।हाल में अन्य मामलों में भी दिखा है कि पश्चिमी देशों का भारत के प्रति रुख अचानक सख्त होने लगा है। संभवतः इसका कारण यह हो सकता है कि भू-राजनीतिक टकराव में अपने हक में भारत जिस भूमिका की उम्मीद उन्होंने बांधी थी, भारत ने उसके मुताबिक चलने से इनकार कर दिया।

रूस पर लगे नए पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच भारत तक पहुंच गई है। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने के मौके पर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने रूस और उससे कारोबार कर रही विदेशी कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए। इस बार उन्होंने भारतीय कंपनियों को नहीं बख्शा, जबकि उसके पहले तक आम तौर पर रूस पर लगे प्रतिबंधों से भारत अछूता रहा था।

आज का इतिहास

2000 - मोहम्मद अहमद अल गयूम के स्थान पर मुबारक अल शामेख लीबिया के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।

2001 - उत्तर-पश्चिमी अमेरिका में भूकम्प, फिजी की अंतरिम सरकार अवैध घोषित, लश्कर-ए-तोइबा सहित 21 आतंकवादी संगठनों पर ब्रिटेन में प्रतिबंध।

2002 - यूरो क्षेत्र के 10 देशों की मुद्रा समाप्त, %यूरो% अब 30 करोड़ लोगों की वैध मुद्रा बना।

2004 - रूस के राष्ट्रपति ने मिखाइल फ़्रैदकोव को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। हैती के राष्ट्रपति ज्यों बर्तरा एसिस्तदे देश छोड़कर दक्षिण अफ़्रीका भागे।

2005 - सोयूज-यू राकेट कजाकिस्तान के बैकानूर अंतरिक्ष केन्द्र से प्रक्षेपित।

2006 - अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश राजकीय यात्रा पर भारत पहुँचे।

2007 - अमूल्य नाथ शर्मा नेपाल के प्रथम बिशप बने।

2008- उत्तर प्रदेश के केबिनेट सचिव शशांक शेखर ने सचिवालय के शासकीय प्रधान का दायित्व तथा कैबिनेट मंत्री का दर्जा छोड़ा।

2008- निजी क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी वाणिज्य बैंक आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने न्यूयार्क में अपनी शाखा खोली।

2008-वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह पर बहते हुए पानी की मौजूदगी का कोई सबूत नहीं मिलने का दावा किया।

2009- राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने चावला को अगले मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने की घोषणा की। 2010- भारत के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सऊदी अरब यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि समेत व्यापार, विज्ञान-तकनीक, संस्कृति आदि क्षेत्रों में दस समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगना

नीरज कुमार दुबे

कर्नाटक में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाना और तमिलनाडु में द्रमुक की ओर से अपने विज्ञापन में चीनी झंडा लगाने की घटना सामने आने से राजनीति तो गर्माई ही है साथ ही देशवासियों का भी गुस्सा उबाल पर है। सवाल उठ रहा है कि इंडिया गठबंधन के दल आखिर पाकिस्तान और चीन के मुरीद क्यों हुए जा रहे हैं? सवाल उठ रहा है कि आखिर कौन थे वह लोग जो भारत की संसद के लिए निर्वाचित व्यक्ति की जीत की खुशी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे? सवाल उठ रहा है कि ये कौन लोग हैं जो खाते हिंदुस्तान का हैं मगर गाते पाकिस्तान का हैं? सवाल उठता है कि पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वालों को जब पाकिस्तान चले जाने का सुझाव दिया जाता है तो कुछ राजनीतिक दल उनके बचाव में क्यों खड़े हो जाते हैं? देश की जनता जानना चाहती है कि आखिर कौन थे वो लोग जो पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाकर निकल गये और अब तक गिरफ्तार नहीं किये गये हैं? देखा जाये तो अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाना कर्नाटक सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल है। कर्नाटक सरकार को चाहिए कि वह पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों को तत्काल गिरफ्तार करे। यदि तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देते हुए नारा लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी तो उनका हौसला बढ़ेगा और आने वाले समय में वह और भी गंभीर हरकत कर सकते हैं। याद रखना चाहिए कि कर्नाटक में पीएफआई जैसी ताकतें सक्रिय रही हैं इसलिए इस मामले को संवेदनशील समझते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान प्रेमियों को तगड़ा संदेश देना चाहिए।जहां तक द्रमुक की ओर से विज्ञापन में चीनी झंडा लगाने की बात है तो यह सीधे-सीधे देश की संप्रभुता पर हमला है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब द्रमुक की ओर से देश विरोधी बात की गयी हो। हम आपको बता दें कि इससे पहले द्रमुक के एक बड़े नेता ए राजा कह चुके हैं कि हमें अलग देश की मांग करने पर मजबूर नहीं किया जाये। इसके अलावा द्रमुक के एक सांसद संसद के भीतर ही उत्तर भारत पर गंभीर टिप्पणी कर विवाद खड़ा कर चुके हैं।

बहरहाल, यह सब दर्शाता है कि द्रमुक किस विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है। देखा जाये तो कर्नाटक और तमिलनाडु की घटनाएं देशवासियों के लिए चेतावनी भी हैं कि यदि गलती से भी देश गलत हाथों में गया तो अलगावावादियों की भांति सोच रखने वाले तत्व हावी हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही ही कहा है कि द्रमुक को सजा देने का समय आ गया है।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों को लेकर राजनैतिक हलचल

मृत्युंजय दीक्षित

वर्ष -2024 के लोकसभा चुनावों का शंखनाद बस होने ही वाला है। सीटों की संख्या की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सभी दल अधिकतम सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे रहे हैं। इस लक्ष्य को साधने के लिए प्रदेश में विपक्ष का इंडी गठबंधन बनकर तैयार हो गया है जिसमें समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का काफी ना- नुकुर के बाद तालमेल हो गया है। भारतीय जनता पार्टी रामलहर व विकास की लहर पर सवार होकर सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने की बात कह रही है और हर सीट पर केवल जिताऊ उम्मीदवार को ही टिकट देने का निर्णय कर चुकी है।वहीं बसपा अभी तक अकेले ही चुनावी मैदान में उतरने की बात कह रही है किंतु उसके सामने सबसे बड़ी समस्या टिकाऊ व जिताऊ उम्मीदवारों का न होना है। बसपा नेत्री मायावती को अब अपने ही सांसदों पर भरोसा नहीं रह गया है और कहा जा रहा है कि वह अपने सभी 10 सांसदो के टिकट काटने जा रही है ऐसे में टिकट कटने के भय व अपनी राजनीति को सुधारने की दृष्टि से कई सांसद पाला बदलने की तैयारी में लग गये हैं और कुछ ने पाला बदल भी लिया है। त्रिकोणीय संघर्ष में मायावती के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपना पिछला प्रदर्शन बचाकर रखना है। विगत 2019 के लोकसभा चुनावों में बसपा को सपा रालोद गठबंधन के साथ लड़ने के कारण 10 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई थीं किंतु अब समीकरण और गठबंधन दोनों ही काफी बदल गए हैं। बसपा सांसद एक के बाद एक मायावती का साथ छोड़कर जा रहे हैं। यह भी सुनने में आ रहा है कि बसपा के कई वर्तमान व पूर्व सांसद भाजपा व कांग्रेस के साथ संपर्क बनाकर चल रहे हैं। अभी तक बसपा के जो सांसद पाला बदल चुके हैं उनमें जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी सपा में जा चुके है जबकि बसपा का एक और चर्चित मुस्लिम चेहरा दानिश अली कांग्रेस में जा चुके हैं तथा एक और सांसद श्याम सिंह पहले यह भारतीय जनता पार्टी के साथ संपर्क में थे किंतु टिकट पक्का न हो पाने के कारण कांग्रेस में चले गये हैं। बसपा को सबसे बड़ा झटका दिया है उसके एकमात्र ब्राहण सांसद रितेश पाण्डेय ने जो अब भारतय जतना पार्टी के साथ चले गये है और इस बात की प्रबल संभावना है कि उन्हें भाजपा से टिकट मिल सकता। बसपा सांसद रितेश पाण्डेय उन सांसदों के समूह में भी शामिल थे जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के दौरान भोज पर बुलाया था।अंबेडकरनगर से बसपा सांसद रितेश पाण्डेय ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बसपा से इस्तीफा दिया और उसी दिन कुछ ही क्षणों के बाद भाजपा में शामिल हो गये। रितेश पाण्डेय ने 2019 के लोकसभा चुनावों में योगी सरकार के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा को हराया था और यह 2017 अंबेडकरनगर लोकसभा सीट के अंतर्गत जलालपुर विधानसभा सीट से विधायक भी बने थे। 2009 से 14 तक इनके पिता राकेश पाण्डेय भी बसपा के सांसद रह चुके हैं और इस परिवार का क्षेत्र में काफी गहरा प्रभाव माना जाता है। रितेश पाण्डेय बसपा के सबसे पढ़े लिखे सांसद थे। उन्होंने 2005 में लंदन के यूरोपियन बिजनेस स्कूल से इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। रितेश ने ब्रितानी युवती कैथरीना से प्रेम विवाह कर अपना घर बसाया है।सांसद बनने के बाद मायावती ने 2020 में लोकसभा में दल का

नेत भी बनाया था इसके बावजूद उनका कहना है कि बसपा में उनकी उपेक्षा की जा रही है जबकि एक बड़ी सत्यता यह भी है कि चूंकि वह बसपा से अंबेडकरनगर के सांसद थे और अपनी व जनमानस की इच्छाओं के अनुरूप अपने क्षेत्र का विकास नहीं कर पा रह थे और आगामी लोकसभा चुनावों में रामलहर के कारण अपनी पराजय भी स्पष्ट रूप से समझ रहे थे क्योंकि जिस प्रकार बहिन मायावती ने श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया उसके कारण उनकी बची- खुची लोकप्रियता का किला भी ध्वस्त हो गया । बसपा सांसदों को यह भी पता है कि इस बार उन्हें सपा काडर का वोट नहीं मिलने जा रहा है। लाभार्थी योजनाओं के कारण भारतीय जनता पार्टी ने अब बसपा के असली वोटबैंक जाटव और दलित समाज तथा पसमांदा समाज के वोटबैंक में सेंध लगाने के लिए कमर कस ली है। बसपा की एक और संसद संगीता आजाद भी भाजपा नेताओं के साथ संपर्क में बनीं हुई हैं। इसी प्रकार कई अन्य बसपा नेता भी भाजपा के संपर्क में बताये जा रहे हैं। इस बीच यह भी खबर है कि बसपा के मुस्लिम सांसद गुड्डू जमाली सपा के साथ संपर्क में हैं। बसपा के समक्ष उसकी सबसे बड़ी समस्या है कि उसके पास अपने गिरते ग्राफ को सुधारने के लिए कोई होनहार नेता नहीं है। बसपा को उत्तर प्रदेश में वर्ष 2007 में 30 प्रतिशम मत मिले थे जबकि 2022 के विधानसभा चुनावों में मात्र 12 प्रतिशत मत मिल और केवल एक विधायक ही विधानसभा में पहुंच सका। बहिन मायावती जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बनी तब उनकी सरकार में घोटालों की बाढ़ आयी हुई थी और मुस्लिम तुष्टिकरण भी चरम सीमा पर रहता था।मायावती के कई बाहुबली विधायकों पर महिलाओं के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध करने के आरोप भी लगे। इनके कारनामों के कारण 2014 में बसपा को एक सीट भी नहीं मिली। बसपा नेत्री मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी का नया उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है किंतु उनकी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता उनके इस निर्णय को पूरी तरह से पचा नहीं पा रहे हैं और अभी उनकी इतनी पकड़ भी प्रदेश की रानजीति में नहीं है। बसपा नेता मायावती सदा भ्रम में रहती हैं और कभी भी स्पष्ट विचारों वाली राजनीति नहीं कर पा रही हैं।हालांकि वह महिलाओं, दलितों व अल्पसंख्यकों के मुद्दों पर आरक्षण के नाम पर हमलावर रहती हैं लेकिन अब उनमें अपील नहीं बची है हालांकि जाटव समाज का एक बड़ा तबका आज भी मायावती को ही अपनी पहली पसंद बताता है। मायावती राजनैतिक भ्रम का शिकार हैं। कभी ब्राहमणों पर हो रहे अत्याचार को मुददा बनाकर चुनावी मैदान में उतर जाती हैं जब वह चुनाव नहीं जीत पाती तब वह ब्राहमण समाज को भूल जाती हैं।उनकी राजनीति की सबसे बड़ी समस्या मुस्लिम समाज का वोटबैंक भी हैं दरअसल यह वही मायावती हैं जिन्होंने विगत विधनसभा चुनावों में अल्पसंख्यक तुष्टिकरण को पैनी धार देने के लिए मुस्लिम समाज से अयोध्या में बाबरी मस्जिद बनवाने का वादा किया था और एक 50 पृष्ठों की एक बुकलेट प्रकाशित करवायी थी। बसपा की वेबसाइट पर आज भी हिंदू सनातन विरोधी बयानों को देखा जा सकता है। बसपा का मूल विचार हिंदू सनतान विरोधी है और यह लोग हिंदू देवी देवताओं का घोर अपमान करते हैं तथा दूर दराज के गांवों में बसपा कार्यकर्ता जाटव व अन्य दलित समाज को भड़काते रहते है।बसपा कभी तिलक, तराजू और तलवार के खिलाफ नारा लगाती है और फिर अपनी जमीन को सुधारने के लिए 2022 के विधानसभा चुनावों में जयश्रीराम भी बोलती हैं । देश का जनमानस इन मायावी नेताओ को अच्छी तरह से समझ चुका है। बसपा ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करके अपना राजनैतिक अंत कर लिया है और यही कारण है कि बसपा के अच्छे सांसद व नेता अब अपना राजनैतिक भविष्य सुधारने की तैयारी करने के लिए पार्टी छोड़कर जा रहे हैं।

आतंकवाद के मुद्दे पर अमेरिका और भारत साथ-साथ हैं

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत और अमेरिका के आपसी संबंध समय-समय पर कभी बहुत मधुर और कभी अत्यधिक गर्म होने के साथ ही विरोधाभासी दिखाई देते रहे हैं। किंतु इसके बावजूद एक स्थिति है जो कभी नहीं बदली, वह है आतंक के मुद्दे पर दोनों देशों का समान दृष्टिकोण। दोनों देश, भारत-अमेरिका ने आतंक से अब तक कोई समझौता नहीं किया है। आतंक किसी भी तरह का हो उसका समाप्त होना आवश्यक है, यही इन दोनों देशों की नीति रही है। इसलिए तमाम विरोधाभासों के बीच भी यह दोनों देश आतंक के मुद्दे पर बार-बार मिलते हैं और इसके संपूर्ण समापन के लिए मिलजुल कर प्रभावी योजनाएं बनाकर रणनीतिक तौर पर परिणामकारी कार्य करते रहे हैं । वस्तुतः हाल ही में हुई इस विषय से संबंधित दोनों देशों की बैठक, होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग (एचएसडी) ने फिर एक बार साफ कर दिया है कि आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर क्राइम, संगठित अपराध और ड्रग्स ट्रैफिकिंग समेत सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर भारत और अमेरिका एक तरह से ही सोचते हैं। दोनों ही देशों ने फिर एक बार आतंकवादियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा करने की क्षमता को बाधित करने

की दिशा में उपायों पर चर्चा की है । इनका दुनिया के सभी देशों से कहना है कि वे तत्काल ऐसे अपरिवर्तनीय कदम उठाएं जिससे यह सुनिश्चित हो कि उनके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का उपयोग आतंकवादी हमलों के लिए नहीं किया जाएगा । मीटिंग में दोनों देशों के बीच आंतरिक सुरक्षा संवाद, सहयोग के साथ ही खुफिया जानकारी साझा करने पर भी बात हुई है। आज जब देश की राजधानी दिल्ली में भारत की तरफ से केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिका से होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की कार्यवाहक उप-सचिव क्रिस्टी केनेगेलो और इनके प्रतिनिधिमंडल आपस में मिले हैं, तब फिर से आतंकवाद से जुड़े कई विषयों पर समान रूप से सहमति बनती दिखाई दी है। दोनों पक्षों ने आतंकवादी वित्तपोषण का मुकाबला करने, नार्को-तस्करी और आतंकवाद से इसके जुड़ाव, संगठित अपराध और टेरर फंडिंग, कट्टरता को रोकने और उसका मुकाबला करने, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए इंटरनेट का उपयोग, मानव रहित एरियल सिस्टम, वर्चुअल एसेट्स और डार्क वेब और उभरती प्रौद्योगिकियों का आतंकवादी उद्देश्यों के लिए उपयोग समेत आतंकवाद रोधी चुनौतियों पर जोर देने पर गहरा विचार-विमर्श हुआ है। यहां अमेरिका से भारत ने संगठित अपराध और टेरर फंडिंग के मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं । मीटिंग में भारत की तरफ से अमेरिका की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ न हो और खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों पर अमेरिका पूरी निगरानी रखने के साथ उनकी रोकथाम करने का उपाय भी करे, इसके लिए भी कहा गया है । भारत से साक्ष्यों के साथ अमेरिका का आज यह बताया है कि कैसे यूएस में बैठे कुछ खालिस्तानी समर्थक भारत में अलगाववाद तत्वों को वित्तीय और अन्य तरह से मदद मुहैया करा रहे हैं। जिसे तत्काल रोके जाने पर भारत का जोर है । इसमें कुल मिलाकर भारतीय पक्ष ने खालिस्तानी आतंकवाद के मुद्दे पर अपना रुख पूरी तरह से अमेरिका के समक्ष स्पष्ट कर दिया है। बातचीत के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी और सुरक्षा क्षेत्रों में चल रहे सहयोग की समीक्षा की है। साथ ही आज द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने के लिए, दोनों पक्षों ने अमेरिकी संघीय कानून प्रवर्तन प्रशिक्षण केंद्र और भारत के सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के बीच कानून प्रवर्तन प्रशिक्षण पर सहयोग के एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं । इसके साथ ही आगे के लिए यह तय हो गया है कि भारत और अमेकिरा दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी होमलैंड सुरक्षा वार्ता के अगले दौर के लिए आगे वाशिंगटन डीसी में मिलेंगे और इस बात की समीक्षा करेंगे कि हमने संयुक्त रूप से मिलकर जो लक्ष्य आतंकवाद के खिलाफ तय किया था, उसमें कितनी सफलता पाई है। इससे पहले पिछले जब पिछले साल दिसंबर में अमेरिकी सिक्योरिटी एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे का भारत आना हुआ था, तब भी इसी प्रकार से भारत-अमेरिका ने आतंक के विषय पर एक समान नीति को आगे बढ़ाने पर जोर दिया था ।

अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरुआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है। अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं।

इस बार लोकसभा चुनाव में बसपा सर्वाधिक संकट में

मृत्युंजय दीक्षित

लोकसभा चुनाव का शंखनाद होने ही वाला है। सीटों की संख्या की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सभी दल अधिकतम सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इस लक्ष्य को साधने के लिए प्रदेश में विपक्ष का इंडी गठबंधन बनकर तैयार हो गया है, जिसमें समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का काफी ना-नुकुर के बाद तालमेल हो गया है। भारतीय जनता पार्टी सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिए तैयार है। बसपा अभी तक अकेले ही चुनाव मैदान में उतरने की बात कह रही है। वह भी तब, जब अपने ही सांसदों पर भरोसा नहीं रह गया है। कहा जा रहा है कि वह अपने सभी 10 सांसदों के टिकट काटने जा रही हैं। ऐसे में टिकट कटने के भय व अपनी राजनीति को सुधारने की दृष्टि से कई सांसद पाला बदलने की तैयारी में हैं। कुछ ने को पाला बदल भी लिया है।

त्रिकोणीय संघर्ष में मायावती के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपना पिछला प्रदर्शन बचाकर रखना है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा को सपा-रालोद गठबंधन के साथ लड़ने के कारण 10 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। अब समीकरण और गठबंधन दोनों ही काफी बदल गए हैं। बसपा सांसद एक के बाद एक मायावती का साथ छोड़कर जा रहे हैं। अभी तक बसपा के जो सांसद पाला बदल चुके हैं उनमें जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी सपा में जा चुके है जबकि बसपा का एक और चर्चित मुस्लिम चेहरा दानिश अली कांग्रेस में जा चुके हैं तथा एक और सांसद श्याम सिंह पहले यह भारतीय जनता पार्टी के साथ संपर्क में थे, किंतु

टिकट पक्का न हो पाने के कारण कांग्रेस में चले गए हैं। बसपा को सबसे बड़ा झटका दिया है उसके एकमात्र ब्राहण सांसद रितेश पाण्डेय ने जो अब भारतीय जतना पार्टी का दामन थाम चुके हैं। बसपा सांसद रितेश पाण्डेय उन सांसदों के समूह में भी शामिल थे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के दौरान भोज पर बुलाया था।अंबेडकरनगर से बसपा सांसद रितेश पाण्डेय ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बसपा से इस्तीफा दिया और उसी दिन कुछ ही क्षणों के बाद भाजपा में शामिल हो गए। रितेश पाण्डेय ने 2019 के लोकसभा चुनाव में योगी सरकार के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा को हराया था। 2009 से 20414 तक इनके पिता राकेश पाण्डेय भी बसपा के सांसद रह चुके हैं और इस परिवार का क्षेत्र में काफी गहरा प्रभाव माना जाता है। रितेश पाण्डेय बसपा के सबसे पढ़े लिखे सांसद थे। उन्होंने 2005 में लंदन के यूरोपियन बिजनेस स्कूल से इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। रितेश ने ब्रितानी युवती कैथरीना से प्रेम विवाह कर अपना घर बसाया है। सांसद बनने के बाद मायावती ने 2020 में लोकसभा में दल का नेता भी बनाया था। इसके बावजूद उनका कहना है कि बसपा में उनकी उपेक्षा की जा रही थी। जिस प्रकार मायावती ने श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया उसके कारण उनकी बची-खुची लोकप्रियता का किला भी ध्वस्त हो गया । कहा जा रहा है कि बसपा की एक और सांसद संगीता आजाद कभी भी पाला बदल सकती हैं। यही हाल बसपा के मुस्लिम सांसद गुड्डू जमाली का बताया जा रहा है। बसपा को उत्तर प्रदेश में वर्ष 2007 में 30 प्रतिशत मत मिले थे जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र 12 प्रतिशत मत मिले।केवल एक विधायक ही विधानसभा में पहुंच सका। मायावती के राज में घोटालों की बाढ़ से सब परिचित हैं। उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति भी जगजाहिर है। बसपा नेत्री मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी का नया उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है किंतु उनकी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता उनके इस निर्णय को पूरी तरह से पचा नहीं पा रहे हैं। मायावती राजनीतिक भ्रम का शिकार हैं।

टावर पर चढ़ कर नशेड़ी युवक ने किया हाई-वोल्टेज ड्रामा

■पुलिसकर्मियों की मान-मनौव्वल पर चार घण्टे बाद उतरा युवक

■मानसिक रोगी है अनिल, पहले भी पेड़ पर चढ़कर कर चुका ड्रामा

महमूदाबाद परिसर में लगे पीपल के पेड़ पर चढ़कर काफी ड्रामा कर चुका है।

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली के केदारपुर में गुरुवार को दिन में करीब 11 बजे एक युवक नशे में एयरटेल टावर पर चढ़ गया। युवक करीब चार घण्टे तक टावर पर चढ़ा रहा। इस बीच पुलिस व गांव के लोग उसे समझाने के तमाम प्रयास किए। युवक नशे में होने के साथ मनोरोगी बताया जा रहा है। यह युवक पूर्व में 11 फ़रवरी 2019 को कोतवाली केदारपुर निवासी अनिल उम्र 30 वर्ष पुत्र राम तीरथ गुरुवार को करीब 11 बजे गांव में लगे एयरटेल टावर पर चढ़ गया। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अमित पाण्डेय पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और टावर पर चढ़े युवक को नीचे उतरने के लिए काफी समझाया-बुझाया किन्तु युवक कोई बात नहीं सुन रहा था। पुलिस व ग्रामीण टावर के नीचे जाल तानकर अनिल को नीचे उतरने की मान मनौव्वल करते रहे। इस बीच अनिल टावर पर कुछ देर के लिए लेटा भी रहा। करीब चार घण्टे के बाद अनिल टावर से उतरा तब मौके पर मौजूद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। अनिल को मानसिक रोगी होने के साथ नशेड़ी बताया जा रहा है। अनिल इससे पूर्व कोतवाली परिसर में लगे ऊंचे पीपल पर 11 फ़रवरी 2019 को चढ़कर कर ड्रमा कर चुका है।

बाइकों की भिड़ंत में जख्मी अधेड़ ने ट्रामा सेंटर लखनऊ में तोड़ा दम

■बेटी की शादी के निमंत्रण कार्ड बाँटने जाते समय हुआ था हादसे का शिकार

रेउसा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना क्षेत्र में तंबौर-रेउसा मार्ग पर खरौहां गांव के पास विगत 19 फ़रवरी को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में घायल अधेड़ की दस दिन बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। रेउसा थाना क्षेत्र के कोड़री गांव निवासी अनिल मिश्रा उम्र 55 वर्ष पुत्र राघवाचारी अपनी बेटी की शादी के निमंत्रण कार्ड बांट रहे थे। वह सेवता, खरौहां आदि गांवों को निमंत्रण कार्ड बांटने गए थे।

जहां से वापस रेउसा की तरफ जा रहे थे। वहीं क्षेत्र के बटौहा गांव निवासी रोहित अपने पिता विश्राम के साथ रेउसा की तरफ से अपने गांव बटौहा जा रहे थे। तभी खरौहां गांव के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी। जिसमें अनिल मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अन्य लोगों को भी चोटे आई थी। एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा ले जाया गया था। जहां अनिल मिश्रा की हालत को गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। करीब दस दिन बाद अनिल मिश्रा की लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने शव घर ले जाकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं समाचार प्रेषित किए जाने तक मृतक के परिजनों की ओर से रेउसा थाने में कोई तहरीर नहीं दी गयी।

संक्षिप्त आवाज़

सड़क हादसे में मजदूर की मौत

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात काम करके घर वापस आ रहे मजदूर की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव धरनाग नेवादा निवासी लालता उम्र 25 वर्ष नैपालापुर में सीमेंट सरिया की दुकान पर मजदूरी करता था। देर रात लालता बाइक से घर वापस आ रहा था। रास्ते मे सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर नानकारी पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनाना करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया स्नेह संवाद कार्यक्रम

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने गुरूवार को कचनार गांव में स्नेह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र मो. नईम मौजूद रहे। इनके अलावा प्रो. रोमा जोसेफव अथर सिद्दीकी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थिति रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मो. नईम ने कहा कि भाजपा सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिये काम कर रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंच रहा है। उन्होने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के लोगों की जो भी समस्याएं है उनका निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष के आगमन पर सिधौली में अमीममुल्ला, प्रेम मसीह, अमीर हसन, इसरत अली, जुनैद खान, आशुतोष मिश्रा, जकी अहमद, मुदस्सर खान, वसीक अहमद ने स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग से लाखों का नुकसान

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तंबौर कस्बे के ग्राम बिसवां खुर्द रोड पर स्थित गोल्डेन प्लाईवुड फेक्ट्री के चैंबर में आग लग गयी। इस अग्निकांड में लाखों रुपये का सामान जल कर नष्ट हो गया। बताया जाता है ज्यादा हीट होने की वजह से आग लग गयी। फैक्ट्री के कर्मियों सहित फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर खासी मशक्कत कर आग की लपटों पर काबू पाया।

उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य बने हरीश

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नगर के मोहल्ल बेहटी निवासी प्रमुख समाजसेवी हरीश रस्तोगी को उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के तहत जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद का गैर सरकारी सदस्य मनोनीत किया गया। हरीश रस्तोगी को जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद का सदस्य मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा, पूर्व सभासद उमेश मेहरोत्रा, निरंकार मल्होत्रा, वीरेन्द्र पुरी, विशाल कपूर, अखिलेंद्र यादव, समाजसेवी हसीन अंसारी, मनोज गुप्ता, रामे बाजपेई नगर अध्यक्ष भाजपा, प्रमोद बाजपेई एडवोकेट, पूर्व पालिका परिषद अध्यक्ष हसीन खान, नारायण मल्होत्रा, रघुवंश अवस्थी,विवेक शुक्ला, मनमोहन गुप्ता, सहित भारी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई दी।

महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर आज आयेंगे परिवहन मंत्री

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं अलंकरण समारोह एक मार्च शुक्रवार को संस्था परिसर में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार दया शंकर सिंह व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या होंगी। यह जानकारी देते हुए प्राचार्या डॉ. सीमा सिंह ने बताया कि समारोह 11बजे से शुरू होगा।

मंडल अध्यक्ष ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भाजपा की लाभार्थी संपर्क अभियान योजना के तहत झरेखापुर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गुरूवार को विधानसभा हरगांव के मंडल झरेखापुर के बूथ सरैया राह, बड़ेलिया, पगुरोई, उमरी, शाहपुर, बडखेरवा, निगोहा, देना, उमरी, मुबारकपुर आदि गांवों मे लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से हरगांव विधानसभा के भाजपा झरेखापुर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, अनुज शुक्ल, पंकज पांडेय, अर्पित सिंह, अभय सिंह, चन्द्रभाल कनौजिया आदि लोग शामिल रहे।

सचल दस्तों ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सचल दलों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल नकल विहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से सक्रियता बढ़ा दी गई है। सायंकालीन पाली में हाईस्कूल के कृषि विज्ञान तथा इंटरमीडिएट के गणित व जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र के दौरान जीआईसी प्रधानाचार्य दिनकर द्विवेदी के नेतृत्व में दो टीमों ने सीता इंटर कॉलेज पहुंच कर निरीक्षण किया। चल रही सभी 25 कक्षों में टीम ने सघन जांच की। जहां परीक्षा यूपी बोर्ड के निर्धारित मानदंड़ों के मुताबिक शांतिपूर्ण ढंग से होती पायी गई।

आशा बहुओं को पिटवाने के लिये अधीक्षक ने बुलाई पुलिस

■अस्पताल से उठा कर फेंक देने की धमकी देने का आरोप

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। आशा बहू कल्याण समिति के बैनर तले सीएचसी परिसर में धरने पर बैठी आशा बहुओं ने सीएचसी अधीक्षक डा.आर.के.वर्मा पर धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की माँग की है। संगठन के संरक्षक चन्द्रिका प्रसाद रावत ने प्रभारी निरीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया कि पहले अधीक्षक ने आन्दोलनकारी आशाबहुओं को पिटवाने के लिए पुलिस बुला ली परन्तु मौके पर मौजूद संगठन की कार्यकर्ताओं ने पुलिसकर्मियों को ज्ञापन दिखा दिया। बाद में दोपहर डेढ़ बजे धरनास्थल पर पहुंचकर आशा बहुओं को अस्पताल से उठा कर फेंक देने की धमकी दी तथा मौके पर मौजूद गीता, प्रेमलता, संगीता, रमा और सुनीता आदि आशाओं के साथ धक्का-मुक्की की। सी.एच.सी. अधीक्षक डा. वर्मा ने बताया कि आशा बहूओं ने स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्यद्वार को जाम कर दिया था, जिससे एम्बुलेंस आने में दिक्कत हो रही थी। इसके अतिरिक्त आशा बहुओं द्वारा मरीजों के साथ भी बदसुलूकी की जा रही थी। उन्होंने धक्का-मुक्की व अभद्रता किये जाने सम्बन्धी आशा बहुओं के आरोपों को निराधार बताया है।

भाजपा नेता ने सरकारी जमीन पर किया कब्जा

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। क्षेत्र के एक भाजपा नेता पर सरकारी भूमि कब्जाने का आरोप लगा है। इलाके के रामनिवास विश्वकर्मा ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम मुडियाकैल में भाजपा नेता पवन सिंह द्वारा कब्जाई गयी सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है। उनका कहना है कि जिस जमीन पर पवन सिंह ने कब्जा कर रखा है, वह दीगर जंगल के नाम से सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। इस स्थान पर सैकड़ो वर्षो से जंगलीनाथ बाबा का आश्रम स्थित है, तथा मेला भी लगता है। भाजपा नेता पवन सिंह ने इस सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है और उस पर ईट से पटान करा रहें है। वहीं दूसरी भूमि पर भट्ठे का मलबा एकत्रित कर कब्जा कर लिया है। इससे लोगो को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों का आरोप है कि कब्जेदार भाजपा नेता अब जंगलीनाथ बाबा का मेला भी नहीं लगने दे रहे है।

बीआरसी मिश्रिख में नोडल शिक्षको का प्रशिक्षण शुरू

मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ब्लॉक संसाधन केंद्र मिश्रिख पर समग्र शिक्षा अभियान के तहत समेकित शिक्षा विभाग की ओर से नोडल शिक्षकों का पाँच दिवसीय द्वितीय चरण का प्रशिक्षण बुधवार को शुरू हुआ। कार्यशाला में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इन शिक्षकों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण आफ्लाइन व 80 दिवसीय प्रशिक्षण आनलाइन दीक्षा पोर्टल से लेना है। खंड शिक्षा अधिकारी कपिल देव द्विवेदी के मार्गदर्शन में नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिये प्रशिक्षित किया गया। दिव्यांगता की पहचान कर उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कक्षा शिक्षण में विशेष शिक्षण अधिगम सामग्री तथा सहायक उपकरणों के प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। संदर्भदाता बुद्धेशरण रावत ने दृष्टि दिव्यांग बच्चो के उपकरण ब्रेल केन, स्मार्ट केन का प्रयोग, टेलर फ्रेम पर गिनती व जोड़, घटाना, गुणा-भाग सिखाया। उपेंद्र श्रीवास्तव ने समर्थ एप के बारे मे विस्तार से चर्चा की। विश्व मोहिनी ने आई.ई.पी. के बारे मे जनकारी दी। रोशन लाल ने सांकेतिक भाषा के बारे में जनकारी दी। प्रशिक्षण में शिक्षक पंकज सिंह चौहान, अजीत कुमार, आदित्य कुमार, सुरेश कुमार, सैयद सरताज हसन, सहनाज बेगम, सुशील कुमार, नंदनी मिश्रा, गीता यादव प्रेमवती, महीप सक्सेना, ओम प्रकाश, विनय कान्त, लक्ष्मी वैश्य, सहायक लेखाकार सुधाकर, आतिफहसन, राम सनेही आदि मौजूद रहें।

जायद फसलो की वैज्ञानिक खेती के प्रति किया जागरूक

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ब्लॉक परिसर में बुधवार को प्रमुख रामबख्श रावत की अध्यक्षता में किसान उत्सव दिवस का आयोजन हुआ। जायद कृषक गोष्ठी में मौजूद किसानों को शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त के हस्तांतरण का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने गोष्ठी में किसानों को जायद की फसलों की वैज्ञानिक खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, केवीके वैज्ञानिक डा.वी.के.सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि योगेश कुमार शर्मा सहित अन्य किसान मौजूद रहें।

गन्ने का सर्वे छूटने पर किसान की पत्नी की बिगड़ी तबीयत

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। दि सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां मिल के क्षेत्रीय गांव बगहाढांक के निवासी किसान का गन्ना कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी गन्ना सर्वे न हो पाने के चलते किसान को सस्ते मूल्य पर गन्ना बेचना भारी पड़ गया। आहत किसान की पत्नी का स्वास्थ खराब होने पर उसे निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति सामान्य होने पर उसे घर भेज दिया गया है। ग्राम बगहाढांक निवासी किसान अशोक कुमार ने बताया कि दि सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां अंतर्गत छोटे गन्ना किसान है जिसका 2953/71 कोड नम्बर है उनके द्वारा अपने आठ बीघे के खेत में गन्ने की फसल लगाई गई थी। किसी कारणवश उनके गन्ने की फसल का सर्वे छूट गया था। फैक्ट्री चालू होते ही किसान के द्वारा लगातार फैक्ट्री और गन्ना समिति के अधिकारियों से संपर्क किया जाता रहा सभी के आश्वासन मिलने पर किसान उम्मीद लगाए बैठा रहा परंतु अंततः उसके गाने की फसल को दर्ज न किए जाने व लंबे समय तक इंतजार करने के बाद निराश, मजबूर किसान ने अपने गन्ने को गुड़ भट्ठी पर सस्ते मूल्य पर बेंच दिया इस घटना से आहत उसकी पत्नी का स्वास्थ्य इस तरीके से बिगड़ा कि उसे एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां दूसरे दिन उसकी हालत सामान्य होने पर उसे घर लाया गया। इस संबंध में क्षेत्रीय गन्ना विकास निरीक्षक प्रभात सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि महीने में एक बार साइड खुलती है तभी सर्वे अपडेट होता है। मामला मेरे संज्ञान में नहीं है नहीं तो अब तक सर्वे अपडेट करवा दिया जाता है। किसान की पत्नी के अस्वस्थ होने के और भी कारण हो सकते हैं।

शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करता रहा युवक

■विरोध करने पर युवक के परिजनों ने युवती को दी जान से मारने की धमकी

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तंबौर थाना इलाके के एक गांव में शादी का झांसा देकर एक युवक अपनी प्रेमिका का शारीरिक शोषण करता रहा। युवती ने जब शादी की बात की तो युवक ने न सिर्फ इंकार किया बल्कि युवक के परिजनों ने युवती को जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पीड़िता ने पूरे घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रेप व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला तंबौर थाना इलाके के गौर चौखड़िया गांव का है। जहाँ की रहने वाली 20 वर्षीया युवती का गांव के ही रहने वाले युवक से काफी लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि युवक शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। युवती ने जब शादी की बात कही तो युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसकी शिकायत करने जब पीड़िता उसके घर पहुची तो युवक के परिजनों ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने इस बाबत तंबौर थाने में तहरीर दी जिस पर पुलिस ने युवक समेत पिता व भाई के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

■यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

■सीडीओ की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुयी। इस मौके पर सीडीओ ने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा के उपायों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाये तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिये कि लखनऊ सीतापुर मार्ग पर बिजवार क्रासिंग ओवरब्रिज से पूर्व संकेतक स्थापित कराया जाये, जिससे वाहन चालकों को मार्ग की सही जानकारी मिल सके। चिन्हित ब्लैक स्पाट पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालयों में विद्यालययान सुरक्षा समितियों की बैठकें समय से आयोजित करायी जायें। स्कूली वाहनों का फिटनेस समय से हो तथा वाहन के चालकों व परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पुलिस सत्यापन भी समय से कराया जाये। स्कूली वाहनों में स्थापित अग्निशमन यन्त्रों के संचालन का प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि मानक विहीन एवं असुरक्षित वाहनों से स्कूली बच्चों को कदापि न ले जाया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाया जाये। विशेषकर गन्ने की ढुलाई में लगे वाहनों में रिफ्लेक्टर अवश्य लगवायें। ओवरलोडिंग करते पाये जाने पर कार्यवाही की जाये। बैठक के दौरान एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतिमा अनावरण व राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आज

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ज्ञान दायिनी मां शारदे, सीता रस्तोगी, लक्ष्मीकांत रस्तोगी व राष्ट्रवादी कवि महेंद्र कुमार शास्त्री सरल की प्रतिमाओं का अनावरण सीता इंटर कालेज के हिंदी मीडियम जूनियर भवन में एक मार्च शुक्रवार की सुबह साढ़े नौ बजे अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा। उक्त जानकारी देते हुए सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह साढ़े नौ बजे सीता ग्रुप ऑफएजूकेशन की हिंदी मीडियम जूनियर भवन परिसर में स्थापित होने वाली मां शारदे, सीता रस्तोगी, लक्ष्मीकांत रस्तोगी तथा राष्ट्रवादी कवि महेंद्र कुमार शास्त्री सरल की प्रतिमाओं का अनावरण मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. अम्मार रिजवी, कार्यक्रमाध्यक्ष पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि मुंड गोपाल आश्रम के महंत सत्यानंद जी महाराज द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा। कवि सम्मेलन में राम किशोर तिवारी, अरुणेश मिश्र, रजनीश मिश्र, अवधेश नमन, डॉ. रजनीश मिश्र, वागीश दिनकर सहित कई अन्य कवि कविता पाठ करेंगे।

राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण व सम्मान समारोह का आयोजन

बिसवां-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नगर के नरसिंह धाम मंदिर सभागार में राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडस्ट्रीज के मार्केटिंग डेवलपमेंट इंचार्ज सौरभ कुमार श्रीवास्तव ने राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि वे घर बनाते समय उसकी मजबूती पर ध्यान दें। घर मजबूत, टिकाऊ होने के साथ सुन्दर व आकर्षक बने इसके लिये हमेशा गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाये। घर बनाते समय घर की वाटर प्रूफिंग करने के लिये दिवारों की फ्यूंदी व लोना को हटायें और बाथरूम व किचन की सीलन को भी अस्थाई रूप से हटाने का काम करें। उन्होंने कहा कि घर बनाते समय इन छोटी छोटी बातो का ध्यान रखते हुए एक अच्छा निर्माण कार्य किया जा सकता है। हम किस तरह से छोटी छोटी सावधानियों के साथ भवन की आयु बढ़ा सकते है। एक दिवसीय कार्यशाला व सम्मान समारोह में बिसवा क्षेत्र के लगभग 50 से अधिक शिल्पकार बन्धुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर क्षेत्र के आर्किटेक जितेंद्र भंडेल मुकेश शर्मा, मनीष शर्मा व चन्दन शर्मा मौजूद रहे। कार्यशाला में राजमिस्त्रियों व शिल्पकारों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।

सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

■कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर को भी चेक किया

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मुख्य चिकित्साधिकारी डा हरपाल सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लेबर रूम, ओपीडी, एक्सरे रूम के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा वार्डो की साफसफाई के साथ साथ बाउंड्रीवाल, नए वार्डो का निर्माण तथा कर्मचारियों की उपस्थिति चेक किया। इलाके के गुड़पुरवा में टीकाकरण सत्र का निरीक्षण भी किया। इस दौरान अधीक्षक सर्विलांस मेडिकल ऑफीसर डॉ पीयूष रंजन, डिस्ट्रिक्ट मोबिलीजेर कोऑर्डिनेट मुन्तकिब खान समेत सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार उपस्थित थे। तंबौर इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से क्लीनिक व अस्पताल संचालित है।

जिन पर विभागीय कार्रवाई करने से स्थानीय सेहत महकमे के अधिकारी परहेज करते हैं।

सीएमओ द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आस पड़ोस में ही संचालित निजी क्लीनिको और जांच केंद्रों की पड़ताल करना तक मुनासिब नहीं समझा गया। यही नहीं सीएमओ के निरीक्षण के दौरान निजी अस्पताल चलाने वाला एक कथाकथित संचालक भी अस्पताल में निरीक्षण के दौरान जी हुजूरी में लगा दिखा।

कैम्प लगा कर 16 लाख 22 हजार का बांटा ऋण

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। आर्यावर्त बैंक की बाड़ी शाखा ने ग्राम पंचायत मुराहाडीह मजरा मोहद्दीपुर में कैम्प लगाया। आर्यावर्त बैंक की शाखा प्रबन्धक मोहिनी कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में क्षेत्रीय प्रबंधक एके सक्सेना बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहें। इस दौरान लगभग 30 लाख के ऋण आवेदन पत्र प्राप्त किये। 16 लाख 22 हजार रूपये का ऋण वितरण भी किया गया। इस मौके पर क्रेडिट डिपार्टमेंट के राकेश कुमार, एफआई डिपार्टमेंट के एफएलसी सलाउद्दीन रहमानी, बीमा विभाग से हिमांशु शुक्ला, इंद्रपाल सिंह, ग्राम प्रधान परशुराम सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

पिछड़ा समाज के उत्थान में जुटी भाजपा सरकार: नरेन्द्र कश्यप

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्योग जन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के कल्याण में लगी हुई है। इस सरकार में पिछड़ा समाज का जितना कल्याण हुआ उतना किसी अन्य सरकार में नही हुआ।

गैर भाजपा सरकारों में पिछड़े वर्ग के लोगों का जमकर शोषण हुआ। सपा, बसपा व कांग्रेस सरकारों नें पिछड़े वर्ग के लोगों से चुनाव में वोट तो ले लिये लेकिन सत्ता में आने के बाद उनसे किये गये वादों को भूल गई। उन्होने पिछड़े वर्ग के लोगों से भाजपा प्रत्याशियों को लोकसभा चुनाव में जिताकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। कारागार राज्य मन्त्री सुरेश राही ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग के लोगों के हित में अनेकों योजनायें संचालित की हैं। उन्होने लोकसभा चुनाव मे लोगों से कमल को ही अपन प्रत्याशी मानने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष रामजीवन जायसवाल, पिछड़ा वर्ग अवध क्षेत्र अध्यक्ष शिवनायक वर्मा, पिछडा वर्ग महामन्त्री एवं कार्यक्रम आयोजक धर्मेन्द्र यादव, प्रधान प्रतिनिध खमौना श्याम कुमार राठौर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा अकील अंसारी, त्रिभुवन वर्मा, कुलदीप यादव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

अकबरपुर क्रिकेट क्लब ने जीता फाइनल मुकाबला

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। अकबरपुर में शारदा नदी तट पर स्थित शारदा क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला अकबरपुर क्रिकेट क्लब और मर्सी क्लब तंबौर के बीच हुआ। जिसमें अकबरपुर क्रिकेट क्लब विजयी रहा। अकबरपुर क्रिकेट क्लब ने 8 ओवर में 73 रन बनाये। जवाब में मर्सी क्लब सिफ 71 रन ही बना सकी।

विजेता टीम अकबरपुर क्रिकेट क्लब को अजीज अहमद गौरी ने ट्राफी व नगद पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। उप विजेता टीम को 35 सौ नगद व ट्राफी दी गई।

बिजली पोल से टकराई कार, बाल-बाल बचे लोग

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलवा बाजार के निकट तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में कार सवार लोग बाल बाल बच गये। बृहस्पतिवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलवा बाजार के निकट शाहपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे बिजली का पोल टूट गया और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया। इस हादसे में किसी को भी चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत विभाग अवनीश कुमार वर्मा ने बताया कि पोल के टूटने की खबर मिली है आपूर्ति को बंद कर पोल को ठीक कराया जा रहा है।

निरस्त राशन कार्ड बहाल किये जाने की माँग

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तहसील के ग्राम जटहा निवासी कुछ भूमिहीन मजदूरों ने उनके अन्त्योदय राशनकार्ड को बिना किसी कारण निरस्त कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए राशनकार्ड बहाल किए जाने की माँग की है। विकास खण्ड सिधौली अन्तर्गत ग्राम जटहा के विजय, गोकरन और इंद्रपाल ने बताया कि उनके पिता मोतीलाल बरेली जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। पिता की अनुपस्थिति में उनकी मां बिलासा देवी ने किसी प्रकार मेहनत मजदूरी करके उनका पालन पोषण किया। बिलासा देवी के नाम अन्त्योदय राशनकार्ड बना हुआ था।

पिछले साल 25 जनवरी को उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने आनन-फानन फर्जी प्रस्ताव कर बिना ग्राम पंचायत सदस्यों की सहमति उनका कार्ड कटवा कर किसी अन्य व्यक्ति के कार्ड का प्रस्ताव कर दिया। अपना कार्ड कट जाने के बाद युवकों ने कई बार प्रार्थनापत्र दिया परन्तु उनका राशन कार्ड बहाल नहीं किया गया। उन्होंने तहसील दिवस में प्रार्थनापत्र देने की कोशिश की तो उन्हें वहाँ घुसने नहीं दिया गया।

श्रमिकों को मजदूरी और कर्मचारियों को नही मिली पगार

■दोनों के परिवारों में समक्ष गहराया रोटी का संकट

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारं

संक्षिप्त समाचार

हत्याकाण्ड में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

जौनपुर। जिले के थाना जलालपुर पुलिस ने डा0 तिलकधारी पटेल की हत्या के मुख्य आरोपी मगेश यादव की निशानदेही पर हत्या की घटना में प्रयुक्त पिस्टल व कारतूस को बरामद किया है। पुलिस के अनुसार डा0 तिलकधारी पटेल की हत्या का मुख्य आरोपी मगेश यादव पुत्र संग्राम यादव नि0 गनेशपुर, थाना बरसठी, जो घटना कर मुंबई भगा था जहां मुंबई पुलिस द्वारा पकडा गया, अभियुक्त मगेश यादव उपरोक्त को मुकदमा वारन्ट बी पर तलब कर जिला कारागार जौनपुर में निरूद्ध था न्यायालय से अभियुक्त मगेश यादव उपरोक्त का पुलिस कस्टडी रिमाण्ड का आदेश प्राप्त कर अभियुक्त के निशानदेही पर अभियुक्त के गांव के बगल में एक स्कूल खण्डहर से डा0 तिलकधारी पटेल की हत्या की घटना में प्रयुक्त एक अदद पिस्टल व कारतूस बरामद किया गया।

नेत्र शिविर तीन मार्च को

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में दिशा ऑख अस्पताल की तरफ से निःशुल्क नेत्र जॉच शिविर का आयोजन तीन मार्च रविवार को किया गया है। यह शिविर 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। विश्वविद्यालय कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के समन्वयक प्रो. राजकुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी अपने नेत्र का निःशुल्क परीक्षण करा सकते हैं। साथ ही ऑख से संबंधित बीमारियों के बारे में मुफ्त सलाह भी ले सकते हैं। यह शिविर विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों और उनके परिवार के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। जो भी परिवार आंख संबंधी समस्या से परेशान हो वह अपना परीक्षण कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को आकर करा सकता है।

चार उपनिरीक्षकों को दी गयी समारोहपूर्वक विदाई

जौनपुर। अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार गौतम द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले 04 पुलिस कर्मियों को शॉल व उपहार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। उन्होने बताया कि जनपद से अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर कुल 04 उपनिरीक्षक सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा विदाई समारोह में सम्मिलित होकर उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर शुभकामनाओं सहित विदाई दी गई। इस अवसर पर अनुपम सिंह, प्रतिसार निरीक्षक, उ0नि0 अंचित प्रसाद व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

छात्रावास का वर्चुअल शिलान्यास

जौनपुर । शासन द्वारा अनुसूचित जाति छात्रावास का वर्चुअल शिलान्यास समाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ0 वीरेन्द्र कुमार द्वारा ग्राम पदुमपुर विकास खण्ड करंजाकला में किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर राज्यमन्त्री गिरीश चन्द्र यादव के प्रतिनिधि के रूप में विकास खण्ड करंजाकला के ब्लाक प्रमुख सुनील यादव के द्वारा किया गया। सीनियर कोआर्डिनेटर सुश्री रितिका मदान, अधिशाषी अभियन्ता यू0एन0 कुशवाहा, यू0पी0 सिडको जौनपुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) नीरज पटेल, सहायक योजना प्रबन्धक राकेश कुमार सिह एवं खण्ड विकास अधिकारी करंजाकला, बाल विकास परियोजना आधिकारी करंजाकला, ग्राम प्रधान पदुमपुर अकुल मौर्य, पूर्व प्रधान रामसूरत उर्फ तेजू मौर्य, राजेश मौर्य, परमानन्द मोर्य एवं धनई मौर्य के साथ अन्य गणमान व्यक्ति उपस्थित रहे।

अचानक गिरने से महिला की मौत

हलिया (मिर्जापुर)।हलिया कस्बा निवासी सेवालाल अग्रहरि की पत्नी चंद्रावती देवी की गुरुवार की सुबह। घर में गिरने से मौत हो गई परिजनों ने आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना मिलने पर महिला के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि महिला अस्वस्थ चल रही थी। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।मृत महिला को चार पुत्र व एक पुत्री है।दो पुत्रों व पुत्री की शादी हो चुकी है। जबकि दो पुत्र अविवाहित हैं और प्रयागराज जनपद में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं ।महिला के मौत की जानकारी मिलने पर सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष घर पंहुचकर शोक संवेदना व्यक्त किया है।मृत महिला के पति की साइकिल की दुकान है।इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि महिला के परिजन महिला को मृत अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आये थे जहां पर महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया गया।

मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

राजगढ़ (मिर्जापुर)।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ परिसर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विशाल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मानसिक रोग से संबंधित लोगों की जांच कर उन्हें दवा भी वितरित की गई। शिविर के माध्यम से नींद ना आना या देर से नींद आना, चिंता घबराहट उलझन आदि रहना। आत्महत्या का विचार आना। गुस्सा बहुत अधिक आना। बेहोशी के दौरे आना। सर दर्द भारीपन बना रहना आदि इस तरीके की लक्षण मानसिक रोगों के लक्षण के बारे में जानकारी दी गई। डॉ राहुल सिंह मनोचिकित्सक मंडलीय अस्पताल मिर्जापुर ने बताया कि जिला चिकित्सालय में कक्ष संख्या 205 में प्रत्येक सोमवार बुधवार एवं शुक्रवार को मनोरोगियों की जांच की जाती है और उन्हें मुफ्त दवा दी जाती है। इस अवसर पर डॉक्टर सूरज कपूर, डॉक्टर अभिषेक सोनकर, श्वेता वर्मा, सुधा मिश्रा, मनीष उपाध्याय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के चिकित्सक उपस्थित रहे।

विद्युत उपकेंद्र फीडर आज से संचालित

अहरौरा (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्युत सब स्टेशन अहरौरा से कल शाम दिनांक 27ध् 2 /2024 को 132/33 के वी से 33 के वी जमालपुर फिडर को उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित किया गया जिसकी जानकारी अवर अभियंता पंचधारी सिंह ने दिया जिससे विद्युत आपूर्ति से क्षेत्रवासियों को काफी हद तक राहत मिलेगी।

जल जीवन से कनेक्शन कराने के लिये सौंपा पत्रक

हलिया (मिर्जापुर)।स्थानीय विकास खंड के हलिया ग्राम पंचायत में जनजीवन मिशन द्वारा गाँव स्थित गौशाला सहित विद्यालयों व कुछ मजरे में पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है और न ही कनेक्शन नहीं किया गया जिस पर प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जिले कि सासंद अनुप्रिया पटेल को पत्रक दे कर छूटे हुए मजरों सहित विद्यालय व गौशाला पर नमामि गंगे परियोजना के तहत कनेक्शन कराने की मांग किया है। दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि प्राथमिक विद्यालय बसकुडिया मजरा, कशियहवा दिघिया, कुबरा आदि मजरा सहित गौशाला व बगल में निवास करने वालों के यहाँ जल जीवन मीशन के द्वारा कनेक्शन व पाइप नहीं दिया गया है जब कि पहडी पर निवास करने वाले सैकड़ों लोग नदी नालों के पानी पीने के लिये मजबूर है। सरकार की जल जीवन मीशन योजना से ऐसे स्थानों पर कनेक्शन दे कर लाभ पहुचाने के लिये पत्रक के माध्यम से अवगत कराया है।

6 सफाई कर्मी मधुमक्खियों के हमले में घायल

जौनपुर। मछलीशहर विकास खंड के जमालपुर ग्राम पंचायत में स्थित शोभनाथ मंदिर में सफाई करते समय मधुमक्खियों के हमले से छह सफाई कर्मी घायल हो गए। चार की हालत खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंदिर में 15 सफाई कर्मी सफाई कर रहे थे। मंदिर के बगल स्थित पीपल के पेड़ में मधुमक्खी का छत्ता लगा था। अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने सफाई कर्मियों पर हमला कर दिया। सभी सफाई कर्मी जान बचाकर भागे। लेकिन छह सफाई कर्मी अवधेश कुमार, हसन अली, छोटेलाल, शिवकुमार, मनीष कुमार, राजेंद्र प्रसाद को मधुमक्खियों ने घेर लिया।

पेंशन अदालत का आयोजन 22 को

सोनभद्र। वष्ठि कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह ने अवगत कराया है कि आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर की अध्यक्षता में 22 मार्च को उनके कार्यालय सभागार में पूर्वाह्न 10:30 बजे पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है विनयाचल मण्डल के सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों के पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निवारण इस अदालत में किया जाना है। अदालत में वाद दाखित करने हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप विन्ध्याचल मण्डल, के जिला कोषागारों में उपलब्ध है। उक्त आवेदन-पत्र तीन प्रतियों में भरकर सम्बन्धित जनपद के मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारियों के कार्यालय में दिनांक-09.03.2024 के अपराह्न 03ः00 बजे तक उपलब्ध करा दें। अपूर्ण आवेदन पत्रों एवं अन्तिम तिथि के पश्चात् आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

सिंचाई बन्धु की बैठक 12 को

सोनभद्र। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई एंव सचिव सिंचाई बन्धु ने अवगत कराया है कि सिंचाई बन्धु की बैठक दिनांक 12 मार्च को चैधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह राबर्टसगंज में लाल बहादुर पाण्डेय उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु सोनभद्र की अध्यक्षता में की जायेगी, कृषकों की समस्याओं के गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण हेतु मा0 जन प्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित अधिकारीगण की उपस्थिति प्रार्थनीय है सम्बन्धित अधिकारीगण दिनांक 13 फरवरी 2024 को आयोजित बैठक में प्राप्त हुयी समस्याओं का निस्तारण आख्या विलम्बवत 07 दिवस में उपलब्ध करायें।

माटीकला के प्रशिक्षण के लिए तीन तक करें आवेदन

सोनभद्र। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केन्द्र मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र अनुवां प्रयागराज द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना है। माटीकला प्रशिक्षण हेतु इच्छुक लाभार्थी 03 मार्च, तक आवेदन जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सोनभद्र में आवेदन जमा कर सकते है।

प्रदेश सचिव जवाहर लाल का हुआ स्वागत

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर जवाहर लाल मौर्या का स्वागत समारोह पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर रखा गया। समारोह में सभी कार्यकर्ताओं ने मनोनीत प्रदेश सचिव जवाहर लाल मौर्या का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी। प्रदेश सचिव श्री मौर्या ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने राज्य कार्यकारिणी में सचिव की जिम्मेदारी दी है। इसके लिए मै राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का आभारी

हूँ और उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ, उन्होने जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करूँगा। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही रवैये के कारण देश आज खतरे में है। लगातार बढ़ रही मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के कारण सभी परेशान हैं। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि श्री मौर्या के प्रदेश सचिव बनने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिली है। उन्होने लगे हाथ भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता भाजपा की डबल इंजन की सरकारों की डबल मार झेल रहे लोग अब सपा मुखिया अखिलेश यादव के शासनकाल को याद कर रहे हैं। प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में अपराध का बोलबाला हैं। भाजपा सरकार के जंगलराज ने जनता के सुख चौन व सुरक्षा को जला डाला हैं। लोग रोजगार व शिक्षा के मुद्दे उठा रहे हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता वोट के जरिये कड़ा जवाब देगी। स्वागत समारोह में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, आशीष यादव, अशोक यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, दामोदर प्रसाद मौर्या, स्वामी शरण दूबे, रामगोपाल बिन्द, धर्मेन्द्र मौर्या, सतीश मिश्रा, सलीम बादशाह, सत्यप्रकाश यादव, अनीस खान, रामराज यादव, रवि सोनकर, रामजी यादव, शिवकुमार यादव आदि शामिल थे।

पाक्सो एक्ट में : दोषी को 4 वर्ष की कैद

सोनभद्र। पांच वर्ष पूर्व नाबालिग लडकी के साथ हुए छेडखानी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राजकुमार उर्फ कल्लू को 4 वर्ष की कैद एवं 16 हजार 500 रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 13 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने करमा थाने में 14 नवंबर 2018 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि 13 नवंबर 2018 को दोपहर 12 बजे उसकी नाबालिग लडकी दुकान पर कपड़ा लेने गई थी, जहां राजकुमार उर्फ कल्लू पुत्र नंदलाल निवासी सिरसिया ठकुराई, अकड़ी थाना करमा, जिला सोनभद्र छेडखानी करने लगा।

उत्तर प्रदेश की पहली स्नेक बाइट हेल्पडेस्क

इटावा।वर्तमान समय में भारत विश्व भर में सर्पदंश से प्रभावित एक देश है जिसके तहत हर वर्ष हजारों लोगों की जान सर्पदंश के कारण सही समय पर सही इलाज न मिलने पर चली जाती है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश की वर्तमान योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा भी अब सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित किया जा चुका है।जिसके तहत सर्पदंश के बाद मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को राज्य सरकार द्वारा देय चार लाख की आर्थिक सहायता भी जिला प्रशासन के द्वारा नियमानुसार प्रदान की जा रही है।चूंकि बकेवर, भरथना,महेवा,चकरनगर इकदिल ये पूरा क्षेत्र सर्पदंश प्रभावित क्षेत्र भी माना जाता है जिसमे कोबरा करैत सर्प के दंश की घटनाएं भी अक्सर ही सामने आती रहती है और अंधविश्वास में आकर ग्रामीण सर्पदंश में पीड़ित को अस्पताल न ले जाकर झाड़ फूंक कराने लगते है जिससे अक्सर पीड़ित की सही समय के अंदर इलाज (एंटीवेनम) न मिल पाने से हालत बिगड़ जाती है और एक घंटे में अस्पताल पहुंचने की जगह रोगी का अमूल्य समय झाड़ फूंक कराने में ही व्यर्थ हो जाता है।समाज के इसी अंधविश्वास को दूर करने के साथ साथ सर्पदंश के पीड़ित को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से इस विशेष स्नेक बाइट हेल्पडेस्क की स्थापना जनता कालेज बकेवर के परिसर में की गई है,इसका शुभारंभ पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए समर्पित संस्था ओशन एवं मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इंडिया यूपी के सहयोग से विशेष सर्प शिक्षा अभियान के अन्तर्गत लखनऊ से पधारे किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष, सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं संस्था ओशन के अध्यक्ष मुख्य अतिथि डॉ.सूर्य कान्त ने फीता काटकर किया।

बाल संरक्षण अधिकारी ने बाल विवाह रुकवाया

जसवंतनगर,इटावा। क्षेत्र के एक गांव में बाल विवाह की तैयारियां धरी रह गईं जब 15 वर्ष 8 माह 13 दिन की बालिका के लग्न टीका पत्री लिखे जाने के समय ही बाल संरक्षण अधिकारी के साथ एएचटीयू व स्थानीय पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बालिका को रेस्कू कर लिया तथा माता पिता व पांडित्य कार्य करने वाले एक व्यक्ति को मौके से ही पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। बालिका की शादी जनपद आगरा के क्षेत्र पारना के अंतर्गत नगला सुरई गांव के करीब 30 वर्षीय रामवीर पुत्र स्व. तांतीराम राजपूत से 4 मार्च को होनी थी।यहां बालिका के घर में विभिन्न रीति रिवाज व रस्में शुरू हो चुकी थीं।गुरुवार सुबह से ही लग्न व टीका पत्री लिखने की तैयारी थी ढोलक की थाप पर गीत भी हो रहे थे तभी इटावा से जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देश पर बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता के साथ एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र विक्रम सिंह,प्रोबेशन कार्यालय से आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा खान,थाना कोतवाली जसवंतनगर पहुंचे वहां से इंस्पेक्टर कपिल दुबे ने एसआई तबारक अहमद,महिला कांस्टेबल सुनीता यादव को भेजा।एएचटीयू से हेड कांस्टेबल

जयपाल सिंह,कांस्टेबल मोहन सिंह,चालक रुद्र कुमार भी साथ थे।टीम के अचानक पहुंचते ही शादी की सभी रस्में रुकवा दी गईं।मौके पर पहुंचे बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रेम कुमार शाक्य ने ग्रामीणों को समझाया कि बाल विवाह करने से बालक बालिकाओं का जीवन खराब हो जाता है ऐसा कतई न करें यह कानूनन अपराध भी है। बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने बताया कि टीम की जांच पड़ताल में बालिका की उम्र 15 वर्ष 8 माह 13 दिन पाई गई है।बालिका को कस्टडी में लेकर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के माध्यम से वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया जाएगा।बालिका के माता-पिता व पांडित्य कार्य कर रहे एक व्यक्ति को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया गया है।न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

निःशुल्क शिविर का किया गया आयोजन

अहरौरा (मिर्जापुर)। एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर द्वारा गुरूवार को इमलिया चट्टी मे स्थित श्याम नाथ जूनियर हाईस्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग डेढ़ सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।शिविर में सभी रोगों की जांच के साथ निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया।क्षेत्र के लोगो ने शिविर में पहुंच कर अपना विपी, सुगर,आंख ,कान जैसे विभिन्न प्रकार की रोगों का इलाज व चेक अप कराया। वही हॉस्पिटल के डारेक्टर नवजातशिशु एवम् बॉल रोग विशेषज्ञ डॉ डी के गुप्ता,स्त्री प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ बविता गुप्ता, मेडिसिन विभाग प्रशांत सिंह, डा ओ पी, हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित समस्त स्टॉप के लोग उपस्थित रहे।

विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति लोगों को करें जागरुक : कैलाश

इटावा।राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बृजेश दीक्षित ने विज्ञान के अपने अनुभवों को छात्र-छात्राओं से साझा करते हुए विज्ञान के चमत्कार के बारे में बताया। इस अवसर पर साइंस कॉन्सेप्ट क्लासेस के आनंद मित्तल ने भी अपने अनुभव बच्चों को बताएं तथा विज्ञान विषय से प्रेम करने और चीजों को तार्किक ढंग से समझने की बात कही।भारत विकास परिषद से अत्रि दीक्षित जी ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में हर साल 28 फरवरी को भारत में मनाया जाता है।राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है।इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने 28 फरवरी सन 1928 को की थी।इसी खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। प्रबंधक कैलाश चंद्र

यादव ने बताया कि विद्यालय छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है।इसी कड़ी में इस प्रकार के आयोजनों को करके छात्र-छात्राओं की विषय में रुचि एवं मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया जाता है ताकि वह अपने विषय में पारंगत होकर के कुछ नए कारनामे करने का काम करें।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में तीन सौ ने लिए फेरे

सोनभद्र। मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड चोपन के अन्तर्गत रेलवे कालोनी स्थित मैदान में 307 जोड़ों का विवाह भव्य तरीके से सम्पन्न हुआ, मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना में चोपन ब्लॉक में-47, कोन में-45, दुद्धी में-72, म्योरपुर में-61, बभनी में-65 व अन्य स्थानों के-17 यानी कुल 307 जोड़ों की शादी विकास खण्ड चोपन के अन्तर्गत रेलवे कालोनी स्थित मैदान में धूम-धाम के साथ धार्मिक रीति-रिवाजों से शादी सम्पन्न करायी गयी, जिसमें 303 हिन्दू समाज के व 04 मुस्लिम समाज के जोड़ें शादी में शामिल रहें। शादी समारोह में मा0 राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गोड़, सासंद पकौड़ी लाल,सम्मलित रहे शादी समारोह में धार्मिक रिति-रिवाज से पूजा अर्चना, जयमाल, सिन्दूरदान, शादी के सात फेरे कराकर शादी सम्पन्न करायी गयी शादी समारोह में भोज का भी आयोजन किया गया, शादी समारोह में बारात आयी, बारात का स्वागत किया गया, वर व वधु पक्ष के लोगों का सेवा सत्कार भी किया गया, शादी समारोह में जहां हिन्दू समाज के 303 जोड़ों का हिन्दू रीति-रिवाज से शादी सम्पन्न हुई, वहीं 04 मुस्लिम जोड़ों की शादी निकाहनामे के साथ हुईं।

माड़ल गांव में कूड़ा संग्रह केंद्र विवाद को एडीओ पंचायत ने निपटाया

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत देवहट को माडल गांव में चयनित किया गया है जंहा पर कूड़ा संग्रह केंद्र बनाने को लेकर चल रहे ग्राम सभा व वन विभाग के भूमि विवाद को एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव राजस्व लेखपाल विनोद कुमार व विनय यादव व वन विभाग के अनादी नाथ तिवारी के साथ मौके पर पंहुचकर भूमि के विवाद का निस्तारण कराकर कूड़ा संग्रह केंद्र बनाने के रास्ते को साफ कर दिया है। डीपीआरओ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद के निर्देश पर एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव की मौजदूगी में राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम सभा व वन विभाग की भूमि की पैमाइश सीमांकन कर कूड़ा संग्रह केंद्र बनने के भूमि का निस्तारण कर दिया। पैमाइश में पाया गया कि कूड़ा संग्रह केंद्र बनने के लिए चयनित भूमि वन विभाग की नही

है वह ग्राम सभा की भूमि है।इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत देवहट को माडल गांव में चयनित किया गया है और कूड़ा संग्रह केंद्र बनने के लिए ग्राम सभा की भूमि का चयन किया गया है लेकिन वन विभाग द्वारा चयनित भूमि को वन विभाग की बताकर कार्य नहीं करने दिया जा रहा था जिस पर डीपीआरओ के निर्देश पर वन विभाग राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ भूमि कि पैमाइश कराकर कूड़ा संग्रह केंद्र का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है।

3405 करोड़ से बनेगा धर्म पथ, अयोध्या से काशी जुड़ेगा

जौनपुर। जिले में पहली बार धर्म पथ बनाया जाएगा जो अयोध्या, वाराणसी और मिर्जापुर को जौनपुर से जोड़ेगा। आगामी शुक्रवार को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जौनपुर प्रवास के दौरान इस मार्ग की नींव रखेंगे। हौज से पूर्वांचल विश्वविद्यालय तक व पूर्वांचल विश्वविद्यालय से शाहगंज तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। इनके निर्माण में 3405 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस मार्ग का निर्माण खुद मोर्थ (मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट हाईवे) कराएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 135-ए के तहत जौनपुर से अकबरपुर मार्ग पर फोरलेन बनाया जाएगा। इसके तहत पूर्वांचल विश्वविद्यालय के देवकली से शाहगंज सीमा तक जिले में 31 किमी सड़क बनाई जाएगी। यह काम पैकेज-टू के तहत किया जाएगा। इसके लिए 1511 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें एक हजार 31 करोड़ रुपये से सड़क तो 480 करोड़ रुपये से भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें 81 गांवों के करीब एक हजार काश्तकारों की भूमि ली जाएगी। वहीं पैकेज प्रथम के तहत सिरकोनी के हौज से होते हुए पूर्वांचल तक फोरलेन सड़क जाएगी। यह मार्ग 1894 करोड़ की लागत से बनेगी। यह 29 किमी सड़क 55 गांवों से होकर गुजरेगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दोनों मार्गों का शिलान्यास करेंगे। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की ओर से बनाई जाने इन सड़कों पर कुल पांच आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) बनाए जाएंगे। इसमें पैकेज वन के तहत बनाई जा रही हौज से पूर्वांचल विश्वविद्यालय तक की सड़क में तीन आरओबी होंगे। वहीं पैकेज दो के तहत बनाई जा रही देवकली से शाहगंज तक की सड़क पर दो आरओबी बनेंगे। रेलवे प्रशासन को इसके निर्माण का खाका तैयार करने को कहा गया है। दोनों ही मार्गों को फोरलेन बनाया जाएगा। दोनों ही सड़कें 26-26 मीटर चौड़ी होंगी। इन मार्गों पर दोनों ओर छायादार पेड़ होंगे। सड़क निर्माण के साथ ही पौधरोपण भी किया जाएगा। राजस्व विभाग की ओर से वन विभाग को 15 हेक्टेयर जमीन आरक्षित की जाएगी। प्रकाश की बेहतर व्यवस्था के लिए एलईडी युक्त विक्टोरिया लाइटें भी लगाई जाएंगी। सीआरओ गणेश प्रसाद बताते है कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के देवकली से शाहगंज की सीमा तक पैकेज टू के तहत फोरलेन बनाया जाएगा। इसके तहत जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। यह मार्ग सीधे मिर्जापुर से अयोध्या के लिए जोड़ेगा।

32 प्रतिशत कालेजों ने पोर्टल पर नहीं दिया विवरण

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय अखिल भारतीय सर्वेक्षण पोर्टल पर कॉलेज का डिटेल अपलोड करने से परहेज कर रहे हैं। यदि शिक्षण संस्थाएं डाटा अपलोड करने में देरी करती हैं, तो उनकी मान्यता भी जाने का खतरा है। शासन से पत्र जारी होने के बाद भी अभी तक केवल 32 प्रतिशत महाविद्यालयों ने ही पोर्टल पर अपना डिटेल उपलब्ध कराया है। कॉलेजों को डर है कि यदि वह अपना डिटेल पोर्टल पर आनलाइन करेंगे तो उनके व्यवस्था की पोल खुल जाएगी। विश्वविद्यालय से संबद्ध जौनपुर और गाजीपुर जनपद के 573 महाविद्यालय को डाटा अपलोड करने के लिए कहा गया है। कॉलेज सरकार के अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण पर पानी फेर रहे हैं।

'इक कुड़ी पंजाब दी' ने किए 100 एपिसोड्स पार

वाराणसी। ज़ी टीवी के फिक्शन शो 'इक कुड़ी पंजाब दी' ने अपनी दमदार कहानी और सधे हुए किरदारों के साथ दर्शकों का दिल जीत लिया है। पंजाब में रचा-बसा यह शो ताकत और हौसले की दिलचस्प कहानी बयां करती है। इसके पहले एपिसोड से ही हीर और रांझा की ज़िंदगी में आने वाले कई उतार-चढ़ाव ने यकीनन दर्शकों के साथ एक खास रिश्ता बना लिया है और इसकी कहानी के नए-नए मोड़ उनमें उत्सुकता जगा रहे हैं। दर्शकों से मिल रहे हैं इस बेशुमार प्यार के बीच इस शो की कास्ट और क्रू ने हाल ही में अपने पहले पड़ाव का जश्न मनाया, जहां इस शो ने अपने 100 एपिसोड्स पूरे किए।शो की टीम अलग-अलग सीक्वेंसेस की शूटिंग और दर्शकों का मनोरंजन करने में वाकई काफी व्यस्त रहती है,

हालांकि इस मौके पर सभी अपनी पहली सफलता का जश्न मनाने के लिए एक साथ इकट्ठा हुए और एक केक काटकर छोटा-सा समारोह किया।

कैमूर वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में बढ़ने लगे काले हिरण व तेंदुआ

हलिया (मिर्जापुर)। कैमूर वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र हलिया में तेंदुआ व काले हिरण की संख्या में बढ़ोतरी होने लगी है ऐसे में आने वाले समय में हलिया के जंगलों में काले हिरण व तेंदुआ की ज्यादा संख्या में देखने को मिलेगी। पहले काला हिरण व तेंदुआ की संख्या काफी कम हो रही थी लेकिन वन विभाग की सक्रियता के कारण जंगल में काले हिरण व तेंदुआ की संख्या बढ़ी है वन विभाग द्वारा बताया गया कि तीन वर्ष पहले हुए जानवरों की गणना में तेंदुआ नहीं दिखाई दे रहे थे लेकिन जंगल में पौधारोपण होने से जंगल घना हो जाने पर काले हिरण व तेंदुआ जंगल में विचरण करते हुए दिखाई दे रहे हैं काले हिरण का झुंड मटिहरा के जंगल में विचरण करते हुए दिखा

संक्षिप्त समाचार

सपा प्रत्यासी के समर्थन में हुआ इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का भव्य कार्यक्रम

मोहम्मदी- खीरी, (स्पष्ट आवाज) कस्बा के रामलीला मैदान पर समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा धौरहरा लोकसभा में पैदल यात्रा के दौरान गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों का बखान करने के बाद इंडिया गठबंधन ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित कर यात्रा का उद्देश्य सफल होने पर कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए समापन किया। गुरुवार को रामलीला मैदान पर सुरेश पाल यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया और उनकी पत्नी डा अर्चना सिंह का भव्य स्वागत किया गया। आनंद ने लोकसभा से आए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा आप लोगों के सहयोग से 15 दिन में 250 किलोमीटर की दूरी पैदल चलकर 350 से अधिक गांवों में पहुंचकर जनता से रूबरू होने का कार्यक्रम सफल रहा है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा वर्तमान सरकार आपके जोश और उत्साह के सामने डरी सहमी हुई है। सरकार की दमनकारी नीति को उखाड़ फेंकना है। कार्यक्रम को तृप्ति अवस्थी, डॉ सुरेंद्र सिंह, अफजल कैसर, प्रवीण पटेल, अशोक कश्यप, माधुर सिंह माधुर्य,मोहन बाजपेई,अनूप गुप्ता, विनय तिवारी, रामपाल यादव ,श्रीकृष्ण राज, बलराम वरुण, सगीर आलम सिद्दीकी, इकरार खां, डॉ जुबेर, लक्ष्मण गुप्ता, पूर्व प्रमुख जयकरन बाजपेई , बार संघ के अध्यक्ष प्रद्युम्न मिश्रा आदि ने संबोधित किया।

रूद्र महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

बर्डपुर,सिध्दार्थनगर स्पष्ट आवाज़। क्षेत्र के गायघट के टोला महुवरवा मंदिर परिसर में महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित 9 दिवसीय रूद्र महायज्ञ को लेकर गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें यज्ञकर्ता सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में कन्याएं और महिलाएं तथा ग्रामीण शामिल थे। यह कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकल जमुवार नदी के तट पर पहुंचा।और वहां से जल भर कर पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचा। रूद्र महा यज्ञ को लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना शुरू हुई। कलश यात्रा में यज्ञचार्य हनुमान दास यज्ञकर्ता राम अचल गुप्ता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश सहित क्षेत्र के तमाम ग्रामीण शामिल थे। यज्ञकर्ता ने बताया कि रूद्र महायज्ञ को लेकर गुरुवार से पूजा अर्चना शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि रात्रि में 9 दिनों तक श्री राम लीला का भी कलाकरों द्धारा संजीव मंचन किया जएगा ।

ट्रैक्टर ट्राली में घुसी बाइक, एक की मौत

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। पलिया की दुधवा रोड पर फरसहिया टांडा के पास ट्रैक्टर ट्राली में पीछे बाइक आ घुसी। दुर्घटना में एक घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस को सूचना न देकर परिजन शव लेकर गांव चले गए। सेड़ाबेड़ा गांव निवासी भोलराम पुत्र भग्गी अपनी बाइक से पलिया आ रहा था। इस दौरान बंशीनगर और टांडा के बीच में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सामने जा रही ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस को बुलाकर पलिया सीएचसी में भर्ती करया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को लेकर अपने गांव बिना पुलिस को सूचना दिए चले गए। उधर चंदनचौकी रोड पर दो मौतों के बाद पचपेड़ा गांव में मृतकों के घर पर कोहराम मचा रहा। देर शाम तक मृतक झेलीराम व शैलेंद्र के शव पोस्टमार्टम होने के बाद गांव नहीं पहुंचे थे।

अचानक पहुंचे सीओ कार्यालय एडीजी, हडकंप

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर गुरूवार को दोपहर बाद अचानक यहां सीओ कार्यालय आये। एडीजी के अचानक सीओ कार्यालय पहुंचने से कोतवाली में हडकंप मच गया। एडीजी ने सीओ कार्यालय परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई के पुख्ता प्रबन्ध के निर्देश दिये। लालगंज प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित से कोतवाली क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर अभियान की भी जानकारियां हासिल की। एडीजी को सीओ कार्यालय में देख कुछ फरियादी भी पहुंच गये। इनकी शिकायतें सुनते हुए एडीजी ने निस्तारण का भरोसा दिलाया। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी एडीजी से मुलाकात कर पुलिस से जुड़ी वकीलों की समस्याओं को रखा। एडीजी के लगभग आधे घण्टे सीओ कार्यालय में मौजूद होने की जानकारी पर सर्किल के अन्य थानों में भी पुलिस अलर्ट हुई दिखी। वहीं गुरूवार को सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य के लखनऊ से लालगंज होते हुए जिला मुख्यालय के कार्यक्रम को लेकर भी सुबह से पुलिस तहसील से संगम चौराहे तक मुस्तैद दिखी।

परियोजनाओं का मंत्री ने किया लाइव लोकार्पण व शिलान्यास

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत में गुरूवार को इंटरलाकिंग रोड, नाली तथा सीसी रोड व कान्हा गौशाला की प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा तथा नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू के द्वारा करोड़ों की सौगात का लाइव लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के प्रयास से स्वीकृत मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना से जुडी इन योजनाओं के लोकार्पण के लाइव कार्यक्रम को देखने व सुनने के लिए सभागार में लोग उत्साहित दिखे। लाइव लोकार्पण में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने पूरे टीकाराम वार्ड में घुइसरनाथ रोड से मौर्या बस्ती होते हुए सरोज बस्ती तक नाली एवं इण्टरलाकिंग पूरे हरिकिशुन वार्ड के तिकोनिया में सालिकराम तिवारी के घर से होते हुए दानी वर्मा के घर होते हुए रामबहादुर सरोज के घर तक नाली व सीसी रोड तथा उमापुर वार्ड में कमलेश मिश्र के घर से ज्ञानप्रसाद के घर होते हुए दयाराम वर्मा के घर तक नाली एवं सीसी रोड निर्माण एवं कान्हा गौशाला का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। नगर विकास मंत्री के द्वारा लाखों करोड़ो की योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के लाइव कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में उत्साहजनक माहौल दिखा।

पॉलिथीन को भगाएं कपड़े के थैले साथ लाएं

प्रतापगढ़। विधायक सरोजिनी नगर डा राजेश्वर सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए तारा शक्ति सिलाई केंद्र सिलाई केंद् द्वारा सिले गए कपड़े के थौलो को के के सी कॉलेज से आए बच्चे जो वालंटियर के तौर पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आए थे उन्हें देकर पॉलिथीन इस्तेमाल न करने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षिका एवं समाजसेविका रीना त्रिपाठी ने थैले वितरित कर सभी से पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने की अपील की ताकि दैनिक दिनचर्या में हम पॉलिथीन का काम से कम इस्तेमाल करें और अपने पर्यावरण की रक्षा कर सकें। आज के समय में पर्यावरण प्रदूषण का एक बहुत बड़ा कारण पॉलिथीन की थैलियां है जिन्हें हम अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाजार से खरीदते हैं कभी सब्जी तो कभी चिप्स और बिस्किट के रैपर के रूप में यदि हम एक कपड़े का थैला अपने साथ लेकर के चलें तो पॉलिथीन को लेने की आदत स्वतः ही छूट जाएगी। सरोजिनी नगर विधानसभा में तराशक्ति केदो में कार्यरत सैकड़ो महिलाएं इस प्रकार की थैली विधायक डॉ राजेश्वर सिंह की प्रेरणा से सिलती हैं फिर इन्हें समाज के विभिन्न वर्गों में वितरित किया जाता है।

राज्यसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। बीते दिनों सम्पन्न हुए राज्य सभा सदस्यों के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के आठ प्रत्याशियों के जीत पर डुमरियागंज स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही दावा किया है कि आने वाले लोक सभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों की बदौलत सभी चुनाव में लोगों का बढचढ कर समर्थन मिल रहा है। जिसका नतीजा है कि पार्टी लगातार जीत की ओर अग्रसर है। राज्य सभा चनुाव की तरह आगामी लोक सभा चनुाव में भी भाजपा को प्रचण्ड जीत तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली यूपी सरकार समाज के सभी वर्ग के कल्याण और उत्थान की दिशा में लगातार काम कर रही है। इस दौरान प्रेम पाण्डेय, विष्णु श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, धर्मेश पाण्डेय, हरिनिवास पाण्डेय, शत्रुहन सोनी, अजय अग्रहरि, डंपू पाण्डेय, अमन गौड़, अर्जुन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

सीएम के लाइव प्रसारण में करोड़ों की लागत से बने अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर में सीएम योगी आदित्यनाथ के द्वारा लाइव कार्यक्रम में गुरूवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से नवनिर्मित अग्निशमन केन्द्र का समारोहपूर्वक लोकार्पण हुआ। गत 2016 में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के द्वारा अग्निशमन केंद्र की आधारशिला रखी गयी थी। ोना द्वारा अपनी क्षेत्रीय विधायक निधि से अग्निशमन नियंत्रक वाहन की खरीद के लिए पचीस लाख रूपये भी प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव संबोधन के बाद विधायक मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने तीन करोड़ बासठ लाख की लागत के भवन का लोकार्पण कर इसे क्षेत्रीय लोगों को समर्पित किया। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। जौनपुर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने अग्निशमन सेवाओं में आपात सेवाओं के प्रभावी होने के बिंदुओं पर प्रकाश डाला। विधायक मोना एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने नवनिर्मित अग्निशमन केन्द्र में जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने की बात कही। मुख्य हाईवे से अग्निशमन केंद्र तक विधायक निधि से इण्टरलाकिंग मार्ग के भी निर्माण कराए जाने की घोषणा की। समारोह को संबोधित करते हुए मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने रामपुर खास में सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के दूरदर्शी चिन्तन की उपलब्धि के रूप में एक ही निर्वाचन क्षेत्र में पांच पांच फायर बिग्रेड की स्थापना को जन धन हानि को रोके जाने में बड़ा कदम ठहराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू तथा संचालन फायर बिग्रेड के राधेश्याम दुबे ने किया। कार्यक्रम के दौरान गैस सिलेण्डर में लीकेज को नियंत्रित करने के लिए फायर कर्मियों द्वारा लोगों के बीच सराहनीय जागरूकता प्रस्तुति भी दी गयी। समारोह का संयोजन समाजसेवी पवन शुक्ल ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव, पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, जिपंस लल्लन सिंह, शिवभीख सिंह, प्रभात ओझा, संदीप यादव, अमर बेदर्दी, राजू मिश्र, बद्री प्रसाद जायसवाल आदि रहे।

धूमधाम से मनाया गया संस्थापक दिवस समारोह

जौनपुर। तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में संस्थापक स्वर्गीय तिलकधारी सिंह का जन्मदिन गुरुवार को संस्थापक दिवस समारोह के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह द्वारा संस्थापक के चित्र के सामने द्वीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया । मुख्य अतिथि ने संबोधन में कहा कि संस्थापक द्वारा निर्मित इस संस्थान से लाखों लाख की संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करके देश-विदेश में उच्च पदस्थ होकर एवं देश की सेवा कर रहे हैं।

जनपद में 26 अप्रैल तक निषेधाज्ञा लागू: एडीएम

प्रतापगढ़। 8 मार्च को महाशिवरात्रि 24-26 मार्च तक होलिका दहन व होली का त्योहार 29 मार्च गुड फ्राइडे व इसी दौरान पवित्र रमजान माह का शुभारम्भ तथा 5 अप्रैल को जमात-उल-विदा (रमजान का अन्तिम शुक्रवार), 11 अप्रैल को ईद-उल-फितर, 14 अप्रैल को डा अम्बेडकर दिवस, 17 अप्रैल को रामनवमी, 21 अप्रैल महावीर जयन्ती के त्योहारों एवं विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरते जाने तथा परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन, शुचिता व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था एवं परिशांति परिपालित कराने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत जनपद में 26 अप्रैल तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। उन्होने बताया है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नही कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, एक नली बन्दुक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू, बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नही चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नही होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नही किया जायेगा जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से परिपालन किया जायेगा और लाउडस्पीकर का प्रयोग सक्षम अधिकारी एवं सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा।

सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये:डीएम

प्रतापगढ़। डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार मे जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक हुई। बैठक में डीपीएम राज शेखर ने पिछली बैठक की कार्यवृत्ति के सम्बन्ध में अवगत कराया एवं उसके अनुपालन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने बैठक में स्वास्थ्य कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों व अन्य सम्बन्धित को निर्देश दिया कि प्रगति के आंकड़ों को पोर्टल पर समय से अंकित करें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में पाया कि इस माह की प्रगति में सुधार आया है जिस पर डीएम ने निर्देशित किया कि जिन ब्लाकों में आयुष्मान कार्ड के प्रगति की स्थिति कम है उसमें सुधार लाया जाये। अब तक कितने लोगों ने निःशुल्क ईलाज हेतु आयुष्मान कार्ड का लाभ लिया है तो बताया कि 770 लोगों ने सरकारी अस्पताल एवं 387 लोगों ने प्राइवेट हास्पिटल में निःशुल्क ईलाज कराया है, जिस पर डीएम ने कहा कि सम्बद्ध अस्पतालों में अधिक से अधिक लाभार्थियों का निःशुल्क ईलाज कराया जाये, ईलाज एवं उपचार हेतु किसी से धनराशि न ली जाये इसका विशेष ध्यान रखें इसमें लापरवाही कदापि न बरती जाये।

ई-रिक्शा से ले जा रहे थे 19 बोरी प्याज को संयुक्त टीम ने पकड़ा

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। 43वीं वाहिनी सशस्त्र चौकी व खुनुवां कस्टम व पुलिस चौकी की संयुक्त टीम ने गुरुवार को दो ई-रिक्शा पर लदी प्याज पकड़ा। वहीं चेकिंग में 19 बोरी प्याज बरामद किया गया। एसएसबी 43वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट राजपाल ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि रमवापुर तिवारी चौराहे से बगहवा गांव से नहर के रास्ते गुजरौलिया गांव से होकर अवैध तरीके से प्याज की तस्करी होने वाली है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए सीमा चौकी खुनुवां से एसआई ओम प्रकाश के नेतृत्व में एएसआई प्रसन्नजीत वर्मन, हेड कांस्टेबल देवान्शु कुमार, कांस्टेबल रंजन कुमार झा व चौकी इंचार्ज खुनुवां जगत नरायन यादव, कांस्टेबल विशाल गुप्ता और सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवां से निरीक्षक अक्षय यादव के नेतृत्व में संयुक्त गस्ती दल पिलर संख्या 556 से लगभग ढ़ाई किलोमीटर दूर रमवापुर तिवारी चौराहे पर पहुंच गई। चिन्हित स्थान पर पहुंचने के उपरान्त देखा गया कि दो ई-रिक्शा पर लदा प्याज शोहरतगढ़ से रमवापुर तिवारी पेट्रोल पम्प के आगे खुनुवां की तरफ से जा रही है। गस्ती दल को देखते ही दो ई- रिक्शा चालक में से एक ई-रिक्शा चालक रिक्शा छोड़कर नजदीकी गांव में भाग गया। जिसे संयुक्त टीम ने तत्परता से पकड़ लिया। दोनों ई-रिक्शा तलाशी ली गई, जिसमें से 19 बोरी, कुल 855 किलो प्याज बरामद हुई। पूछताछ में ई-रिक्शा चालक मोहम्मद अकरम पुत्र गयासुद्दीन उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी नगर पंचायत शोहरतगढ़ वार्ड नंबर 10 मुहल्ला गांधी नगर व दूसरा घिसियावन पुत्र संतोषी ग्राम खुनुवां थाना शोहरतगढ़ ने बताया कि यहीं से एक-एक मोटरसाइकिल पर तीन-तीन बोरी तस्करी के जरिए नेपाल भेजी जाती है। हम लोगों को बीस रुपये प्रति बोरी भाड़ा मिल जाता है। बरामद ई-रिक्शा सहित प्याज व दोनों चालकों के विरुद्ध 11कस्टम ऐक्ट के तहत कार्यवाही कर खुनुवां कस्टम विभाग को सुपुर्द कर दिया गया।

दुधवा और किशनपुर में दिखा सैलानियों को बाघ

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज) । दुधवा टाइगर रिजर्व में पहुंचे सैलानियों को इन दिनों जमकर बाघों की साइटिंग हो रही है। सुबह की शिफ्ट में दुधवा तो शाम की शिफ्ट में किशनपुर में नजदीक से बाघ दिखाई दिया। करीब से बाघ को देख सैलानी रोमांचित हो उठे।

हर साल की उपेक्षा इस बार दुधवा टाइगर रिजर्व में पहुंच रहे सैलानियों को जमकर बाघों की साइटिंग हो रही है। बताया जाता है कि सबसे अधिक बाघों की साइटिंग सुबह की शिफ्ट में पहुंचने वाले सैलानियों को हो रही है। वहीं किशनपुर भी सैलानियों का फेवरेट बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से दुधवा और किशनपुर दोनों ही जगह पहुंच रहे सैलानियों को लगातार बाघ के दीदार हो रहे हैं। सुबह जंगल सफारी को गए सैलानियों को दुधवा क्षेत्र में नजदीक से बाघ दिखाई दिया तो वहीं शाम की शिफ्ट में सैलानियों को किशनपुर क्षेत्र में बाघ का दीदार हुआ।

बाघ को सैलानियों ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया। बता दें कि इन दिनों किशनपुर सेंचुरी में आने वाले पर्यटकों को जमकर बाघ के दीदार हो रहे हैं, जिन्हें पर्यटक अपने कैमरों में कैद करते हुए रोमांचित हो उठते है। बाघों के साथ साथ सैलानियों को चीतल के झुंड तथा झादी ताल के किनारे धूप सेंकते मगरमच्छ व झादी ताल में करवल करते विदेशी पंछी अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

देवरिया ने गोपालगंज को सात विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम, रेलवे स्टेशन के सामने छतहरी शोहरतगढ़ में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अनुमति प्राप्त गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 में गुरुवार को मुकाबला गोपालगंज व देवरिया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गोपालगंज की टीम निर्धारित 20 ओवर में 18.3 बाल पर 125 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। गोपालगंज की तरफ से प्रशान्त श्रीवास्तव ने 38, उत्कर्ष सिंह 23, नीतीश कुमार ने 21 रनों का योगदान दिया। देवरिया की तरफ से शुभम ने 3 विकेट, आकाश ओझा ने दो विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवरिया की टीम ने 17.3 बाल पर 3 विकेट होकर इस मैच को जीत लिया। देवरिया की तरफ से अमित ने 32, विवेक ने 24, अखिलेश ने 26 रनों का योगदान दिया। गोपालगंज की तरफ से राहुल राजगिरी ने दो विकेट व रिंकल ने एक विकेट लिया। इस मैच को देवरिया ने 7 विकेट से जीता। इस मैच के मैन ऑफ द मैच देवरिया के शुभम मल्ल रहे। गुरुवार के मैच के मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी सुधांशु बोरा रहे थे। इस अवसर पर सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष समाजसेवी उमेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर चौधरी, नगर पंचायत शोहरतगढ़ के अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, पप्पू यादव, मनीष श्रीवास्तव, संजय कौशल, सुनील अग्रवाल, विवेक त्रिपाठी, विपिन त्रिपाठी, केशव राम यादव, राजेश उपाध्याय, गुरुजी प्रहलाद मिश्रा (लोकतंत्र सेनानी) वकील खान, बाबूजी अंसारी,आदि लोग मौजूद रहे। गुरुवार के मैच के अंपायर गाजियाबाद से विवेकानंद मलिक व आशीष आशीष चौधरी रहें और स्कोरर के रूप में लखनऊ से गगेश्वर कुशवाहा तो वहीं कमेंटेटर के रूप में जौनपुर से धर्मेंद्र सिंह रहें।और ढेर सारे दर्शक मौजूद रहे।

संयुक्त रूप से विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

बर्डपुर , सिध्दार्थनगर स्पष्ट आवाज़। विज्ञान दिवस के अवसर पर बर्डपुर स्थित मिडास इंग्लिश स्कूल और एम0 ए0 जे 0आर0 इंटरमीडिएट कॉलेज बर्डपुर में संयुक्त रूप से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न तरह के विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया गया।

जिसमें छठवीं की छात्रा स्नेहा चौधरी और शिया पटवा द्वारा दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए ब्लाइंड स्टिक , आस्था बरनवाल तथा उनकी टीम द्वारा सूर्यग्रहण का मॉडल, पांचवी की छात्रा अरीशा नियाज़ द्वारा वर्षा जल संग्रह, आराध्या द्वारा ग्लोबल वार्मिंग, चौथी के छात्रों द्वारा जियान, आयुष, आर्यन द्वारा ज्वालामुखी उदगार, अभिषेक द्वारा कृतृमशौर्यमंडल , तृतीय की छात्राओं संजना, समीक्षा तथा बुशरा द्वारा पदार्थ की अवस्था का प्रदर्शन किया गया , और सातवीं की छात्रा महजबीन तथा नीलू द्धारा मानव हृदय गतिविधि तथा आठवीं के छात्र सुमित और अभिषेक द्वारा स्ट्रिप इरिगेशन के मॉडल को प्रदर्शित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के संचालक रामशरण ने कहा ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर संतोष भारती, प्रवीन अरशद, नईमुद्दीन,ज्योति सहानी, बृजेश कुमार, राजनीश चन्द्र पाण्डेय, देवेंद्र नाथ मिश्र, अर्जुन जायसवाल, समीर चौधरी,सीमा चौधरी, पल्लवी गुप्ता, सबीना , सोनी, साधना, मांशी, नाजिया, पूनम आदि उपस्थित रहे।

अवसान माता पूजन उत्सव में पहुंचे सिक्किम के राज्यपाल

लालगंज, प्रतापगढ़। तेजगढ़ में गुरूवार को छठवें विशाल अवसान माता पूजन महोत्सव में सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने सशक्तीकरण के क्षेत्र में महिलाओं को जागरूकता प्रदान की। अवसान माता के पूजन उत्सव का शुभारंभ सिक्किम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने अवसान माता के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में मौजूद महिलाओं ने भी अवसान माता के पूजन अर्चन के साथ देवी के जयघोष लगाये। राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि भारत देश सदैव देवियों के पूजन अर्चन व उनकी शक्ति को नमन करता आ रहा है। उन्होने कहा कि महिलाएं भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाये रखने में अपने चरित्र बल से समाज का सशक्त नेतृत्व किया करती हैं। उन्होंने महिला सशक्तीकरण से जुडे सरकार के कई कल्याणकारी कार्यक्रमों को भी अप्रतिम ठहराया। वहीं कार्यक्रम में अवसान माता को मत्था टेकने के बाद महिलाओं ने अपने आंचल में प्रसाद भरा। समारोह में अवसान माता की वरदानी महिमा का भी जमकर गुणगान हुआ। समारोह में जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता ने महिलाओं के समाज में बराबरी के योगदान की सराहना की। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य व प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य गीता शाक्या रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व संचालन साहित्यकार अनूप अनुपम ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं भाजपा महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह तथा आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह ने सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को नागरिकों की ओर से सारस्वत सम्मान सौंपा। इस मौके पर भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह, कुलवंत सिंह, नागेश प्रताप सिंह, केके सिंह आदि रहे।

कायस्थों के लिये प्रेरणा स्त्रोत रहे राजेंद्र प्रसाद

जौनपुर। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव के आवास पर श्रद्धांजलि सभा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ0 राजेंद्र प्रसाद कायस्थ जाति के लिये हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहे वह एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह संविधान आज भी चल रहा है वो एक महान व्यक्तित्व के धनी थे जिनके कारण आज भी कायस्थों का सर पूरे विश्व में ऊंचा है। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी उन्हें नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं इस अवसर पर महासभा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन महासचिव प्रवीण शंकर श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर दीपक श्रीवास्तव पंकज , हरिश्चंद्र श्री अनुराग श्री नलनीश श्रीवास्तव सौरभ श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव,जेपी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

सहायक शिक्षा निदेशक ने किया परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण

■निपुण लक्ष्य हासिल करने वाली छात्रा कनीज फातिमा को दी शाबाशी

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। सहायक शिक्षा निदेशक (एडी) बेसिक संजय शुक्ला ने गुरूवार को डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ कमियां मिलने पर चेतावनी दी गयी। जबकि एक विद्यालय में निपुण लक्ष्य हासिल करने वाली बालिका से खुश होकर बालिका को पुरस्कृत भी किया। एडी बेसिक ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज में चल रहे प्रशिक्षण में पहुंच कर प्रशिक्षण का भी निरीक्षण लिया। जहां उपस्थित शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर दिया। गुरूवार को बीआरसी डुमरियागंज परिसर में पहुंचने के बाद एडी बेसिक ने निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित प्रशिक्षण के दोनों कक्षों में पहुंचकर प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। जहां शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को गुणवत्ता से समावेशित एवं रुचि पूर्ण शिक्षा देने पर जोर दें। जो प्रशिक्षण में सीख कर जाएं वह बच्च

वसीम उर्फ मुन्ना की एक करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

मुरादाबाद। पुलिस व प्रषासनिक अधिकारियों द्वारा शातिर अपराधियों के द्वारा सामाजिक क्रियाकलापों से अर्जित की गई संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है वही मुगलपुरा थाना स्थित वसीम उर्फ मुन्ना की एक करोड़ से अधिक सम्पत्ति को सीओ कोतवाली व मुगलपुरा पुलिस द्वारा कुर्क किया गया। बताते चले कि गुरूवार को क्षेत्राधिकारी कोतवाली के नेतृत्व में मुगलपुरा पुलिस गोकुलदास क्षेत्र में पहुंची इसी कड़ी में न्यायालय और जिला प्रशासन के आदेश पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में वसीम उर्फ मुन्ना पुत्र वजीर अहमद और नाजमा

पत्नी वजीर अहमद निवासी मोहल्ला मुफ्तीटोला गोकुलदास स्कूल के पास थाना मुगलपुरा जिला मुरादाबाद की लगभग एक करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क किया गया है। अचानक पुलिस फोर्स को देखकर लोगो में कुछ देर के लिये हड़कम्प मच गया मगर सीओ कोतवाली ने बताया कि गोकुलदास मुफ्ती टोला के षातिर अपराधी वसीम उर्फ मुन्ना व उसकी मॉ की गैर अपराधिक तरीके से कमाई गई सम्पत्ति को कुर्क किया गया है।

गैंगस्टर एक्ट में पुलिस ने छः को किया गिरफ्तार

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) थाना स्योहारा पुलिस ने गौकशी करने तथा समाज में डर ,भय का माहौल फैलाने जैसे समाज विरोधी क्रियाकलापों के आरोप में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार अभियुक्त गण इस्लामुद्दीन पुत्र अब्दुल रशीद गयासुद्दीन पुत्र अब्दुल रशीद, फहीम पुत्र छिद्दन अहमद ,सजाउद्दीन उर्फ कल्लन पुत्र सिराज, वसीद पुत्र बुन्दु ,मेहताब पुत्र अशरफ ,अयूब पुत्र भोलू पहलवान, नुसरत जहां पत्नी गयासुद्दीन, तरमीन पत्नी इस्लामुद्दीन ,साजिदा उर्फ साजिया पत्नी वसीद, जायदा पत्नी सजाउद्दीन निवासी मोहल्ला शेखान तेलाई कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को पंजीकृत किया गया है । गिरफ्तार किए गए छः अभियुक्त गयासुद्दीन पुत्र अब्दुल रशीद, फहीम पुत्र छिद्दन, वासिद पुत्र बुन्दु, अब्दुल पुत्र भोलू पहलवान,नुसरत जहां पत्नी गयासुद्दीन व साजिदा उर्फ साजिया पत्नी वासिद है । शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है ।

नवांगत एसपी की ज्वाइनिंग, लाखों की लूट के घटना स्थल का किया निरीक्षण

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। जनपद के नवांगत पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने जिला मुख्यालय पहुंचने से पूर्व ही रास्ते में पूरनपुर में 30 जनवरी को हुये लाखों की लूट की घटना में पीड़ित के घर पहुंचकर पूरे घटना क्रम की बारीकी से हर बिन्दुओं पर पीड़ित सुनील कुमार गुप्ता से बातचीत कर शीघ्र ही लाखों की लूट की घटना के खुलासे का पीड़ित को आश्वासन दिया। नवांगत पुलिस खुलासे का पीड़ित को आश्वासन दिया नवांगत पुलिस अधीक्षक की उक्त कार्यवाही से पुलिस अधीक्षक की जनपद में धमाकेदार ज्वाइनिंग से समझा जा रहा है की कईयों पर गाज गिर सकती है।जनपद के पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के स्थानान्तरण के बाद एसपी मऊ अविनाश पांडे को जनपद पीलीभीत का नया एसपी बनाया गया नवांगत एसपी अविनाश पांड की 28 फरवरी को जनपद पीलीभीत में एसपी के पद पर तैनाती होने पर श्री एसपी श्री पांडे 29 फरवरी को मऊ से पीलीभीत ज्वाइन करने आ रहे थे

परन्तु रास्ते में कोतवाली पूरनपुर होने पर एसपी ने अपनी गाड़ी पीलीभीत जिला मुख्यालय से पहले पूरनपुर में 30 जनवरी को घुंघचिहाई रोड ग्राम रम्पुरा ता0 महाराजपुर के हाइवे पर सुनील कुमार गुप्ता किराने वालों के घर शाम लगभग 08-09 बजे के बीच पांच अज्ञात लुटेरों ने दुकान के ऊपर मकान में घुस कर 06 लाख नकदी व लाखों के जेवरातों सहित बंधक बनाकर लगभग 25-30 लाखों की लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये किराना व्यापारी के घर लाखों की लूट की घटना से व्यापारियों एवं नागरिकों में हड़कंप मच गया लाखों की लूट की घटना को लेकर बरेली रेंज के आई0जी0 डा0 राकेश सिंह एसपी अतुल शर्मा सीओ आलोक सिंह प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सहित एसओजी टीम आदि ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की गयी एसपी द्वारा एसओजी सहित चार अलग अलग पुलिस टीमों का गठन कर खुलासे के भरसक प्रयास किये परन्तु एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी अब जनपद में नये पुलिस अधीक्षक की तैनाती होते ही नवांगत एसपी ने मऊ से पीलीभीत मुख्यालय जाते समय किराना व्यापारी के घर हुयी लाखों की लूट पाट की घटना का संज्ञान लेते हुये किराना व्यापारी के घर पहुंचकर व्यापारी सुनील कुमार गुप्ता से लूट के संबध में अनेकों बिन्दुओं पर बात कर घटना स्थल का वारीकी से निरीक्षण कर सीओ व कोतवाल को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि 24 घंटे व्यापारी के मकान दुकान के पास 112 नं0 गाड़ी रहेगी और व्यापारी को हर प्रकार सुरक्षा प्रदान की जायेगी पुलिस अधीक्षक श्री पांडे द्वारा काफी समय तक घटना स्थल का निरीक्षण कर कहा कि शीघ्र ही लूट की घटना का खुलासा किया जायेगा इस दौरान सीओ आलोक कुमार सिंह कोतवाल प्रवीण कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा नवांगत पुलिस अधीक्षक की धमाकेदार इन्ट्री से पुलिस विभाग में हड़कंप सा मच गया।

संक्षिप्त आवाज़

प्लाट की बिक्री के नाम पर वृद्धा से लाखों की ठगी

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। प्लाट बिक्री करने के नाम पर बृद्ध से धोखाधड़ी कर लाखो रुपये की ठगी कर ली गई। पंजीकृत इकरारनामा होने के वावजूद बैनाम नही कराया। घर वुलाकर मारपीट की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। नगर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी राकेश चंद्र ने वताया कि कि 23 मार्च 2023 को नगर के मोहल्ला गनेशगंज पूर्वी निवासी कमला देवी से एक प्लाट का सौदा आठ लाख रुपये में किया था। वताया जाता है कि छह लाख रुपये नकद देकर एक पंजीकृत इकरार नामा करवाया था। महिला ने पुत्री की मौजूदगी में बैनामा कराने की वात कही।जिसमे 12 माह का समय देकर रजिस्ट्री करने पर दो लाख रुपये देने की वात तय हुई थी। आरोप है कि काफी समय वीत जाने के बाद भी बैनामा नही कराया। मामले की सूचना लगने पर उसके होश उड गए।रुपये भी चलेंगे और प्लाट भी नही मिला। युवक का आरोप है कि उसके साथ धोखाधड़ी कर रुपये ठग लिए। जब युवक अपने रुपये मांगने गया तो उसके साथ गाली गलौज कर रुपये मांगने पर जान से मारने व झूंठे केसमें फंसाने की धमकी दी। पीडित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। इस पर एसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने कमला देवी,रविन्द्र,देवेंद्र, किरनवाला व दिल्ली निवासी सुनीत के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल प्रवीन कुमार ने वताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसकी विवेचना शुरु कर दी गई है।

डीएम ने किया हाईस्कूल कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण

मुरादाबाद। जिलाधिकारी मानवेद्र सिंह द्वारा कन्या जूनियर हाईस्कूल कम्पोजिट विद्यालय मझोला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 09 शिक्षक उपस्थित थे व एक कर्मचारी सीसीएल पर

बताया गया। डीएम के निरीक्षण से विद्यालय में मौजूद स्टाफ कर्मिये में हड़कम्प मच गया। जब डीएम निरीक्षण करके लौटे तब जाकर षिक्षको ने राहत की सांस ली। बताते चले कि गुरूवार की सुबह जिलाधिकारी मानवेद्र सिंह अचानक मझोला स्थित कम्पोजिट विद्यालय पहुंचे और उनके द्वारा बारीकी से निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान डीएम ने चैक किया तो विद्यालय में शिक्षण कार्य एवं एमडीएम भोजन की गुणवत्ता ठीक पायी गयी। वहीं विद्यालय में कायाकल्प का कार्य अच्छा हुआ है लेकिन नियमित सफाई कर्मचारी न होने के कारण विद्यालय में रख रखाव/सफाई व्यवस्था ठीक नही है। इस पर नगर आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही कराने के निर्देश दिए।

नोटिसो को दर किनार कर बदसूरत जारी है निर्माण कार्य, नगर पंचायत में चला बुलडोजर

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में बुधवार की सुबह अवैध रूप से निर्माणाधीन सीढ़ी को नगर पंचायत प्रशासन ने गिरवा कर संदेश दिया है कि बगैर टाउन एरिया में नक्शा बनावाये या फिर दबंगई के बल पर निर्माण करने वाले लोगों को बख्सा नहीं जाएगा। बता दे की नगर पंचायत क्षेत्र में वेस्टीज हिल्टन स्कूल के प्रबंधक इमरान खान स्कूल के द्वारा मुख्य चौराहे के निकट बाहर सड़क पर सीढ़ी का निर्माण कर आतिक्रमण किया जा रहा था। जिस पर नगर पंचायत ने उन्हें कई बार नोटिस जारी कर निर्माण को रोकने व सीढ़ी को हटाने के लिए निर्देशित किया। बावजूद इसके इमरान खान के द्वारा निर्माण कार्य जोर जबरदस्ती किया जाता रहा। जिस पर एक बार पुलिस ने भी रात में निर्माण करने के कारण उन्हें थाने तक ले गई थी और निर्माण कार्य रोकने का निर्देश भी दिया था। बावजूद इसके विद्यालय प्रबंधक निर्माण कार्य जारी किए हुए थे। जिस पर बुधवार की सुबह नगर पंचायत ने सड़क पर हो रहे अवैध निर्माण को रूकवाते हुए बुलडोजर से सीढ़ी को गिरवा दिया। इस मामले में विद्यालय प्रबंधक इमरान खान का कहना है कि उनके पास कोर्ट का स्टे ऑर्डर था। हालांकि इस मामले में नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि उनके पास ऐसे किसी भी स्टे ऑर्डर की कोई सूचना नहीं थी और न ही इसकी कोई प्रति ही उपलब्ध कराई गई थी। वहीं नगर पंचायत के द्वारा की गई इस कार्रवाई से नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले व अतिक्रमण करने वाले लोग दहशत में है।

समस्याओं के निस्तारण के लिए एसडीएम को सौंपा पत्र

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति की अध्यक्ष सुमित्रा विश्वास के नेतृत्व में गुरुवार को दर्जनों लोग पूरनपुर तहसील पहुंचे,जहां उन्होंने एसडीएम राजेश शुक्ला के सम्क्ष समस्याओं को रखा। इसके बाद ज्ञापन उनको सौंपा। जिसमें कहा गया है कि शारदा नदी के विनाशकारी भू कटान व वाढ से हर वर्ष लोग तबाह हो जाते हैं। शासन द्वारा स्वीकृत की गई दो परियोजनाओं व 55 किसानों की कृषि भूमि जो शारदा नदी में कट गई है और ड्रेजिंग द्वारा चैनेलाइजेशन कार्यकारी संस्था कार्यशाला स्थापना खंड अधिशासी अभियंता कानपुर व नदी के दांए तट पर जिओ बैग लगाने का काम कार्य संस्था पीलीभीत है। जिओ बैग लगाने की प्रस्तावित कार्यों की वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा नहीं मिल सकी है। जिसके चलते परियोजनाओं का ई टेंडर की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। ज्ञापन में कहां गया है कि बरसात का मौसम नजदीक है। ग्रामीण अभी से ही भयभीत है। ज्ञापन में कहा गया है कि अगर समय रहते परियोजनाओं पर काम नहीं किया गया तो इस बार भी मुश्किलें और बढ जाएगी।

विधायक ने लक्ष्य महाविद्यालय में छात्रों को बांटे स्मार्ट फोन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। नगर के लक्ष्य महाविद्यालय में मुख्य अतिथि विधायक बाबूराम पासवान द्वारा छात्राओं व छात्रों को स्मार्ट फोन वितरण कर महाविद्यालय प्रांगण में ओपन जिम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।नगर के लक्ष्य महाविद्यालय अध्यक्ष रवि गुप्ता प्रबंधक नितिन गुप्ता ने बताया कि विधायक बाबूराम पासवान द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं को ओपन जिम का उद्घाटन कर छात्र/छात्राओं को सुविधा प्रदान की गयी उद्घाटन अवसर पर विधायक पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार छात्रों के भविष्य के उज्जवल बनाने व नई तकनीकि शिक्षा के अन्तर्गत

समय समय पर लैपटाप स्मार्ट फोन उपलब्ध करा रही है जिससे छात्र छात्राओं को शिक्षा में और अधिक लाभ मिल सके महाविद्यालय के प्रबंधक रवि गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार छात्र/छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के पूरे प्रयास कर रही है प्रबंधक नितिन गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राएं देश के तकनीकी विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगें कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी हर्ष गुप्ता व्रजेश गुप्ता मुकेश खण्डेलवाल अनुज शुक्ला सत्यपाल सिंह चौहान डा0 हंसराज राठौर सहित अन्य विशेष अतिथि गणमान्य व्यक्ति व समस्त महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

फरार हत्याभियुक्त को किया गिरफ्तार

बिजनौर (स्पष्ट आवाज) सर्कल के थाना नगीना देहात के ग्राम अजू रानी में पांच दिन पूर्व थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर काम कर रहे पिता पुत्र पर गांव के ही चार लोगों ने सब्बल से हमला कर पिता को मौत के घाट उतार दिया था । जबकि पुत्र गम्भीर रूप

से घायल हो गया था । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। तथा शिवकुमार की पत्नी किरन की तहरीर कार्यवाही शुरू कर दी थी । पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पांच दिन पूर्व किरन पत्नी शिवकुमार निवासी ग्राम अजुपुरा रानी उर्फ नया गांव थाना नगीना देहात ने थाने पर तहरीर देकर बताया था ।कि अभियुक्तगण अमरसिंह,नरपाल पुत्रगण रामेश सिंह , देवेन्द्र पुत्र कोमल सिंह व कामेन्द्र पुत्र ओमपाल निवासीगण ग्राम अजुपुरा रानी उर्फ नया गाँव द्वारा उसके ससुर छोटे 70 वर्ष पुत्र मक्खन सिंह व उसके पति शिवकुमार को जान से मारने की नियत से लोहे के सब्बल से दोनो के सिर पर वार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया जिससे उसके ससुर छोटे की मौके पर ही मौत हो गयी थी व उसके पति शिवकुमार घायल हो गये थे । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई थी । 26 फरवरी को स्थानीय पुलिस द्वारा अभियुक्त अमर सिंह को घटना में प्रयुक्त लोहे के सब्बल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में धारा 34 की वृद्धि की गयी। जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को वांछित अभियुक्त नरपाल पुत्र रामेश सिंह निवासी ग्राम अजूपुरा रानी उर्फ नया गाँव थाना नगीना देहात को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

डीएम द्वारा मनोनीत कार्यवाहक ग्राम प्रधान का हुआ भव्य स्वागत

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। ग्राम पंचायत शेरपुर कला में पूर्व प्रधान नाजिया खानम के कैंप कार्यालय पर जिला अधिकारी महोदय द्वारा नामित किए गए नवनियुक्त कार्यवाहक प्रधान जावेद खान का स्वागत हाजी रियाजत नूर खान मंडल महामंत्री प्रधान संगठन ने एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने कार्यालय में उपस्थित होकर खुशी का इजहार किया स्वागत समारोह में उपस्थित सम्मानित ग्रामवासी गण हाजी रियाजत नूर खान हाजी रहीस खान ग्राम पंचायत सदस्य जुनैद खान शकील खान सोहेल अंसारी शान मियां परवेज खान सादिक खान सलीम खान पप्पू मिस्त्री इशरत नूर खान उर्फछोटे शब्बीर भाई ट्रेलर सलमान खान बरकाती फैजान हसनैन भाई आमिर फासत खान मेडिकल राजबल खान फहीम भाई अदनान रजा इस्त्रन ग्रिल वाले सुनील वाल्मीकि रामकिशोर जुनैद सहित तमाम गणमन नागरिक मौजूद थे।

आंगनबाड़ी महासभा द्वारा बैठक का आयोजन, सौंपा ज्ञापन

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)। आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा द्वारा मालवीय आवास गृह पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसके बाद महासभा द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया।बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मोरश्री गुप्ता द्वारा बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से एकजुट रहने की अपील की गई।बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि किसी भी कीमत पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का शोषण नहीं होने देंगे।

मासिक बैठक में संगठन के पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए।

जिसके बाद संगठन द्वारा विकास भवन पहुंचकर जिला कार्यक्रम अधिकारी को विज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर मोहिनी शर्मा,शीतल राजेश्वरी, चांदनी,महेश कुमारी चौहान,कुमकुम जौहरी, शशि रानी,नीलम सक्सेना,राजबाला,सर्वेश कुमारी,संतोष कुमारी,वीर बाला,लक्ष्मी,लक्ष्मी देवी,निशा सक्सेना,मुक्त जोहरी,अनीता सिंह प्रेमलता आदि मौजूद रहे।

फैजान सलमानी के निवास से उर्स के मौके पर की गई चादर पोशी

मुरादाबाद। नागरिक एकता समिति की और से हिमगिरी कॉलोनी स्थित दरगाह सय्यद नौ गजे पीर रहेमतुल्लाहा अलैह के 43 वा सालाना उर्स के मौके पर समिति के राष्ट्रीय महासचिव फैजान सलमानी की और से हर साल की तरहा इस साल भी उर्स के मौके पर चादर पेश की गई चादर पोशी फैजान सलमानी के निवास से की गई चादर का जुलूस फैजान सलमानी के निवास से शुरू होकर दरगाह शरीफपर पहुंचा इस दौरान फैजान सलमानी ने कहा दरगाहै अमन का पैगाम देती है हम सभी ने देश की तरक्की व खुशहाली के लिये दुआ की है चादर पोशी के बाद दाल रोटी का लंगर किया गया इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव फैजान सलमानी, रियासत हुसैन, चुन्ना भाई, नईम रजा, मो इमरान, मो रिहान, अब्दुल रहमान, नाजिम, इदरीश, ,हैदर अली, रशीद,शाहिद,जाबिद,वासिम , सुहेल, रियासत मुल्लाजी,मौ नईम,शब्बू,ताहिर कादरी, नसीम अहमद, मौ नावेद, बाबू शाहा,अरफ असरफी ,महबूब, सरफ़ाज,शानू, अर्सलान,मौ रिजवान आदि लोग मौजूद रहे द्य दुआ सय्यद हाशिम साहब ने कराई. वही आसिफ शाकिर चिस्ती ने सूफ्याना कलाम पड़ा।

सीडीओ ने की उद्योग तथा व्यापार बंधु समिति की बैठक

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग तथा व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान व्यापारियो के प्रतिनिधियों द्वारा बिंदूवार समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उद्योग बंधु तथा व्यापार बंधु की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने व योजनाओं के क्रियान्वन में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के उपरांत प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 2424 आवेदन के सापेक्ष 2024 आवेदन निस्तारित कर दिया गया। विभाग स्तर पर 11 आवेदन लंबित है, जिसे समय सीमा अंतर्गत निस्तारित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग, जिला सूचना अधिकारी, उद्योग बंधु के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

शारदा नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति को मुख्यमंत्री व लो0नि0 मंत्री का रहूंगा आभारीः बाबूराम पासवान

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। विधायक बाबूराम पासवान ने उत्तर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी व लोक निर्माण मंत्री श्री जितिन प्रसाद जी का धनाराघाट पुल का प्रस्ताव कैबिनेट में पास कराने के लिए ह्रदय की गहरायो से बहुत बहुत धन्यवाद पूरनपुर-धौरी-कंचनपुर मार्ग के निकट धनारा घाट पर शारदा नदी सेतु का होगा निर्माण सेतु के निर्माण हेतु सरकार द्वारा 26913.59 लाख रुपये अनुमोदित क्षेत्रीय जनता को जिला मुख्यालय पहुँचने हेतु 180 किलोमीटर के स्थान पर 70 किलोमीटर तय करनी होगी दूरी. 80-85 गाँवों की लगभग 2.50 लाख आबादी होगी लाभान्वित, पड़ोसी देश नेपाल पहुंचना भी होगा आसान सेतु का निर्माण भारत एवं नेपाल दोनों राष्ट्रों के आवागमन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण, दोनों देशों के संबंध मधुर होंगे और बार्डर की सुरक्षा भी मजबूत होंगी. जनपद

पीलीभीत में पूरनपुर-धौरी-कंचनपुर मार्ग के निकट धनारा घाट पर शारदा नदी सेतु का निर्माण होगा। साथ ही पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य भी कराये जायेंगे। इस पर 26913.59 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। मंत्री परिषद से धनराशि पर अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। शीघ्र पुल निर्माण की प्रकिया शुरू कर दी जायेगी। विधायक बाबूराम ने बताया कि वर्तमान में प्रस्तावित स्थल पर कोई सेतु न होने के कारण सूखे के मौसम में लोक निर्माण विभाग द्वारा 300 मीटर एवं 80 मीटर लम्बाई के दो पीपे के पुलों का प्रतिवर्ष निर्माण कराया जाता है, जिसके माध्यम से स्थानीय निवासियां का आवागम होता है। दोनों पीपे के पुलों के बीच की दूरी लगभग दो किलोमीटर है। वर्षा ऋतु में विभाग द्वारा पीपे के पुलों को सुरक्षा की दृष्टि से हटा लिया जाता है एवं क्षेत्रीय जनता को लगभग 180 किलोमीटर की दूरी तय करके जिला मुख्यालय पहुंचना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सेतु का निर्माण हो जाने से यह दूरी मात्र 70 किलोमीटर रह जायेगी। विधायक ने बताया कि प्रस्तावित नदी पर मुख्य सेतु की लम्बाई 3287.48 मीटर, पहुंच मार्ग भाग की लम्बाई 200-200 मीटर एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग भाग की लम्बाई 150-1600 मीटर के निर्माण की आवश्यकता है। प्रस्तावित सेतु निर्माण होने से तहसील पूरनपुर के ग्राम हजारा, भरतपुर, अशोकनगर, अयोध्यापुरी, चंदननगर, लक्ष्मणनगर, नेहरूनगर, रामनगर, विनोवानगर, राघवपुरी, धर्मपुरी आदि लगभग 80-85 गॉव की लगभग 2.50 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। जिससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सेतु का निर्माण भारत एवं नेपाल दोनों राष्ट्रो के आवागमन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है, जिससे दोनो राष्ट्रों के बीच आयात निर्यात में सुविधा होगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मार्च को

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार माह मार्च में दिनांक 05.03.2024 से दिनांक 07.03.2024 तक लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु आयोजित होने वाली विशेष अदालत एवं दिनांक 09मार्च दिन शनिवार को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में लघु प्रकृति के फौजदारी वाद, एन0आई0 एक्ट की धारा 138, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, वैवाहिक/पारिवारिक वाद, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना एवं प्रतिकर वाद,विद्युत अधिनियम से संबन्धित वाद, श्रम वाद एवं भूमि अध्याप्ति वाद राजस्व वाद, ऋण वाद आदि सहित अन्य प्रकार के वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारण किया जाना है। कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 09.03.2024 में पारिवारिक प्री-लिटिगेशन मामलों को सुलह समझौता के माध्यम से निपटा सकते हैं ।

सम्मानित हुए कवि व मंच संचालकः डॉ तारकेश्वर मिश्र

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। हर क़ामयाबी को लेकर मुक़द्दर की बात क्यों करते हो जिज्ञासु। सच तो यह है कि तुम्हारा किरदार मुक़द्दर पर भारी है।। चर्चित कवि व मंच संचालक डॉ तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु का यह शेर तमाम लोगों की सोच से मेल खा सकता है मगर यह शेर इंसानी ज़िंदगी की हक़ीक़त को बयां कर रहा है। तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु उत्तर प्रदेश के जनपद अंबेडकरनगर के अकबरपुर विकासखंड के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पीरपुर में विज्ञान अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं । जिज्ञासु शिक्षा के साथ-साथ कविता और साहित्य में अच्छी शौक़ रखते हैं । शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रियता जिज्ञासु की पहचान है। विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच अनूठी व रोचक शिक्षण गतिविधियों के साथ शिक्षण अधिगम को प्रभावी बनाते हैं तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु। जिज्ञासु के साहित्य शौक़ का नतीजा है कि अब तक उनके दर्जनों काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें एक आईना जिज्ञासु की कलम से, मन का आँगन, एहसास दीप, अपराजिता, हरसिंगार, गीत गूंजते हैं,

मधुमालती, कोविड-19, दोहा सागर, कोहिनूर, काव्य ज्योति, जहां न पहुंचे रवि, जज़्बात जिज्ञासु के (गूगल बुक), आया कोरोना मत डरोना (गूगल बुक), साहस (गूगल बुक), आदि व्यक्तिगत और साझा काव्य संग्रह शामिल हैं। जिज्ञासु के शैक्षणिक और साहित्यिक योगदान के कारण उन्हें अब तक कई सम्मान मिल चुके हैं। सम्मान व प्रशस्ति पत्र की सूची में जनपद एवं मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रशस्ति पत्र, साहित्य गौरव सम्मान, श्रद्धा साहित्य गौरव सम्मान, तुलसी मीर सम्मान, साहित्य सारथी सम्मान, युवा शक्ति सम्मान वर्ष 2020, कोरोना योद्धा सम्मान, योद्धा रत्नम अवार्ड, समीक्षक गुरु सम्मान, सृजन श्री सम्मान, ज्ञानोदय प्रतिभा सम्मान 2020, साहित्य भूषण सम्मान, श्री कमलेश्वरी मंडल स्मृति काव्य दूत सम्मान, प्रेमचंद सम्मान, पंडित दीन दयाल उपाध्याय साहित्य सम्मान, हिमालयन रत्न सृजन सम्मान, राजा लक्ष्मेश्वर सिंह स्मृति किसान दिवस सम्मान पत्र, पुलिस लाइन गणतंत्र दिवस प्रशस्ति पत्र, अंबेडकरनगर महोत्सव 2022, काव्य विभूति सम्मान, पर्यावरण जागरूकता स्मृति सम्मान, काव्य प्रेमी सम्मान एवं अन्य साहित्यिक सम्मान हैं। समसामयिक अभियान जैसे स्कूल चलो अभियान, करो योग रहो निरोग/ स्वच्छता अभियान में शिक्षक कवि तारकेश्वर मिश्र का विशेष योगदान रहता है। बीते दिनों हमरंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित ऑनलाइन ÷बहारङ्कएङ्कहमरंग÷ साहित्यिक कार्यक्रम में सफल संचालन हेतु फाउंडेशन के अध्यक्ष यगेश्वर वत्स एवं सचिव विवेक तिवारी अविचल द्वारा सम्मान पत्र से अलंकृत किया गया है। सम्मान पत्र की प्राप्ति पर शिक्षकों, समाजसेवियों, कवियों एवं साहित्यकारों द्वारा सोशल मीडिया पर बधाई एवं शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है।

सीएमओ ने ख़राब प्रदर्शन करने वाले चिकित्सा अधिकारियों को लगाई फटकार

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कम उपलब्धि वाली टीमों को चेतावनी देते हुये वेतन अवरुद्ध करने के दिशा निर्देश दिये है,मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा जारी पत्र के आधार पर जनपद के समस्त संविदा कर्मियों का परफॉर्मेंस अप्रेजल किया जाएगा एवं निर्धारित सूचकांकों के आधार पर नंबर दिये जाएंगे एवं उनकी ग्रेडिंग कर परफॉर्मेंस अप्रेजल जिलाधिकारी के माध्यम से मिशन निदेशक को प्रेषित किया जाएगा जहां से संविदा नवीनीकरण हेतु प्रक्रिया की जाएगी, परफॉर्मेंस मे सुधार न लाने

नगर को विकसित करने के लिए हर संभव प्रयासः जगनारायन

■ चरवा में 367.26 लाख की लागत से कुल 25 कार्यो का वीडियो के माध्यम से लोकार्पण किया गया

कौशाम्बी । जिले के नगर पंचायत चरवा में नगर विकास मंत्री मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत कुल 25 कार्यो का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष, अधिशाषी अधिकारी एवं सभासद मौजूद हैं। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत नगर पंचायत चरवा के विकास की तैयारी की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत सड़क, जल वितरक, चैराहों का विकास, व्यवसायिक क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य नगर में किये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कांफ्रेंसिंग के से नगर पंचायत चरवा में 367.26 लाख रूपयों की लागत से कुल 25 कार्यो का वीडियो के माध्यम से लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जगनारायण पासी,अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह,सभासद प्रतिनिधि कुमार,कल्लन, संगम कुमार गौतम, राजेश पटेल, राहुल गौतम, सभासद प्रतिनिधि अशोक पांडे, अनिल कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष जगनारायण ने कहा कि नगर को विकसित करने के लिए हर संभावित प्रयास किए जा रहे हैं, जल्द ही नगर के विकास कार्य को तेजी से कराया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह ने कहा कि शासन को अन्य माध्यमों से नगर के विकास के लिए प्रस्ताव दिया जा रहा है। शासन से अनुमति प्राप्त होने पर ही विकास कार्य शुरू कराया जायेगा।

क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास : वीरेन्द्र सरोज

■ 352 लाख की परियोजनाओं का सीएम ने किया लोकार्पण, अतिथियों का नगर पालिका अध्यक्ष बीरेंद्र सरोज ने बुके देकर किया स्वागत

कौशाम्बी। मंझनपुर नगर पालिका परिषद में गुरुवार को सीएम योगी ने वर्चुअल कार्यक्रम के द्वारा 352 लाख की योजनाओं का लोकार्पण किया गया। जिसका सजीव लाईव प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा। इसके साथ ही उन्होंने अन्य विकास योजनाओं को भी गति देने में जोर दिया है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष बीरेंद्र सरोज, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिता त्रिपाठी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व सभासद शामिल हुए है।

नगर पालिका परिषद मंझनपुर में गुरुवार को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत अब तक करोड़ों रुपये से कई विकास कार्य कराए गए थे।लेकिन उनका लोकार्पण नहीं हुआ था। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कराए गए विकास कार्यों का गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। साथ ही कई योजनाओं का शिलान्यास भी किया है। सीएम के लोकार्पण कार्यक्रम की पूरी तैयारी की गई थी। कार्यक्रम में आए अतिथियों का नगर पालिका अध्यक्ष बीरेंद्र सरोज ने बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत है। शासन को प्रस्ताव भेजा है। धनराशि उपलब्ध होते ही विकास कार्य शुरू कराया जायेगा। जिससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अनिता त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य अधिशाषी अधिकारी प्रतिभा सिंह आदि जेई ओंकार पटेल ,सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मानसिक शारीरिक व सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है खेलकूदः वीरेन्द्र सरोज

■ महामाया राजकीय महाविद्यालय में दसवां वार्षिक क्रीड़ा समारोह संपन्न

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय का दसवां वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन एवं समापन गुरुवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वीरेंद्र सरोज अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर विशिष्ट अतिथि शिव प्रताप मौर्य, अध्यक्ष युवा वाहिनी अमित कुमार सोनकर ,पार्षद, मंझनपुर उपस्थित रहे। समापन समारोह की अध्यक्षता डॉ अरविंद कुमार प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा की गई । कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माला अर्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया । तदुपरांत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार फौजी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर ने कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने, और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है। हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। शिव प्रताप मौर्य ने कहा कि खेलना हमारे शारीरिक दक्षता और क्षमता को बढ़ाता है। यह हमारे हृदय को मजबूत बनाता है, रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है,मोटापे को कम करता है। अमित कुमार सोनकर ने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों में नेतृत्व, आइघ पालन, समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम करना, खेल की भावना, साहस, सहनशीलता जैसे आवश्यक सद्?गुणों का विकास होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि अनुशासन ही वह रास्ता है। जिससे हम अपने लक्ष्य को सही तरीके से प्राप्त कर सकते हैं। यह अनुशासन खेलकूद की भावना से पैदा होता है । यदि हम अपने कामों में अनुशासन नहीं रखेंगे तो हम कभी भी अपने काम में सफलता नहीं पा सकते हैं। मुख्य अतिथि ने विशेष राशि द्वारा महाविद्यालय के निम्नलिखित छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। 100 मीटर दौड़ छात्रा मीला देवी ,प्रथम पुरस्कार, गुंजन सरोज द्वितीय पुरस्कार , रचना केसरवानी, तृतीय पुरस्कार 100 मी दौड़ छात्र मतेश प्रथम पुरस्कार, हिमांशु द्वितीय पुरस्कार ,अमन सिंह तृतीय पुरस्कार, 200 मीटर दौड़ छात्र संदीप कुमार प्रथम पुरस्कार , शिवबाबू द्वितीय पुरस्कार , अमन सरोज तृतीय पुरस्कार, 200 मीटर दौड़ छात्र मीला देवी प्रथम पुरस्कार ,सुहानी यादव द्वितीय पुरस्कार, कुसुम देवी तृतीय पुरस्कार 400 मीटर दौड़ छात्र मतेश प्रथम पुरस्कार, संदीप कुमार द्वितीय पुरस्कार, हिमांशु तृतीय पुरस्कार, 400 मीटर दौड़ छात्रा नीला देवी प्रथम पुरस्कार, मनोरमा गौतम द्वितीय पुरस्कार , गुंजन सरोज तृतीय पुरस्कार, गोला फेंक छात्र अंकित प्रथम पुरस्कार, हिमांशु द्वितीय पुरस्कार, अमन सरोज तृतीय पुरस्कार ,गोला फेंक छात्र प्रतिभा प्रथम पुरस्कार, फूल कुमारी द्वितीय पुरस्कार, रचना केसरवानी तृतीय पुरस्कारचक्का फेंक छात्र विकास कुमार प्रथम पुरस्कार, हिमांशु द्वितीय पुरस्कार, अमन सरोज तृतीय पुरस्कार, चक्का फेंक छात्र रचना केसरवानी प्रथम पुरस्कार , पूजा भारतीय द्वितीय पुरस्कार , प्रतिज्ञा यादव तृतीय पुरस्कार भाला फेंक छात्र हिमांशु प्रथम पुरस्कार , विकास कुमार द्वितीय पुरस्कार ,अमन सरोज तृतीय पुरस्कार, भला फेंक छात्रा कुसुम देवी प्रथम पुरस्कार ,आंचल केसरवानी द्वितीय पुरस्कार , प्रतिज्ञा यादव तृतीय पुरस्कार लंबी कूद छात्र संदीप कुमार प्रथम पुरस्कार ,शिवबाबू द्वितीय पुरस्कार , हिमांशु तृतीय पुरस्कार, लंबी कूद छात्र मीला देवी प्रथम पुरस्कार ,मनोरमा द्वितीय पुरस्कार, सुहानी यादव तृतीय पुरस्कार, कार्यालय अधीक्षक अजय कुमार ,दिलीप कुमार सरोज आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त आवाज

दिव्यांग ने ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी भटपुरवा में पारिवारिक कलह के चलते दिव्यांग युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी । युवक के ट्रेन से कटने की खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो परिजनो में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी । सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। मिली जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के भटपुरवा निवासी पप्पू पुत्र अशर्फी लाल पहले ट्रक चलाता था। एक हादसे में उसका एक हाथ कट गया था,वह दिव्यांग हो गया था। जिसके चलते वह घर पर ही रहता था।किसी कारण से वह परेशान रहता था।बुधवार की देर रात उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।ग्रामीणों और परिजनो को सुबह घटना की जानकारी हुई ।तो कोहराम मच गया,ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई,लोगो ने इसकी सूचना भरवारी चौकी पुलिस को दी ,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है।

डीएम ने खाद्य सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से खाद्य सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से जनपदवासियों को सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह तथा सहायक आयुक्त खाद्य शशि शेखर उपस्थित रहें।

रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन

कौशाम्बी। 5वीं ब्रजेश कुमार द्विवेदी मेमोरियल रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन जिला शतरंज खेल संघ कौशाम्बी के तत्वावधान में चायल नगर पंचायत स्थित रामनाथ सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में 29 फरवरी को 6 चरणों में की गई। जिसके परिणाम में पहले स्थान पर शिवांश केसरवानी दूसरे स्थान पर सत्यम शुक्ला तीसरे स्थान रितिका त्रिपाठी चौथा स्थान पर प्रिया यादव को पांचवें स्थान पर अंशिका यादव छठे स्थान पर आबाश त्रिपाठी सातवे स्थान पर श्लोक आठवें स्थान पर ऋषभ नौवें स्थान पर कार्तिक दशवे स्थान पर परी यादव रही। आयु वर्ग 11 में पहले स्थान पर अनुप्रिया यादव दूसरे स्थान पर श्री हरि मिश्रा तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान की पार्थ केसरवानी चौथा स्थान पर ऋद्धि रही आयु वर्ग 15 में पहले स्थान पर सार्थक दूसरे स्थान पर राधे कृष्ण त्रिपाठी तीसरे स्थान पर प्रियांशु केसरवानी चौथा स्थान पर कलश को मिला ।आयोजक स्वधा द्विवेदी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के लगभग 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप विश्वकर्मा व कौशाम्बी शतरंज संघ के सचिव राघवेंद्र शुक्ला भवभूति बिहारी लाल प्रीति दुबे उपस्थित रहे।

डीएम ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता बाइक रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली पंचायतीराज, प्रान्तीय रक्षक दल एवं बेसिक शिक्षा विभाग के कार्मिकों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से मंझनपुर चौराहा होते हुए सैनी तक निकाली गई। मतदाता जागरूकता बाइक रैली के माध्यम से जनपदवासियों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही कार्मिकों द्वारा मतदान के दिन ÷छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलों करें मतदान÷ व ÷पहले मतदान, फिर जलपान÷ तथा ÷चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी÷ आदि स्लोगन के माध्यम से जनपदवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह तथा जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

पुलिस ने मोटर साइकिल चोरों को किया गिरफ्तार

■ केंद्रीय अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही क्रम मे गुरूवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा बांदा और आस-पास के जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि अज्ञात अभियुक्तों द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत डिग्गी चौराहे के पास स्थित चौरसिया पेट्रोल पम्प के सामने से 25 फरवरी को एक एवेंजर मोटरसाइकिल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में वादी सहबाज पुत्र सुलेमान निवासी बंगालीपुरा द्वारा थाना कोतवाली पर धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया गया था। पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को पुराने बाईपास से कालूकुआं जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे बांदा व आसपास के जनपदों में मोटरसाइकिल की चोरी करते है। अभी उनके पास 03 और चोरी की गई मोटरसाइकिलें रखी हैं। अभियुक्तों की निशादेही पर कर्बला रोड के पास बने खण्डहर से 03 अन्य मोटरसाइकिले बरामद की गई हैं जिनके संबंध में अतिरिक्त जानकारी के प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में इसरार पुत्र नन्हे मंसूरी निवासी खुटला काली देवी मन्दिर व सरफराज पुत्र मोहम्मद सरीफ निवासी खुटला बर्फ फैक्ट्री हैं गिरफ्तारी करने वाली टीम-प्र0नि0 कोतवाली नगर अनूप कुमार दूबे, चौकी प्रभारी कालवनगंज सुधीर सिंह, चौकी प्रभारी सिविल लाइन परवेज अहमद ,कां0 जितेन्द्र कुमार, कां0 राणा प्रशांत, कां0 गोकरन सिंह मौजूद रहे।

महिला कांस्टेबल को डंपर ने मारी टक्कर, चालक गिरफ्तार

बांदा। तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी से जा रही महिला कांस्टेबल को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे डंपर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल महिला कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देहात कोतवाली में तैनात महिला कांस्टेबल सुमन (33) गुरुवार की दोपहर स्कूटी से कहीं जा रही थी। जैसे ही वह थाने से बाहर निकली पीछे से आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया और महिला कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

महोबा (स्पष्ट आवाज)। कुछ दिनों पूर्व खेत में सो रहे व्यक्ति की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। जिसमें पति-पत्नी दोनों को पुलिस द्वारा आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जनपद के थाना महोबकंठ क्षेत्र में आने वाले सौरा गांव के हाकिम सिंह पुत्र मेहरबान सिंह उम्र करीब 40 वर्ष की रात में अपने खेत पर सोते समय हत्या कर दी गयी थी, मृतक हाकिम सिंह की पत्नी की तहरीर पर थाना महोबकंठ में अज्ञात के खिलाफ धारा 302 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा सनसनीखेज घटना के अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम,रविकान्त गौड़ क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में घटना स्थल का निरीक्षण किया।

निपुण सम्मान समारोह में 213 विद्यालय के शिक्षक सम्मानित

महोबा (स्पष्ट आवाज)। डायट चरखारी द्वारा निपुण लक्ष्य के माध्यम से आकलन करने पर निपुण पाये गये विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। निपुण विद्यालय सम्मान समारोह में निपुण विद्यालय के 213 विद्यालयों के शिक्षकों को गुरुवार के दिन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी कबरई अवनीश यादव, समस्त एस. आर. जी.ए. आर.पी. जिला समन्वयक गुणवत्ता एवं 213 निपुण विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा निपुण विद्यालय का प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस दौरान उन शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिन विद्यालयों के बच्चे बुनियादी भाषा एवं गणित के लक्ष्यों को प्राप्त कर रहे हैं तथा जिन्हें डायट चरखारी द्वारा निपुण लक्ष्य के माध्यम से आकलन करने पर निपुण पाया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किए गए थे जिनमें बच्चों के निपुण लक्ष्य एप एवं शिक्षकों के सराहनीय प्रयास से बच्चे निपुण घोषित हुए, जिसमें ए.आर.पी. द्वारा गोद लिए विद्यालय एवं संकुल शिक्षक का विद्यालय, ए. आर.जी. का विद्यालय निपुण घोषित किया गया।

निपुण विद्यालयों में जमीनी स्तर पर कार्य की जरूरतः एसडीएम

मऊ/चित्रकूट। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा- निर्देश अनुसार बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंकीय दक्षता लेने को प्राइमरी शिक्षा में प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने को 5 से 6 वर्ष के बच्चे व विद्यालय में नामांकित कक्षा 1 से 3 तक के बच्चे हैं। निपुण लक्ष्य व मूलभूत साक्षरता से हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में सभी विकासखंडों में दो वर्षो से हो रहा है। गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय छिवलहा में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पांडे ने बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम राकेश पाठक, अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ अमित द्विवेदी, मऊ उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष शारदा अग्रहरि ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। एसडीएम राकेश पाठक ने निपुण सभी विद्यालयों को बधाई देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर श्रम करने की जरूरत है। खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्णदत्त पांडे ने शामिल जन समुदाय/अभिभावकों से कहा कि बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालय भेजें। समय-समय पर होने वाली विद्यालय की बैठकों में हिस्सा लें। नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता पर शिक्षकों की समस्या समधान को मदद को तैयार हैं। सभी निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापको व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि जिले के प्राइमरी शिक्षा के एसआरजी गीत श्रीवास्तव ने साक्षरता के तहत दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ आलोक गर्ग ने संचालन किया।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना सं.-याँ/246/1/15/23-24/ओटी-45
मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडों के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :
क्रम सं. : 1, कार्य का संक्षिप्त विवरण : 02 वर्ष की अवधि के लिए मैकेनिकल वर्कशॉप, इज्जतनगर में 1042 नंबर वैगनों में ट्विन पाइप एयर ब्रेक सिस्टम का रेट्रोफिटमेंट का कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार), **अनुमानित मूल्य (रु. में) :** ₹ 26,52,111.74 (रुपये छब्बीस लाख बावन हजार एक सौ ग्यारह और चौहत्तर पैसे मात्र), **बिड सिक्योरिटी (रु. में) :** ₹ 53,000.00 (रुपये तिरपन हजार मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य, **कार्य अवधि :** दो वर्ष/24 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समय :** 22.03.2024 15:30 बजे। **नोट :- 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 29.02.2024 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेण्डर खुलने की तिथि 22.03.2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अन्तर्गत CA द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **4.** ई-निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।
उपमुख्यांड/उत्पादन, यांत्रिक कारखाना,
मुजाधि/यांत्रिक-134 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

विकास के लिए ग्राम पुर्नरचना बेहद जरूरी: भारत डोगरा

■ गांवों को नशा मुक्त करने को बनाएं नशा विरोधी समिति, ग्राम सह बैठक में हुई समस्याओं पर चर्चा, विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

बांदा। आर्थिक तंगी के कारण बुंदेलखंड से बड़ी संख्या में पलायन हो रहा है। समस्याओं से जूझ रहे गरीब तबके का बाहर राज्यों में भी शोषण हो रहा है। इससे निजात पाने के लिए सबसे जरूरी है कि संगठन बनाया जाए और ग्रामीण स्तर पर इसे मजबूत किया जाए। यह बातें वरिष्ठ पत्रकार/समाजसेवी भारत डोगरा (दिल्ली) ने कहीं। महुआ ब्लाक के कोलावल रायपुर गांव में विद्याधाम समिति के बैनर तले चिंगारी संगठन का दो दिवसीय ग्राम पुर्नरचना चिंतन शिविर में डोगरा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन हो पाना पलायन का मुख्य कारण बन रहा है। उन्होंने मनरेगा, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि हम दूसरों से योजनाओं का लाभ मांगते हैं। मांगने से भीख मिलती है अधिकार नहीं। नशा आज की पीढ़ी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी नशे की तल से अछूती नहीं हैं। इसे समाप्त किए बगैर किसी समाज या गांव का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने गांवों में 'नशा विरोधी समिति' बनाकर नशा मुक्त बनाएं। दूसरे सत्र में ग्राम सह बैठक का आयोजन हुआ। महिलाओं के गांव वार ग्रुप बनाकर समस्याओं को चिन्हित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल भाई ने सामूहिक चर्चा करते हुए समस्याओं के समाधान बताए। जाति व्यवस्था गांव विकास में सबसे बड़ा बाधक है। भेदभाव को खत्म करके एक साथ संगठन जुड़ें और इसे मजबूत बनाएं। भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव लोचन ने कहा कि बैंक गांव की पुर्नरचना में आधार भूमिका है। वित्तीय असमानता को समाप्त करके ग्रामीण विकास की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। मुख्य अतिथियों द्वारा वृक्ष पूजन किया गया। दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। संचालन समिति मंत्री राजाभइया ने किया। कार्यक्रम में अवधेश द्विवेदी, योगेंद्र पांडेय,उत्कर्ष द्विवेदी (श्रमिक भारती), रामकरन यादव, ग्राम प्रधान राममनोहर यादव, मुन्नीना खान, अर्चना, शशि, कुबेर सिंह, शिवकुमार गर्ग, मुस्तफा अली, प्रिया, रीना, वालिंटियर मुन्नीन, घसरौंट, राजाराम पुरवा की महिलाएं उपस्थित रहीं।

फरवरी में 130 करोड़ का राजस्व जमा कराया: राजेश कुमार

उई (जालौन)। आज राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन)प्रथम दल ने बताया कि ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत प्रवर्तन दल जालौन द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों पर सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के नियमों व सड़क पर लगे यातायात संकेतों के प्रति जागरुक किया गया और जो भी व्यक्ति मार्ग पर सड़क सुरक्षा नियमों व अन्य अभियोगों का उल्लंघन करते हुए पाए गए ऐसे 2046 वाहनों के विरुद्ध चालान व 179 वाहनों के विरुद्ध निरुद्ध की कार्यवाही की गयी। 1 फरवरी, 2024 से 26 फरवरी, 2024 तक जालौन के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा 2046 वाहनों के विरुद्ध चालान व 179 वाहनों के विरुद्ध निरुद्ध की कार्यवाही कर रु0 130.16 करोड़ राजस्व जमा कराया गया।

कार्यालय नगर पंचायत कलीनगर (पीलीभीत)

नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कलीनगर (पीलीभीत) अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत बसीयत/विक्रय पत्र/बारिसान/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन कराना चाहती/चाहता है अतः नगर पालिका अधि0 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की संभावना हो वह व्यक्ति लिखित में साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह कार्य दिवस के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा तदानुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी। विवरण निम्न प्रकार है -

भवन सं0	मोहल्ले का नाम	वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति स्वामी विक्रेता का नाम	प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम	नामान्तरण का आधार
142	वार्ड-06	श्री रविन्द्र सिंह पुत्र सियाराम	श्रीमती ममता यादव पत्नी रविन्द्र सिंह	रजिस्टर्ड दान-पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, कलीनगर-पीलीभीत

225 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

चित्रकूट। समाज कल्याण विभाग ने सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत रामायण मेला सीतापुर में सामूहिक विवाह में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सीडीओ अमृतपाल कौर, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विवाह शुरु कराया।
गुरुवार को अतिथियों ने 225 नव विवाहित जोड़ो में 20 जोड़े बौद्ध धर्म को दांपत्य जीवन में प्रवेश की बधाई दी। वैवाहिक सामग्री बांटी। सभी के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।
पौधे भेंटकर आभार जताया। वैवाहिक कार्यक्रम को गायत्री शक्तिपीठ के संचालक आचार्य रामनारायण त्रिपाठी, सह आचार्यों ने सम्पन्न कराया। इस मौके पर जिला उपायुक्त मनरेगा, जिला अर्थ संख्या अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी समेत सभी ब्लॉक के बीडीओ व ईओ आदि मौजूद रहे।

समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न

उई (जालौन)। आज उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 9 मार्च को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के कुशल मार्गदर्शन में,अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम अंचल लवानिया की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।बैठक में आज अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम अंचल लवानिया ने उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो मामले नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर दर्ज है, मात्र वहीं मामले इस बार लोकअदालत में निस्तारित किये जायेंगे। ऐसी स्थिति में सभी न्यायिक अधिकारी उनके न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में से ऐसे मामलों को तत्काल चिन्हित करके सम्बन्धित पक्षकारों को अविलम्ब सूचित करें, ताकि न्यायालय से प्रेषित नोटिस/सम्मन की तामीला समय पर हो सके, अधिक से अधिक वादकारीगण राष्ट्रीय लोकअदालत में सहभागिता कर सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्र

पांचवें टेस्ट के लिए बुमराह टीम में, चोट के कारण के एल राहुल हुए बाहर

धर्मशाला। भारतीय टीम में सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के लिए जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। वहीं केएल राहुल चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं।

इसके साथ ही राणजी ट्रॉफ में तमिलनाडु की ओर से खेल रहे वॉशिंगटन सुंदर को सेमीफ़ाइनल के लिए टीम रिलीज कर दिया गया है। तमिलनाडु और मुम्बई के बीच दो मार्च से छह मार्च तक सेमीफाइनल खेलना जाना है। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा है कि सुंदर को रणजी ट्रॉफी मुकाबले को देखते हुए टीम से रिलीज़ किया गया है। अगर उनकी जरूरत पड़ेगी तो घरेलू मैच होने के बाद उन्हें वापस भारतीय टीम में बुला लिया जाएगा। बयान में कहा गया कि चिकित्सा दल राहुल की चोट पर करीबी नजर बनाये हुए है और वह लंदन में मौजूद विशेषज्ञों के भी सम्पर्क में है। राहुल अगर चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती कुछ मैचों से बाहर होते हैं तो उनकी जगह पर लखनऊ सुपर जायंट्स के उपकप्तान निकोलस पूरन टीम की कप्तानी करते नजर आ सकते हैं।

धर्मशाला टेस्ट के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:-

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराजी खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

हिमाचल सरकार अस्थिर करने में विफल रही भाजपा : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को दावा किया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने सरकार को अस्थिर करने के लिए धनबल, सत्ताबल और बाहुबल का जो खेल शुरू किया था, वह उसमें विफल रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के हस्तक्षेप और पर्यवेक्षकों की तत्परता के बाद वहां स्थिति पूरी तरह कांग्रेस के नियंत्रण में है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हिमाचल को लेकर मीडिया में तरह-तरह की बातें चल रही हैं। लेकिन हम एक बात बिल्कुल स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं। हिमाचल में प्रधानमंत्री और तथाकथित चाणक्य पूरी तरह से फेल हुए हैं। कांग्रेस नेतृत्व के हस्तक्षेप और हमारे पर्यवेक्षकों की तत्परता के बाद वहां स्थिति पूरी तरह से कांग्रेस के नियंत्रण में है।

आदिवासियों को परिपूर्णता से जीना चाहिए अपना जीवन : द्रौपदी मुर्मू

क्योंझर (ओडिशा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि आदिवासियों को सरकार और समाज के सहयोग से अपना जीवन परिपूर्णता से जीना चाहिए। मुर्मू ने ओडिशा के क्योंझर जिले के गोनासिका में पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) जुआंग जनजाति के लोगों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। राष्ट्रपति ने बातचीत के दौरान सभी पुरुष और महिलाओं से कहा कि उड़िया में एक कहावत है कि 'ढोके पी, दांडे जी' (एक बूंद पियें और थोड़ी देर जियें)। लेकिन, हम आदिवासी अब एक बूंद भी नहीं पियेंगे, हमें परिपूर्णता से जीवन जीना चाहिए, कुछ देर के लिए नहीं। राज्य में अपनी चार दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन मुर्मू क्योंझर जिले में पहुंची और वहां उन्होंने जुआंग जनजाति के पुरुष और महिलाओं से बातचीत की, और आदिवासियों की शिक्षा, प्रशिक्षण, रोजगार और स्वास्थ्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि आदिवासी आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो जाएं तो वे आत्मनिर्भर हो सकते हैं। राष्ट्रपति ने वहां उपस्थित लोगों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि आदिवासी बच्चे अपनी पढ़ाई बीच में ना छोड़ें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह पढ़ाई छोड़ने वाले आदिवासी बच्चों की पहचान करें और उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करें। मुर्मू ने जिलाधिकारियों से बेरोजगार आदिवासी युवाओं को सहयोग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि उनके प्रशिक्षण के बाद आदिवासियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि वे सम्मान के साथ अपनी आजीविका कमा सकें। उन्होंने जनजातीय सभा से विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होने और उनका लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी लोग अब 2029 तक मुफ्त चावल पाने के हकदार हैं और किसी को अगले पांच वर्ष तक भोजन के बारे में चिंतित नहीं होना चाहिए।

एमपी के डिंडौरी में पिकअप पलटी, 14 की मौत

- 20 घायल, टर्निंग पर अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में गिरा वाहन

डिंडौरी। डिंडौरी में एक पिकअप वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई। 20 लोग घायल हैं। वाहन में 35 लोग सवार थे। हादसा शहपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के तीन से चार बजे के बीच हुआ। मृतकों में 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। सभी की उम्र 16 से 60 वर्ष के बीच है। इनमें सात लोग अम्हाई देवरी के हैं। दो पोंडी और एक-एक शव धमनी व सजनिया ले जाए गए हैं। पुलिस ने पिकअप ड्राइवर अजमेर टेकाम निवासी करोंदी को हिरासत में ले लिया है। पिकअप अजमेर की पत्नी के नाम रजिस्टर्ड है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने बताया कि पिकअप अमाही देवरी गांव से मंडला जिले के मसूर घुघरी गांव गई थी। लौटते समय एक टर्निंग पर पिकअप पलटी और 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि वाहन का बीमा और फिटनेस एक्सपायर हो चुका था। पिकअप वाहन माल ढोने के काम आता है। इससे सवारी ढोने की अनुमति नहीं होती है। बालाघाट डीआईजी मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने मौका मुआयना किया। उन्होंने कहा कि वैधानिक कार्रवाई जारी है। मृतकों के परिजन को 4.70 लाख, **घायलों को 1.50 लाख की सहायता:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन और घायलों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की। इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, कठिन समय में मदद करना हमारा फर्ज बनता है। मृतकों के परिजन को 4-4 लाख और घायलों को 1-1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जांच के बाद क्लियर होगा कि ड्राइवर ने दारू पी थी या नहीं। ये उसका निजी वाहन है। इसमें उसके परिवार के लोगों को ही बैठाया गया था। कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों से मिलीं। उईके ने कहा कि मृतकों के परिजन को जिला प्रशासन की ओर से 20-20 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

चुनावों में पूर्ण जन-भागीदारी को सुनिश्चित करेगा कैट

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों में पूर्ण जन-भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए इस बार कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) भी चुनाव आयोग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। कैट से जुड़े करीब 48000 व्यापारिक संगठन, जिनके साथ नौ करोड़ से अधिक छोटे-बड़े कारोबारी काम कर रहे हैं, वे लोकसभा चुनाव में अपने सक्रिय सहयोग के द्वारा वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापारियों के सहयोग की पेशकश पर कैट ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र भेजा है। इसमें व्यापारी संगठनों के सक्रिय सहयोग द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग देने की पेशकश की गई है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया, दिल्ली में 3500 तो देश भर में लगभग 48 हजार से अधिक व्यापारी संगठन कार्य कर रहे हैं। ये संगठन, देश भर में लगभग 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। देश के घरेलू व्यापार में लगभग 25 करोड़ लोग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार पाते हैं। इस बड़े नेटवर्क की पहुंच देश के हर हिस्से तक है। यह व्यापारिक समुदाय, देश की सामाजिक-आर्थिक संरचना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी वजह से कैट ने चुनाव आयोग को, व्यापारियों के सहयोग का प्रस्ताव दिया है।

दबंगों से परेशान दलित ने घर पर लगाये मकान बिकाऊ के पोस्टर

- इंसाफ नहीं मिला तो एसपी आफिस के समक्ष धरना देगा परिवार

बिसवाँ-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। दबंगों और इलाकाई पुलिस से परेशान हो चुके दलित परिवार ने अपने घर के बाहर मकान बिकाऊ है का पोस्टर लगाकर गांव से पलायन करने का फैसला लिया है। दलित परिवार का कहना है कि यदि उसे इंसाफ नही मिला तो वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ जायेगा। बिसवां तहसील क्षेत्र के ग्राम हुलासपुरवा मजरा जनुआ निवासी कामता पुत्र छैलू का कहना है कि उसका मकान गाटा संख्या 24 आबादी में बना हुआ है। इसी आबादी में पूरे गांव के लोग भी अपना घर बनाये हुए हैं। कामता का कहना है कि जमीन पर कब्जे को लेकर गांव के ही दिनेश पुत्र गुरुदीन, रमाकान्त, श्रीकान्त एवं कृष्ण कान्त पुत्रगण राम औतार से विवाद चल रहा है। मामला सिविल जज जूनियर डिवीजन बिसवां की अदालत में विचाराधीन है। न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के बावजूद भी पुलिस द्वारा हर हफ्ते घर जाकर उसे ही परेशान किया जा रहा है। इतना ही नहीं पुलिस द्वारा शांतिभंग की आशंका के बावजूद भी दोनों पक्षों को पाबंद नही किया गया है। कामता का कहना है कि उसके विरोधियों के इशारे पर क्षेत्रीय पुलिस उसके परिवार को आये दिन परेशान करती है। विपक्षी उसे जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए प्रताड़ित करते हैं। वह दबंगों की प्रताड़ना के चलते गांव से पलायन करने का मन बना चुका है। उसने घर के बाहर मकान बिकाऊ है के पोस्टर लगाकर ग्राहकों की तलाश कर रहा है। उसने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर दबंगों से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि वह परिवार के साथ एसपी आफिस के समक्ष अनिश्चित काल के लिये धरने पर बैठ जायेगा।

डीआरडीओ ने वायु रक्षा प्रणाली मिसाइल का किया परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन(डीआरडीओ) ने 28 और 29 फरवरी 2024 को ओडिशा में चांदीपुर के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज से बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली मिसाइल के दो सफल उड़ान परीक्षण किए। ये दोनों परीक्षण जमीन से संचालित किये जाने वाले हल्के तथा सचल प्रक्षेपक से किये गए। ये परीक्षण विभिन्न अवरोधन परिदृश्यों के तहत उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया। इसके तहत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करते हुए लक्ष्यों को मिसाइलों द्वारा अवरुद्ध किया और फिर उन्हें नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली की मिसाइल एक मानवीय स्तर पर कहीं पर भी ले जाने में सक्षम वायु रक्षा प्रणाली है, जिसे डीआरडीओ के अन्य प्रयोगशालाओं तथा भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से रिसर्च सेंटर इमारतद्वारा स्वदेशी रूप से तैयार और विकसित किया गया है। इस बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली की मिसाइल में अल्प प्रतिक्रिया वाली नियंत्रण प्रणाली और एकीकृत वैमानिकी सहित कई नवीन तकनीकों को शामिल किया गया है, जो परीक्षणों के दौरान सफलतापूर्वक लाभदायक साबित हुई हैं।

परिवार न्यायालय भवन के लिये भूमि चिन्हित

- नैपालापुर के भवन में संचालित होगी फैमिली कोर्ट

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। परिवार न्यायालय की नई इमारत बनाने के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। परिवार न्यायालय शहर से सटे नैपालापुर के भवन में संचालित होगा। इसके लिए करीब सात बीघा भूमि चिन्हित की गई है। हाईकोर्ट की टीम द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसे मंजूरी मिली थी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर सदर तहसील प्रशासन ने परिवार न्यायालय को लेकर करीब सात बीघा भूमि पर निर्माण कराये जाने को लेकर अपनी रिपोर्ट भेज दी है। परिवार न्यायालय अधिनियम 1994 के तहत प्रत्येक जिले में परिवार न्यायालय की स्थापना की गई। न्यायालय में परिवारों में होने वाले विवादों जिसमें तलाक, ज्यूडिशल सेपेरेशन, दांपत्य जीवन की पुर्नस्थापना, भरण पोषण, बच्चे की कस्टडी, पति-पत्नी के बीच होने वाले संपत्ति विवाद और पारिवारिक विवाद निपटाए जाते हैं। वर्तमान में इस परिवार न्यायालय का संचालन जिला न्यायालय परिसर में किया जा रहा है। लेकिन अब परिवार न्यायालय के लिए नई इमारत बनाने की कवायद तेज हो गई है। इस कोर्ट में वादकारियों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। न्यायालय परिसर के आसपास भूमि न होने के कारण जिला मुख्यालय के करीब भूमि की तलाश की जा रही थी। जनपद न्यायाधीश के आदेश पर तहसील सदर की गठित राजस्व विभाग की टीम ने भूमि तलाशने का काम पूरा कर लिया है।

समझौता करवाने की प्राथमिकता

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। परिवार न्यायालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पक्षकारों के मध्य समझौता करवाने और परिवारों को टूटने से बचाना है। जब भी कोई तलाक से संबधित मामला प्रस्तुत किया जाता है, तो सबसे पहले न्यायालय द्वारा पक्षकारों में समझौता करवाने का प्रयास किया जाता है। पक्षकारों में किसी प्रकार का समझौता होने की संभावना खत्म हो जाने के बाद ही न्यायाधीश तलाक की कार्रवाई प्रारंभ करते हैं।

उपराज्यपाल ने अधिकारियों को बस मार्शल योजना रोकने के लिए कहा : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने अधिकारियों से बस मार्शल योजना सहित राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को रोकने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री के इस आरोप पर उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और क्लस्टर बस में मार्शल के रूप में तैनात नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवियों को हटाने के मुद्दे पर दिल्ली विधानसभा में केजरीवाल ने कहा कि यह योजना 2015 से 2022 तक सुचारू रूप से चली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के वादे के साथ 2015 में सरकार बनाई थी। हमने पांच साल में सीसीटीवी कैमरे लगाए, अंधेरे वाले स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाईं और बसों में सीसीटीवी कैमरे और 'पैनिक बटन' लगाए तथा मार्शल तैनात किए।

बीडीओ ने मनरेगा कार्यों का लिया स्थलीय जायजा

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुयोडीडीह में मनरेगा के कार्यों में हो रही धांधली की जानकारी मिलने के बाद खंड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ला मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता को लेकर जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। बीडीओ ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा।

गुणवत्ता मामले में लापरवाही मिली तो जिम्मेदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की ही हाजिरी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने आगाह किया कि काम में अनियमितता मिलने पर कठोर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान एपीओ मनरेगा अभिषेक सिंह समेत ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

बताते चले कि बुधवार को स्पष्ट आवाज ने प्रधान व कर्मियों के लिए दुधारू गाय बनी मनरेगा योजना शीर्षक से खबर का प्रमुखता से प्रकाशन किया था। खबर का संज्ञान लेते हुए बीडीओ रजनीश शुक्ला गांव पहुंचे और जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पुराने रूतबे में लौटे राकेश, माँ ललिता दरबार में टेका माथा

- सड़कों पर निकला कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार का काफिला
- गठबंधन से टिकट चाह रहे लोगों की बढ़ी धड़कने
- सीतापुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं राकेश राठौर

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पूर्व विधायक राकेश राठौर परिवार सहित बुधवार को तीर्थ नगरी नैमिषारण्य पहुंचे। यहां उन्होंने माँ ललिता व हनुमान गढ़ी में माथा टेकने के बाद लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर खुद की मजबूत दावेदारी ठोक दी है। राकेश कुनबा उत्साह से लबरेज भी दिख रहा है। पुराने रूतबे के साथ राकेश राठौर वाहनों के काफ्लि के साथ सड़कों पर निकले।

कांग्रेस के खाते में गई सीतापुर लोकसभा सीट पर राकेश राठौर का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है, हालांकि उनके अलावा आठ अन्य लोग गठबंधन का टिकट चाहते हैं। राकेश राठौर का दावा है कि यदि नेतृत्व का आदेश हुआ तो वह मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और सीतापुर की सीट कांग्रेस के खाते में जायेगी। वर्ष 2017 का विधान सभा चुनाव भाजपा के टिकट पर जीतने वाले पूर्व विधायक राकेश राठौर ने अपना सियासी जीवन कांग्रेस से शुरू किया था। जीवन की पहली पाठशाला से सियासत का ककरहा सीखने के बाद उन्होंने दलित, शोषित, वंचितों के लिए आवाज उठाना शुरू किया। वर्ष 1988 में राकेश राठौर युवा राजनीति कर रहे थे। उस वक्त पं. रामगोपाल मिश्रा के साथ मिल कर उन्होंने सियासी पारी का आगाज किया था। 1989 में जनता दल की सरकार आने के बाद मुलायम सिंह यादव यूपी के मुख्यमंत्री बने और सीतापुर के मुख्तार अनीस को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया। उस वक्त राकेश राठौर जनता दल में शामिल हुए और युवा जनता दल के जिलाध्यक्ष बने। 1994 तक राकेश राठौर की सियासी सक्रियता सुर्खिया बटोरती रही, पर अपेक्षित सफलता न मिलने के कारण वर्ष 1995 से 2005 तक राकेश राठौर सियासत में निष्क्रिय भूमिका निभाते रहे। वर्ष 2005 में उन्होंने बसपा की ओर रूख किया और सदर विधान सभा सीट के लिए कड़ी मेहनत शुरू की। 2007 का चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा और सपा उम्मीदवार राधेश्याम जायसवाल से महज 1246 वोटों से चुनाव हार गये। विधान सभा चुनाव में मिली हार के बाद राकेश कुछ समय के लिए फिर निष्क्रिय हुए, लेकिन वर्ष 2017 में उन्हें भाजपा का टिकट मिला और वह 98 हजार के करीब वोट पाकर लंबे अंतराल से चुनाव जीत गये। अपनी विचारधारा से सियासत करने वाले राकेश राठौर भाजपा सरकार के साथ खुद को समायोजित नहीं कर पाये और विरोध में आवाज उठानी शुरू कर दी। नतीजा यह हुआ कि सत्ता पक्ष के विधायक रहते हुए भी सरकार से दूरी बनी रही। 2022 का चुनाव आने के छह माह पूर्व उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये, उम्मीद थी कि सपा उन्हें 2022 के विधान सभा चुनाव में सदर सीट पर टिकट देगी पर ऐसा नहीं हुआ। सपा मुखिया ने अपने पुराने धुरंधर पर विश्वास जताया और राकेश राठौर को यह कह कर मना लिया कि वह उन्हें नगर पालिका का चुनाव लड़ायेंगे। विधान सभा चुनाव में सपा उम्मीदवार को मोदी-योगी आंधी ने पीछे ढकेल दिया और भाजपा के उनके नामाराशि उम्मीदवार ने चुनाव जीत लिया। 2023 में निकाय चुनाव आये तो पूर्व विधायक राकेश राठौर के साथ सपा ने नाटकीय खेल किया। वादे के मुताबिक टिकट देने की गारंटी देते रहे पर नामांकन के अंतिम दिन राधेश्याम जायसवाल को पहले पार्टी सिंबल का एबी फार्म दे दिया, जबकि कुछ क्षणों बाद राकेश राठौर की पत्नी नीलकमल राठौर को भी सिंबल का एबी फार्म दे दिया। राधेश्याम जायसवाल पहले रिटर्निंग आफीसर के समक्ष पहुंच गये और वकीलों के साथ अपनी बहू रश्मि जायसवाल का नामांकन दाखिल करा दिया।

सपा से मिली इस बेवफाई ने राकेश राठौर को अंदर तक तोड़ दिया, उन्होंने सपा उम्मीदवार के खिलाफ निर्दल चुनाव लड़ने की ताल ठोक दी। राकेश राठौर निकाय चुनाव भले ही अपनी पत्नी को जिता न पाये हो, लेकिन 12 हजार से अधिक वोट पाकर उन्होंने सपा उम्मीदवार को हार का स्वाद चखा दिया। अपनी ही विचारधारा से सियासत करने वाले राकेश राठौर निकाय चुनाव के बाद कांग्रेस में शामिल हुए और उम्मीद जताई जाने लगी थी कि यदि लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन हुआ और सीतापुर की सीट कांग्रेस के खाते में गई तो राकेश राठौर को फायदा मिल सकता है। हालात वहीं बने और राकेश राठौर ने दमदारी के साथ कांग्रेस उम्मीदवार के तौर दावेदारी ठोक दी है। सियासी सूत्रों के मुताबिक माना भी यही जा रहा है कि राकेश राठौर कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं।